RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 343
नई दिल्ली, सोमवार, 24 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित


# पायनियर





विराट की पारी भारत के लिए भी सर्वश्रेष्ठ
स्पोर्ट्स-12


www.dailypioneer.com

# सोनिया के नेतृत्व वाले दो एनजीओ के एफसीआरए लाइसेंस किए रद्द

## दीवाली पर कांग्रेस को झटका, राजीव गांधी फाउंडेशन और राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट अब नहीं ले सकेंगे विदेशी चंदा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- भाजपा वर्षों से लगाती रही है दोनों संगठनों पर चंदे में अनियमितताओं समेत कई आरोप

**दीवाली** के मौके पर केंद्र सरकार ने कांग्रेस को तगड़ा झटका देते हुए सोनिया गांधी के नेतृत्व वाले दो गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ)-राजीव गांधी फाउंडेशन (आरजीएफ) और राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट (आरजीसीटी) का विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) लाइसेंस कानून के उल्लंघन के आरोप में निरस्त कर दिया है। अब ये दोनों ही संगठन विदेशी चंदा स्वीकार नहीं कर सकेंगे।

गृह मंत्रालय द्वारा 2020 में गठित एक अंतर-मंत्रालयी समिति की जांच के बाद यह कार्रवाई की गई है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि राजीव गांधी फाउंडेशन और राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट के खिलाफ जांच के बाद उनका एफसीआरए लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। इस संबंध में दोनों ही संगठनों को नोटिस पहले ही भेज दिया गया था। जांचकर्ताओं ने चीन सहित विदेशों से धन प्राप्त करते समय धनधोशन करने, निधि के दुरुपयोग और आयकर रिटर्न दाखिल करते समय दस्तावेजों के हेरफेर के आरोपों की जांच की है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी आरजीएफ और आरजीसीटी की अध्यक्ष हैं। आरजीएफ के अन्य न्यासियों में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम, कांग्रेस के नेता एवं सांसद राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, मोंटेक सिंह अहलूवालिया, सुमन दुबे और अशोक गांगुली शामिल हैं। आरजीसीटी के न्यासियों में राहुल गांधी, अशोक गांगुली, बंसी मेहता और दीप जोशी शामिल हैं। आरजीएफ की वेबसाइट के अनुसार, इसकी स्थापना 1991 में हुई थी। आरजीएफ ने 1991 से 2009 तक महिलाओं, बच्चों और अक्षम लोगों को मदद देने के अलावा स्वास्थ्य,



विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और शिक्षा क्षेत्र सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में काम किया। देश के वंचित तबके के लोगों, खासकर गांवों में रहने वाले गरीबों के विकास की आवश्यकता को पूरा करने के लिए 2002 में आरजीसीटी की स्थापना की गई थी।

आरजीसीटी की वेबसाइट के अनुसार, यह देश के सबसे कम विकसित राज्यों में शामिल उत्तर प्रदेश के अलावा हरियाणा में दो विकास पहलों- राजीव गांधी महिला विकास परियोजना (आरजीएमवीपी) और इंदिरा गांधी नेत्र अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (आईजीईएचआरसी) के माध्यम से काम करता है। आरजीएफ और आरजीसीटी, दोनों का कार्यालय नई दिल्ली में संसद परिसर के निकट राजेंद्र प्रसाद रोड के पास जवाहर भवन में है। गृह मंत्रालय ने जुलाई 2020 में धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), आयकर अधिनियम और एफसीआरए के संभावित उल्लंघन की जांच के लिए एक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अधिकारी की (शेष पेज 8)

### मुख्य मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने का प्रयास : कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने राजीव गांधी फाउंडेशन (आरजीएफ) और राहुल गांधी चैरिटबल ट्रस्ट (आरजीसीटी) के खिलाफ कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह कार्रवाई देश के मुख्य मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए की गई है। कांग्रेस की यह टिप्पणी सोनिया गांधी के नेतृत्व वाले संगठनों- आरजीएफ और आरजीसीटी- को कानून के कथित उल्लंघन के लिए विदेशी चंदा नियमन अधिनियम (एफआरसीए) लाइसेंस केंद्र सरकार द्वारा रद्द करने की घटना के बाद आई है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि केंद्र सरकार ने आरजीएफ और आरजीसीटी के खिलाफ पुराने आरोप दोहराए हैं। ऐसा कांग्रेस को बदनाम करने तथा लोगों का ध्यान दैनिक मुद्दों से हटाने के लिए किया गया है। रमेश ने कहा कि आसमान छूती कीमतों, बेरोजगारी और (डॉलर के मुकाबले) रुपए के गिरने की वजह से देश की अर्थव्यवस्था गहरे संकट में है, साथ ही नफरती भाषण एवं विभाजनकारी राजनीति से लोग उब चुके हैं। कांग्रेस नेता और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी केंद्र सरकार के इस कदम की निंदा करते हुए कहा कि आरजीएफ और आरजीसीटी के एफसीआरए लाइसेंस रद्द करना मोदी सरकार के राजनीतिक द्वेष का प्रतीक है।

# केरल के राज्यपाल ने नौ कुलपतियों से इस्तीफा मांगा

- आरिफ मोहम्मद खान ने सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश का हवाला देते आज सुबह तक त्याग पत्र देने को कहा
- राज्य सरकार और राज्यपाल के बीच तकरार और बढ़ने के आसार

**कुमार चेलप्पन।** कोच्चि

**केरल** के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने रविवार शाम राज्य के अंतर्गत आने वाले नौ विश्वविद्यालयों के नौ कुलपतियों से इस्तीफा मांगते हुए निर्देश दिया है कि वे अपना त्यागपत्र सोमवार सुबह 11.30 बजे तक सौंप दें। जाहिर है कि इस अभूतपूर्व कदम से राजभवन और राज्य सरकार के बीच चल रही तकरार और बढ़ जाएगी।

राज्यपाल के खिलाफ माकपा द्वारा राज्यव्यापी प्रदर्शन का ऐलान किए जाने के कुछ घंटों बाद राज्यपाल के सोशल मीडिया हैंडल के जरिये यह निर्देश जारी किया गया। राज्यपाल ने अपने निर्देश में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नियमों के विपरीत



एपीजे अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति को रद्द करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश का हवाला दिया है। केरल राजभवन ने ट्वीट में कहा कि नौ कुलपतियों में एपीजे अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति भी शामिल हैं।

विश्वविद्यालयों के नामों की एक सूची के साथ ट्वीट में कहा गया, '2022 की सिविल अपील संख्या 7634-7635, 2021 की (एसएलपी (सी) संख्या 21108-21109) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 21.10.22 के फैसले को बरकरार रखते हुए, माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान ने नौ विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को इस्तीफा देने का निर्देश दिया है: पीआरओ, केरल राजभवन।' राजभवन ने कहा कि खान ने यह भी निर्देश दिया कि इस्तीफे सोमवार को सुबह 11.30 बजे तक उनके पास पहुंच जाएं। शीर्ष अदालत ने एपीजे अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. राजश्री एमएस की नियुक्ति को यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अनुसार, राज्य द्वारा गठित खोज समिति को कुलपति पद के लिए इंजीनियरिंग विज्ञान क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोगों के बीच से कम से कम तीन उपयुक्त व्यक्तियों के एक पैनल की सिफारिश करनी चाहिए थी, लेकिन इसके बजाय उसने केवल एक ही नाम भेजा।

राज्यपाल निर्देश के बाद सरकार के पास अदालत में भी जाने का समय नहीं है क्योंकि सोमवार को दिवाली है और यह दिन छुट्टी का होता है। शनिवार को एर्नाकुलम में एक संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि संविधान के साथ साथ सुप्रीम कोर्ट ने भी राज्यपाल की भूमिका को साफ कर दिया है। कुलपतियों को राज्यपाल द्वारा भेजे गए निर्देश पर माकपा प्रदेश सचिव एमवी गोविंदन इसे बेसिरपैर वाला फैसला करार दिया। गोविंदन ने कहा ' भाजपा अच्छी तरह से जानती है कि वह 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को हारने जा रही है और पार्टी भारत में कभी सत्ता में नहीं आएगी।' उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी अब (शेष पेज 8)

## अवकाश सूचना




**दीपावली** के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में दिनांक 24 अक्टूबर 2022 और 25 अक्टूबर 2022 को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 27 अक्टूबर 2022 को प्रकाशित होगा।

# देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी भगवान राम जैसी संकल्प शक्ति: मोदी

- अयोध्या के दीपोत्सव में पहुंचे प्रधानमंत्री, भगवान राम को बताया सबका साथ, सबका विकास का प्रेरणास्रोत

**पायनियर समाचार सेवा।** अयोध्या





रामनगरी अयोध्या में रविवार को दीपोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। दूसरी ओर लाखों दीयों से जगमग सरयू नदी का तट राम की पैड़ी

**अयोध्या** में चल रहे छठे दीपोत्सव में पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामलला के दर्शन पूजन और बन रहे भव्य मंदिर के निरीक्षण के बाद राम कथा पार्क पहुंचे जहां प्रभु श्री राम के स्वरूप का अभिषेक करते हुए उन्होंने कहा रामलला के दर्शन, राजाराम का अभिषेक भगवान श्री राम के कृपा से ही हो सकता है।

श्री राम का अभिषेक राम के कर्तव्य मूल्यों को और दृढ़ करता है। बड़े ही सौभाग्य से यह अवसर किसी को भी मिलता है। आजादी के इस अमृतकाल में भगवान राम जैसी संकल्पशक्ति देश को नई ऊंचाई पर ले जाएगी। भगवान राम ने अपने वचनों में, अपने विचारों में, अपने शासन में, अपने प्रशासन में जिन मूल्यों को गढ़ा वो सबका साथ सबका विकास की प्रेरणा हैं और सबका विश्वास-सबका प्रयास ही आधार है। प्रधानमंत्री ने राम की पैड़ी पर प्रथम दीप जला कर अयोध्या में दीपोत्सव का शुभारंभ किया। मोदी ने कहा कि अयोध्या के रज-रज में कण-कण में भगवान श्री राम के दर्शन होते हैं और वह समाहित हैं। यही कारण है कि अयोध्या के नागरिकों का कर्तव्य दोगुना हो जाता है क्योंकि आने वाले समय में अयोध्या में पूरे विश्व से नागरिक आएंगे और उनको अपनत्व का भाव हो, यह सभी अयोध्यावासियों का कर्तव्य होना चाहिए।

मोदी ने कहा कि हमारे संविधान के उस पन्ने पर जहां नागरिकों के कर्तव्य का निर्धारण किया गया है, उसी पर भगवान श्रीराम, माता जानकी और लक्ष्मण का चित्र है जो हमारे जीवन मूल्यों को दृढ़ करता है क्योंकि प्रभु श्रीराम जिस समय , जिस भाव में थे, (शेष पेज 8)

### लाखों दीपों से जगमगाई प्रभु श्रीराम की नगरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, अयोध्या

- गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ नाम

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की अयोध्या के प्रति प्रतिबद्धता ने एक बार फिर इस प्राचीन नगरी को वैश्विक रिकॉर्ड सूची में दर्ज कराया। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश सरकार के इस भव्य दीपोत्सव को देखा-परखा और अंतत: एक साथ एक स्थान पर इतनी बड़ी संख्या में दीप प्रज्ज्वलन को नवीन विश्व कीर्तिमान का दर्जा दिया। कीर्तिमान रचने में अवध विवि अयोध्या के शिक्षकों व छात्रों की बड़ी भूमिका रही। दीप प्रज्ज्वलन का नियत समय शुरू होते ही श्री राम जय राम जय जय राम के जाप के साथ एक-एक कर 15.76 लाख दीप जलाए गए। गिनीज बुक (शेष पेज 8)

# दिल्ली में आज प्रदूषण पहुंच सकता है खतरनाक स्तर पर

- राजधानी में दिवाली से एक दिन पहले एक्यूआई 265 दर्ज किया गया, एक दिन बाद होती है बहुत बुरी स्थिति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजधानी** दिल्ली में रविवार को वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में रही। यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 259 दर्ज किया गया। दिवाली के दिन पटाखों के कारण यह खतरनाक श्रेणी में पहुंच सकता है। हवा की गति के कारण पराली का धुआं भी दिल्ली की तरफ आ रहा है। इसका भी असर देखने को मिलेगा।

हालांकि सकारात्मक पहलू यह है कि रविवार को दर्ज एक्यूआई 259 पिछले सात साल में दिवाली से एक दिन पहले सबसे कम रहा। यह जानकारी केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़े से मिली। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 को 'संतोषजनक', 101 से 200 को 'मध्यम', 200 से 300 को 'खराब', 301 से (शेष पेज 8)

### पराली न जलाने वाले गांवों को एक लाख देंगे पंजाब विस अध्यक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**पंजाब** के विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां ने रविवार को घोषणा की कि वह अपने विधानसभा क्षेत्र की हर उस ग्राम पंचायत को एक लाख रुपए देंगे जहां किसान पराली जलाना छोड़ देंगे। रविवार को यहां एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि यह राशि उनके विवेकाधीन कोटे से दी जाएगी। आप विधायक संधवां कोटकपूरा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। संधवां ने कहा कि धान की पराली को जलाने से पर्यावरण पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | 59,307 | |
| निफ्टी | 17,576 | |
| सोना | 50,139 | /10g |
| चांदी | 56,089 | /kg |

## क्विक न्यूज

### एलवीएम3-एम2 का सफल प्रक्षेपण कर इतिहास रचा

**श्रीहरिकोटा/बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सबसे भारी रॉकेट एलवीएम3-एम2 ने रविवार अपने पहले वाणिज्यिक मिशन के तहत ब्रिटेन की कंपनी के 36 ब्रॉडबैंड संचार उपग्रहों को सफलतापूर्वक निर्धारित कक्षाओं में स्थापित कर दिया। इसरो ने इसे ऐतिहासिक मिशन करार दिया है। ब्रिटेन की कंपनी वनवेब लिमिटेड ने इस मिशन के लिए इसरो की वाणिज्यिक शाखा न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) के साथ करार किया था। (विस्तृत पेज 9)

### रुश्दी जीवित लेकिन आंख की रोशनी गई, हाथ अक्षम

**न्यूयॉर्क।** सलमान रुश्दी के साहित्यिक एजेंट का कहना है कि पश्चिमी न्यूयॉर्क में अगस्त में एक साहित्यिक कार्यक्रम में मंच पर पहुंचे एक व्यक्ति के हमले से उबरने के बाद लेखक की एक आंख की रोशनी चली गई और हाथ अक्षम हो गया। मीडिया की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। साहित्यिक एजेंट एंड्रयू वायली ने शनिवार को प्रकाशित एक लेख में स्पेनिश भाषा के समाचार पत्र एल पेस को बताया कि हमले में रुश्दी की गर्दन पर तीन गंभीर घाव और उनकी छाती तथा धड़ पर 15 घाव हुए। उनकी एक आंख की दृष्टि चली गई और एक हाथ अक्षम हो गया। रुश्दी (75) के उपन्यास द सैटेनिक वर्सेज के प्रकाशन के बाद ईरान के अयातुल्ला खामनेई ने 1989 में उनके खिलाफ फतवा जारी किया था। इस वजह से रुश्दी ने कई वर्ष छिपकर गुजारे। हालांकि पिछले दो दशकों में, उन्होंने स्वतंत्र रूप से यात्रा की है।

# चिनफिंग ने रचा इतिहास, सत्ता में रिकॉर्ड तीसरी बार वापसी

- पांच साल के कार्यकाल के लिए सीपीसी का महासचिव चुना गया

**भाषा।** बीजिंग

**चीन** के राष्ट्रपति शी चिनफिंग को पांच साल के कार्यकाल के लिए रविवार को रिकार्ड तीसरी बार कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) का महासचिव चुना गया और इसी के साथ उन्होंने इतिहास रच दिया। वह पार्टी संस्थापक माओ त्से तुंग के बाद सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के ऐसे पहले नेता हैं, जिन्हें तीसरा कार्यकाल मिला है।

ऐसी संभावना जताई जा रही है कि वह जीवन पर्यंत चीन में सत्ता पर काबिज रहेंगे। शी (69) को केंद्रीय




बीजिंग में सीपीसी की बैठक में बोलते चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग

समिति ने रविवार सुबह महासचिव चुना। पांच साल में एक बार होने वाले महासम्मेलन (कांग्रेस) में एक दिन पहले इस समिति का गठन किया गया था। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, चिनफिंग को रविवार को आयोजित समिति के पहले पूर्ण सत्र में सीपीसी की 20वीं केंद्रीय समिति का महासचिव चुना गया।

चिनफिंग की अध्यक्षता वाले सत्र में सीपीसी केंद्रीय समिति के 203 सदस्यों और 168 वैकल्पिक सदस्यों ने भाग लिया। चिनफिंग को सत्र में (शेष पेज 8)

# भारत ने पाकिस्तान पर दर्ज की विराट जीत

**दीवाली पर उपहार**

- पूर्व कप्तान की ताबड़तोड़ नाबाद पारी ने पाक के जबड़े से छीना मैच

**भाषा।** मेलबर्न

**पल** पल बदलते मैच के समीकरण, हर गेंद पर तनाव और सरहद के आर पार थमी हुई सांसें। आखिरकर विराट कोहली का बल्ला शाहीन शाह अफरीदी एंड कंपनी पर भारी पड़ा और उन्होंने टी20 विश्व कप के पहले मैच में पाकिस्तान पर भारत को चार विकेट से रोमांचक जीत दिलाकर देश को दीवाली का यादगार तोहफा दिया।

जीत के लिए 160 रन के लक्ष्य के जवाब में भारत की शुरुआत बेहद खराब रही लेकिन कोहली ने अकेले 53 गेंद में छह चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 82 रन की



पाकिस्तान को हराने के बाद अपार प्रसन्नता व्यक्त करते विराट कोहली

आतिशी पारी खेलकर दीवाली से एक दिन पहले ही पूरे भारत में जश्न की शुरूआत कर दी। भारतीय टीम को आखिरी दो ओवरों में 31 रन की जरूरत थी। हारिस रऊफ के डाले 19वें ओवर की आखिरी दो गेंदों पर कोहली ने दो छक्के लगाए जिससे आखिरी ओवर में लक्ष्य 16 रन का रह गया। पहली ही गेंद पर हार्दिक पंड्या को मोहम्मद नवाज ने आउट कर दिया। दूसरी गेंद पर दिनेश कार्तिक ने एक और तीसरी गेंद पर कोहली ने दो रन निकाले।

चौथी गेंद नोबॉल रही जिस पर कोहली ने छक्का जड़ दिया। अब तीन गेंद में छह रन चाहिए थे। अगली गेंद वाइड रही जिसके बाद बाई के तीन रन बने लेकिन पांचवीं गेंद पर कार्तिक आउट हो गए। आखिरी गेंद पर एक रन लेकर आर अश्विन ने टीम को जीत दिलाई। इससे पहले भारत की शुरुआत बेहद खराब रही और सातवें ओवर में 31 रन के स्कोर पर उसके चार बल्लेबाज पवेलियन में थे। के एल राहुल और रोहित शर्मा क्रमश: चार चार रन बनाकर नसीम शाह और रऊफ का शिकार हुए।

भारत के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव (15) को भी रऊफ ने पवेलियन भेजा जबकि अक्षर पटेल दो रन बनाकर रन आउट हो गए। पंड्या ने 37 गेंद में 40 रन की धीमी पारी खेली लेकिन कोहली के साथ 113 रन की साझेदारी की। पाकिस्तान के नंबर एक तेज गेंदबाज शाहीन शाह ने आठ ओवर में 34 रन दिए लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिली। इससे पहले अर्शदीप सिंह और पंड्या की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर भारत ने पाकिस्तान को आठ विकेट पर 159 रन पर रोक दिया। अर्शदीप ने चार ओवर में 32 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने पहले दो ओवर में (शेष पेज 8)

# रंगबिरंगी रोशनी में नहाया शहर





## 475 पोल पर तिरंगा और 98 स्पॉट पर लगाई गईं लाइट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शहर को लाइटिंग से सजाने का काम एक बार फिर नोएडा प्राधिकरण ने शुरू कर दिया है। प्राधिकरण ने 475 पोल पर नई तिरंगा लाइटें लगा दी गई हैं। इसके अलावा 98 फसाड लाइट लगाई गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि 1150 पोल पर स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि जिन जगह तिरंगा लाइट लगाई गई हैं।

उनमें मुख्य रूप से सेक्टर.105 से 108 के बीच सेक्टर-82 फ्लाईओवर पर 50, सेक्टर-11 से 54 के बीच 30, गोल्फ कोर्स, सेक्टर-37 फ्लाईओवर, महामाया फ्लाईओवर, महामाया फ्लाईओवर से बॉटनिकल गार्डन, सेक्टर.71 अंडरपास, सेक्टर.51 से 76 मेट्रो स्टेशन, सिटी सेंटर अंडरपास, जेपी फ्लाईओवर से सेक्टर.168 तक 50 सहित कई अन्य जगह तिरंगा लाइट लगाने का काम पूरा कर लिया गया है। नोएडा प्राधिकरण के डीजीएम राजेश कुमार ने बताया कि सेक्टर-18 अंडरपास में 30 अतिरिक्त फसाड लाइट, डीएनडी फ्लाईओवर के नीचे 44 नईए एक्सप्रेस वे पर मयूर विहार बार्डर से ग्रेटर नोएडा तक रंगीन लाइट और सेक्टर.18 कार पार्किंग में भी फसाड लाइट लगाने का निर्णय लिया है। डीजीएम ने बताया कि 1150 पोल पर नई स्ट्रीट लाइट लगाई गई हैं। सेक्टर-105, 93बी, 82, 92, ककराला, सलारपुर, शहदरा व याकुबपूर में 83 नई अतिरिक्त, सेक्टर.115 से 116 ग्रीन बेल्ट, सेक्टर-130, 127, 94, 128, 150, 132, डीएनडी फ्लाईओवर, बख्तावरपुर गांव सहित अन्य लाइट लगाई गई हैं।

## गौतमबुद्ध नगर में त्यौहारों को लेकर अलर्ट दिखी नोएडा पुलिस

● थाना सेक्टर 20 में पुसिकर्मियों ने पैदल मार्च कर लोगों से बातचीत की



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

त्योहारों को लेकर नोएडा पुलिस के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पैदल मार्च किया जा रहा है। इसी कड़ी में जॉइंट पुलिस कमिश्नर ने भी पैदल मार्च किया। उन्होंने थाना 20 क्षेत्र में पैदल मार्च करते हुए लोगों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

रात को जॉइंट पुलिस कमिश्नर रवि शंकर छवि द्वारा आगामी त्यौहारों को लेकर थाना सेक्टर 20 क्षेत्र में डीसीपी नोएडा हरीश चंदर, एडीसीपी नोएडा आशुतोष द्विवेदी, एसीपी रजनीश व स्थानीय पुलिस बल के साथ फुट पेट्रोलिंग की।

इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। उनके द्वारा थाना सेक्टर 20 क्षेत्र की अट्टा मार्केट, इंद्रा मार्केट व सेक्टर 18 में पुलिस बल के साथ पैदल मार्च करते हुए वहां ड्यूटी कर रहें बड्डी पेयर टीम, सुरक्षा गार्डो व यातायात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुये सर्तकता के साथ ड्यूटी के निर्देशित किया गया। उन्होंने पुलिस बल को निर्देश दिए कि बाजारों में भीड़.भाड़ होने के कारण यातायात सुचारू रूप से चलता रहना चाहिये। ताकि जाम की स्थिति पैदा न हो। आम जन आराम से बाजारों से अपनी खरीदारी कर सकें।

महिला सुरक्षा ईकाई टीम भी सर्तकता के साथ ड्यूटी करें और बाजारों में आने वाली महिलाओं के साथ समन्वय स्थापित करें ताकि महिलाओं में सुरक्षा की भावना बढें और किसी भी प्रकार की अभद्रताध्आपसी सोहार्द्र बिगाडने वाले अराजक तत्वों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर सभी जोन के डीसीपी, एडीसीपी जोन क्षेत्र में त्यौहारो को लेकर पैदल मार्च किया गया है ।तीनों जॉन में डीसीपी के द्वारा त्यौहारों को लेकर बाजारों में महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा महिलाओं से वार्तालाप किया गया।

वार्तालाप के दौरान महिलाओं से पुलिस कार्यशैली के बारे में फीडबैक लिया गया और सम्बन्धित अधिकारीगण को प्रभावी पैट्रोलिंग सुनिश्चित कराने, आस.पास सीसीटीवी कैमरों की सहायता से नजर रखने व महिला सुरक्षा ईकाई व स्वयं सिद्धा टीम एवं यातायात पुलिस को लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहने के साथ साथ यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## नोएडा-गाजियाबाद में 1700 करोड़ का कारोबार

● रविवार देर रात तक होती रही खरीदारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा में धनतेरस पर शनिवार को देर रात तक बाजारों में भीड़ रही। सेक्टर-18 मार्केट एसोसिएशन नोएडा के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन ने बताया कि अब तक करीब 1100 करोड़ रुपए का व्यापार हो चुका है।

आज का दिन मिला लिया जाए तो रात तक करीब 1500 करोड़ रुपए से ज्यादा का व्यापार होगा। आज रात तक सोने.चांदी में 250 करोड़ तक का व्यापार संभव है। ज्वैलर्स शाप के ऑनर ओमवीर अवाना ने बताया कि दो साल के बाद इस बार बाजारों में पूरी छूट दी गई है। ऐसे में लोग बाजार तो आ रहे है। लेकिन बजट कुछ कम है। ऐसे में खरीदारी तो कर रहे हैं लेकिन छोटा.छोटा आइटम ही ले रहे है। ऐसे में कैट ने जो पहले अनुमान करीब 5 हजार करोड़ रुपए के आसपास का लगाया था उससे बाजार थोड़ा हल्का ही रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, एपलिऐनस्स, बिजली के उपकरण, मोबाइल वाशिंग मशीन कम्प्यूटर पर 700 करोड़ और बर्तनों के क्षेत्र में पचास करोड़ के व्यापार का अनुमान है। हाथ से बने सामान, मिट्टी के दिये आदि, स्टेशनरी, सजावट का सामान आदि पचास करोड़, फर्नीचर, मैट्रेस, पर्दे, बैड शीट आदि का 150 करोड़ का कारोबार होने की उम्मीद है।

ऑटोमोबाइल सेक्टर में करीब 100 करोड़ रुपए की खरीद फरोख्त हुई। एआरटीओ से मिले आकड़ों के मुताबिक करीब 2000 से ज्यादा वाहनों की बुकिंग और रजिस्ट्रेशन हुए है। इसमें दो पहिया वाहनों की संख्या सबसे ज्यादा है। वहीं गाजियाबाद के बाजारों में धनतेरस पर खूब धनवर्षा हुई। बर्तन मार्केट से लेकर ऑटोमोबाइल, मोबाइल गैजेट्स, सर्राफा और रेडीमेड गारमेंट्स मार्केट में बूम रहा। अनुमान के मुताबिक गाजियाबाद में धनतेरस पर 500 करोड़ रुपए से ज्यादा का कारोबार हुआ है। 90 ऑटोमोबाइल डीलर हैं।

इन्होंने एक ही दिन में करीब 210 कार और 800 से ज्यादा बाइकों की डिलीवरी की। कार के कई लेटेस्ट मॉडल के लिए लंबी वेटिंग लिस्ट चलती रही, वरना डिलीवरी होने वाली कार की संख्या दोगुना पार हो सकती थी। गाजियाबाद सर्राफा मार्केट के अनुसार, चांदी के सिक्के और सोने की गिन्नी सबसे ज्यादा बिकी। लोगों ने धनतेरस पर्व पर चांदी के बर्तन भी खूब खरीदे। यहां की धनतेरस मार्केट करीब 150 करोड़ रुपए के टर्नओवर को क्रॉस कर गई। लोगों ने इस बार बर्तन खरीदने में क्वालिटी का सबसे ज्यादा ख्याल रखा।

## पुलिस लाइन में लगा मेला परिवार ने कीं खरीदारी

**नोएडा।** दिवाली के त्योहार को लेकर ग्रेटर नोएडा के पुलिस लाइन में मेले का आयोजन किया गया। इसमें नोएडा पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह और उनकी पत्नी आकांक्षा सिंह ने भी भाग लिया। मेले में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए।

पुलिस परिवार के लोगों ने जमकर खरीदारी की। मेले में बच्चों के लिए कई तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह, आकांक्षा सिंह व अन्य पुलिस अधिकारियों ने मेले में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान विजेता बच्चों को उपहार वितरित किए गए।

सभी बच्चों को पुलिस अधिकारियों ने मिठाई वितरित की। अपर पुलिस आयुक्त भारती, डीसीपी सेंट्रल नोएडा रामबदन सिंह, व अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## भारी मात्रा में पटाखे जब्त किए अवैध बिक्री में एक गिरफ्तार

● दिल्ली में बेचने की फिराक में था

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में अवैध रूप से पटाखे बेचने वालों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान कासना थाना पुलिस ने अवैध रूप से पटाखे बेचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से करीब एक लाख के अवैध पटाखे बरामद किए गए हैं।

दिल्ली-एनसीआर में अवैध रूप से पटाखे बेचने पर प्रतिबंध है, लेकिन उसके बावजूद भी चोरी छुपे कुछ लोग पटाखों की अवैध रूप से बिक्री कर रहे हैं, जिसको लेकर पुलिस को साफतौर पर निर्देश है कि ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करें। रविवार को इसी कड़ी में कासना थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक लडपुरा गांव में अवैध रूप से पटाखों की बिक्री कर रहा है, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और छापेमारी करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से भारी मात्रा में पटाखे बरामद किए गए। पुलिस ने इस दौरान लड़पुरा गांव से ब्रजेश को गिरफ्तार किया। यह मूल रूप से हापुड़ के धौलाना का रहने वाला है। कासना में एक कम्पनी में कार्य करता है। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब एक लाख रुपए के पटाखे बरामद किये हैं। पुलिस ने उसके कब्जे से 10 बंडल मुर्गा छाप पटाखे, 13 बंडल फुलझड़ी, 06 बंडल यात्रा मल्टी शॉट पटाखे, 6 पैकेट चिदबरम देशी इंडिया स्काई शॉट पटाखे आदि बरामद किए है। कासना थाना प्रभारी एस शुक्ला ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह दिल्ली से इन पटाखों खरीद के लाया था और दिल्ली में ही बेचने वाला था लेकिन दिल्ली में पटाखे बेचने पर प्रतिबंध लग गया। इसके चलते इन पटाखों को लेकर यह अपने कमरे पर आ गया और यहीं से इनको बेच रहा था।

## रिक्शा में जा रही महिला से स्कूटी सवार बदमाशों ने लूटा पर्स

**गाजियाबाद।** जिले में त्योहारों को लेकर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद कर रखी है। बावजूद इसके बेखौफ बदमाश वारदात को अंजाम दे लोगों में भय तो पैदा कर रही रहे हैं और पुलिस को भी चुनौती दे रहे हैं। विजयनगर थाना क्षेत्र के प्रताप विहार में स्कूटी सवार दो बदमाशों ने रिक्शा सवार महिला से पर्स लूट लिया। बदमाश मौके से आसानी से फरार हो गए। पर्स में हजारों की नकदी, मोबाइल फोन व कीमती दस्तावेज थे। पीड़ति महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस बदमाशों की तलाश में आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। प्रताप विहार के सेक्टर 12 में धीरेंद्र गोस्वामी परिवार के साथ रहते हैं। उनकी पत्नी सुनीता गोस्वामी शुक्रवार को बाजार में खरीदारी करने के लिए गई थीं। यहां से वह रिक्शा से वापस लौट रही थीं। जब वह प्रताप विहार में संतोष मेडिकल कट के पास पहुंची तो पीछे से आए स्कूटी सवार दो बदमाशों ने उनके पर्स पर झपट्टा मारा।

## अस्पताल से सीधे जेल पहुंची गैंगरेप की झूठी कहानी सुनानी वाली महिला

● बलात्कार का षड्यंत्र रचने, पुलिस और डॉक्टरों को भ्रमित करने का आरोप



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस ने फर्जी गैंगरेप का हल्ला मचाने वाली महिला बेबी (बदला नाम) को अस्पताल से डिस्चार्ज होते ही गिरफ्तार कर लिया। बेबी को जेल भेज दिया गया। इस दौरान एसपी क्राइम दीक्षा शर्मा हॉस्पिटल से पल-पल का हेल्थ बुलेटिन ले रही थीं। डॉक्टरों ने बताया था कि महिला को कोई भी गंभीर चोट नहीं है। ऐसे में पुलिस ने तय कर लिया था कि डिस्चार्ज के बाद ही महिला को गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा और आखिर में हुआ भी यही।

मामले को सबसे पहले राष्ट्रीय स्तर पर लाने वाली दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने झूठ का पर्दाफाश होने के बाद खुद यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चिट्ठी लिखी थी। उन्होंने साफ कहा था कि मामले की हाई-लेवल जांच हो। अगर, महिला साजिश में शामिल पाई जाती है, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। इस लेटर के कुछ घंटे बाद ही महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। बेबी दिल्ली के जनता फ्लैट में रहती है। वह 16 अक्टूबर की शाम अपने भाई के बर्थडे पार्टी में गाजियाबाद के नंदग्राम इलाके में आई थी। रात में साढ़े 9 बजे वापस दिल्ली जाते वक्त वो लापता हो गई। 18 अक्टूबर की सुबह साढ़े 3 बजे बेबी नंदग्राम इलाके में ही बंद बोरी में सड़क किनारे पड़ी मिली। महिला ने पुलिस को शुरुआती बयान दिया कि 5 युवक उसे स्कॉर्पियो से अगवा करके सुनसान जगह पर ले गए। वहां पांच ने जबरन रेप किया और फिर प्राइवेट पार्ट में रॉड घुसा दी।

महिला के भाई ने नंदग्राम थाने में 5 युवकों के खिलाफ गैंगरेप की कराई। 19 अक्टूबर की सुबह मामले को सबसे पहले दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल सबके सामने लेकर आईं। उन्होंने ट्वीट करके इस घटनाक्रम की जानकारी दी। साथ ही स्वाति ने गाजियाबाद पुलिस को चिट्ठी लिखकर कार्रवाई के लिए कहा। इसके बाद लखनऊ से दिल्ली तक हलचल मच गई। लोगों ने इस केस की तुलना दिल्ली के निर्भया केस से कर दी। पुलिस ने दावा किया कि महिला के प्राइवेट पार्ट से सीमन वीर्य नहीं मिला। उसने लोहे की वस्तु अपने प्राइवेट पार्ट में खुद डाली थी। महिला के कहने पर उसको बोरे में बंद करने वाले आजाद और अफजाल थे। जबकि गौरव अपनी गाड़ी से महिला को घटनास्थल पर लेकर आया और सड़क पर लिटाकर तीनों चले गए।

## संक्षिप्त समाचार



दीपावली पर्व पर गाजियाबाद पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा गरीब परिवारों को मिष्ठान, दीये, मोमबत्ती, फल-फूल, उपहार इत्यादि वितरित कर बांटी गई।

### गुरुवार सुबह तक गंगाजल की आपूर्ति शुरू होगी

**नोएडा।** शहर में जल्द पानी का संकट शुरू हो जाएगा। सोमवार को हरिद्वार स्थित गंग नहर में पानी छोड़ दिया जाएगा। ऐसे में 26 अक्तूबर तक नोएडा में पानी आ जाएगा। अभी गंग नहर की सफाई होने के कारण छह अक्तूबर से गंगाजल बंद हो रखा है, जिसकी वजह से लोगों को पानी संकट का सामना करना पड़ रहा है। हर साल गंग नहर की सफाई के लिए दशहरा और दिवाली के मौके पर गंगाजल की आपूर्ति बंद रहती है। नोएडा प्राधिकरण के डीजीएम आरपी सिंह ने बताया कि उनकी सिंचाई विभाग के अधिकारियों से बात हुई है। उन्होंने बताया कि सोमवार को हरिद्वार में पानी छोड़ दिया जाएगा। वहां से गाजियाबाद तक पानी आने में तीन दिन का समय लगता है। ऐसे बुधवार शाम या गुरुवार सुबह तक नोएडा में गंगाजल की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। उन्होंने दावा कि कि गंगाजल बंद होने पर भी शहर में पानी संकट नहीं होने दिया गया। कुछ जगह पानी का दबाव जरूर कम रहा।

### शासन ने अवैध निर्माण की मांगी जानकारी

**गाजियाबाद।** जिले में लगातार अवैध कालोनियां काटी जा रही है। इनमें अवैध निर्माण भी चल रहा है। अब इस संबंध में शासन ने जीडीए से अवैध कालोनियों के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी है। प्राधिकरण को यह जानकारी 28 अक्टूबर तक देनी होगी। इसमें अवैध कालोनियों के बारे में विस्तार से बताना होगा। दिवाली के बाद इसे अधिकारी तैयार करने में जुट जाएंगे। जीडीए सर्वे के अनुसार प्राधिकरण क्षेत्र में 321 अवैध कालोनियां हैं। यह सर्वे अबसे करीब दस साल पूर्व हुआ था। इसके बाद तेजी से अवैध कालोनियों का जाल फैला है। जिले में धड़ल्ले से कट रही अवैध कालोनियों पर शासन ने नाराजगी जताई है। प्रमुख सचिव आवास के निर्देश के बाद शासन के उच्चाधिकारियों ने 28 अक्टूबर तक अवैध कालोनियों के संबंध में जानकारी मांगी है। अवैध कालोनी किसने काटी और किस अधिकारी के कार्यकाल में कटी यह जवाबदेही तय करने और संबंधित के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रारूप भेजकर जानकारी मांगी है।

### अवैध रूप से रह रहा नाइजीरियन पकड़ा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस ने नाइजीरिया मूल के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वो बिना पासपोर्ट-वीजा के भारत में अवैध रूप से रह रहा था। साहिबाबाद थाने की पुलिस ने आरोपी नाइजीरियन के खिलाफ विदेशी अधिनियम, पासपोर्ट अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सब इंस्पेक्टर सौरभ कुमार सिंह ने बताया, वे शनिवार सुबह दिल्ली के दिलशाद गार्डन में भड़ाना कट के नजदीक चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान उन्हें एक संदिग्ध व्यक्ति पैदल आता हुआ दिखाई दिया, जो प्रथम दृष्टया देखने में विदेशी प्रतीत हो रहा था।

## निकाय चुनाव में बढ़ेगी 15 प्रतिशत मतदाताओं की संख्या

● लोनी में 11, नगर पालिका परिषद मोदीनगर में छह और मुरादनगर में पांच गांवों को शामिल किया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




नगर निकाय के चुनाव नवंबर-दिसंबर में होने प्रस्तावित हैं। जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है, जो 31 अक्टूबर तक चलेगा।

बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं के सर्वे करने का कार्य 20 अक्टूबर को समाप्त हो चुका है। इस बार मतदाताओं की संख्या 15 प्रतिशत से अधिक बढ़ने की संभावना है। नगर पालिका परिषद लोनी में 11, नगर पालिका परिषद मोदीनगर में छह और नगर पालिका परिषद मुरादनगर में पांच गांवों को शामिल किया गया है। यहां पर संबंधित ग्राम पंचायत के जो मतदाता पंचायत चुनाव में मतदान करते थे, उनको उसी मतदाता सूची के हिसाब से नगर निकाय का मतदाता बना दिया गया है। पांच साल पहले हुए नगर निकाय चुनाव में मतदाताओं की संख्या 2162088 थी।

इस बार मोदीनगर, मुरादनगर और लोनी की 13 ग्राम पंचायतें नगर निकायों में शामिल हुई हैं, यहां पर ग्राम पंचायतों के चुनाव में जो मतदाता शामिल थे, उनको नगर निकाय का मतदाता बनाया गया है।

उधर, नगर निगम क्षेत्र में भी मतदाताओं की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। घर-घर जाकर बीएलओ द्वारा सर्वे करने का कार्य 18 अक्टूबर को समाप्त होने के बाद अब मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम जोड़ने, घटाने और संशोधित करने का कार्य किया जा रहा है, मतदाता सूची के ड्राफ्ट का प्रकाशन 31 अक्टूबर को किया जाएगा।

इस बीच यदि किसी व्यक्ति को अपना या अपने परिवार का नाम मतदाता सूची में जुड़वाना है तो वह संबंधित तहसील में जाकर फार्म जमा कर सकता है। 31 अक्टूबर को मतदाता सूची के ड्राफ्ट का प्रकाशन होने के बाद मतदाता अपना नाम चेक कर सकते हैं, यदि उनका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है तो वह एक से सात नवंबर के बीच में अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए आफलाइन माध्यम से दावा कर सकते हैं।

एक से चार नवंबर के बीच आनलाइन माध्यम से आवेदन किया जा सकता है, इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। 18 नवंबर को अनंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य जारी है, ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है। जिन मतदाताओं के फार्म अब तक जमा नहीं हुए हैं, वह संबंधित तहसील में जाकर फार्म जमा कर सकते हैं। उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। औसतन 15 प्रतिशत मतदाता बढ़ने की उम्मीद है।

## शराब पीने से मना करने पर होटल-संचालक को मारी गोली

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गांव अबूपुर के पास शनिवार रात बारह बजे के आसपास शराब पीने को लेकर हुए विवाद में बदमाशों ने होटल संचालक को गोली मार दी। गंभीर हालत में युवक को गाजियाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव दुहाई निवासी अंकित कुमार का दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गांव अबूपुर से आगे होटल का संचालन करते हैं। शनिवार रात को होटल पर कुछ युवक खाना खाने के लिए आए थे। बताया जा रहा है कि युवक होटल पर शराब पीने लगे। होटल संचालक ने युवकों को शराब पीने से मना किया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि युवकों ने होटल संचालक अंकित को गोली मार दी। गोली सीने से आर पार निकल गई।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 24 अक्टूबर, 2022



# हर तरफ दिवाली की धूम, पटाखों पर रार

## रोशनी से नहाई पूरी दिल्ली, बाजारों में दो साल पहले जैसी रौनक छायी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

जिस त्योहार का पूरे साल इंतजार रहता है, वह आ चुका है। कोरोना महामारी से उबर कर दिल्ली पूरी तरह त्योहारी रंग में डूबी है। बच्चे-बड़े सब बेहद खुश नजर आ रहे हैं। बाजारों में खासी भीड़ है। सोमवार को दिवाली के लिए जमकर खरीदारी हो रही है। इससे व्यापारी वर्ग के तीन साल बार चेहरों पर खुशी देखने को मिली है। हर घर में सजावट और मेहमानों की खातिरदारी की तैयारी जी खोलकर कर रहे हैं। इस बार करें भी क्यों नहीं, अब कोरोना से संबंधित नियम पूरी तरह हट चुके हैं।

दो साल तो घर में ही त्योहार मनाया मन मसोस कर। हालांकि, बढ़ते प्रदूषण के कारण इस बार पटाखे जलाने पर सख्त पाबंदी है। इससे बच्चों के मन:स्थिति को समझा जा सकता है। फैक्टरी, कार्यालय और घर सब रोशनी से जगमग हैं। हर जगह बिजली की झालरें चमक रही हैं। दिल्ली-एनसीआर में रविवार को दिनभर लोग खरीदारी में व्यस्त रहे। इस कारण बाजारों से लेकर सड़कों-चौराहों पर जाम की स्थिति बनी रही।

दिल्ली के अलावा नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद की औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले ज्यादातर लोग अपने गांव-घर जाकर ही दिवाली त्योहार मनाते हैं। आनंद विहार रेल-बस टर्मिनल हो या कश्मीरी गेट अथवा सराये कालेखां, हर जगह घर जाकर दिवाली मनाने की हसरत दिल में समेटे लोगों की भीड़ है। दिल्ली से जाने वाली ट्रेनों में इस कदर भीड़ है कि पैर रखने को जगह नहीं। यात्री बसों और ट्रेनों की छत पर जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे हैं। आनंद विहार में देर रात तक बसों की लंबी-लंबी कतारें और एक तरफ से दूसरी ओर बस पकड़ने के लिए भागते यात्रियों का नजारा देखने को मिला।



### सेहत के साथ आंखों का रखें ख्याल

रोशनी के त्योहार दिवाली पर लाइटों की चकाचौंध से लेकर पटाखों तक थोड़ी सी भी लापरवाही सेहत विशेष कर आंखों पर भारी पड़ सकती है। इसलिए देवी लक्ष्मी की पूजा, रोशनी, रंगोली और घर की साज-सज्जा पूरे उत्साह से करें, लेकिन इस दौरान इस उमंग के उत्सव में यह भी ध्यान रहें कि आपको या बच्चों की सेहत को नुकसान न हो। रोशनी का इस्तेमाल इतना ही करें, जितना आंखों पर विपरीत असर न डाले। दूसरे, पटाखों से जितना हो सके बचें। यदि थोड़ी बहुत मस्ती करनी भी है तो बच्चों को अपनी देखरेख में ही पटाखे जलाने दें। पटाखों के धुंआ के कारण आंखों में जलन-चुभन के साथ लालिमा होने का खतरा होता है। इसके अलावा पटाखों से लगने वाली चोट आंखों में घाव, रक्त के थक्के बनने या पुतली को भी नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए सावधानी बरतें और प्रदूषण से बचने के लिए मास्क का इस्तेमाल जरूर करें।



### मिठाई खरीदें देखभाल कर

धनतेरस हो, दीपावली हो या भाई दूज, इन तीन त्योहारों के जोड़ पर मिठाइयों की खासी बिक्री होती है। दुकानदार इसका मौका देखकर मिलावटी मिठाई बेचते हैं। वे इस दिन के लिए पहले से मिठाई का भंडार कर लेते हैं। इसलिए किसी भी दुकान पर मिठाई खूब देखभाल कर ही खरीदें। पहले यही देखें कि बासी न हो। मिलावट हो या बासीपन, दोनों ही स्थितियों में यह सेहत के लिए बहुत ही नुकसानदेह होती है। इसलिए लोग आजकल सूखे मेवे वाली मिठाई ही पसंद कर रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं कि मिठाइयों और तली-भुनी चीजों में कैलोरी की मात्रा अधिक होती है, इसलिए इनका सेवन कम करें।

### 22 स्थानों पर तैनात होंगे दमकल वाहन

**नई दिल्ली।** अग्निशमन विभाग एहतियात के तौर पर दमकल वाहनों को रविवार को और दिवाली के दिन शाम पांच बजे से आधी रात तक 22 स्थानों पर तैनात करेगा। इसने मुख्य अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व वाली एक आंतरिक समिति को राष्ट्रीय राजधानी में 50 हादसा संभावित स्थानों की पहचान करने के लिए कहा था, जहां सचल दमकल गाड़ियों को को तैनात किया जा सकता है। दिवाली के दौरान आग की घटनाओं बढ़ती है।

### भाजपा दिल्ली से गुजरात तक कर रही पटाखों पर प्रतिबंध का विरोध

नई दिल्ली। दिवाली पर राष्ट्रीय राजधानी की हवा खराब श्रेणी पहुंच गई है। इस त्योहार पर बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली सरकार ने पहले ही पटाखों पर प्रतिबंध लगा दिया है और यदि नियम का उल्लंघन किया तो उसके लिए छह महीने की जेल का प्रावधान किया गया है। सरकार के इस कदम का भाजपा नेता जमकर विरोध कर रहे हैं। चुनावी राज्य गुजरात में स्थानीय भाजपा नेता इस मुद्दे को उठाकर दिल्ली की केजरीवाल सरकार को हिंदू विरोध बता रहे हैं। दिल्ली में भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध को ढकोसला बताया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि राजधानी में प्रदूषण अपने चरम पर है। न्यायपालिका और सरकार पिछले 20 साल से ऊल जलूल ऑर्डर देकर पल्ला झाड़ रहे हैं। असली प्रदूषण को रोकने की जगह पटाखों पर प्रतिबंध लगाने का वार्षिक ढकोसला सामने आ गया है। दुनिया में प्रदूषण कम करने के नाम पर इतना बड़ा धोखा कभी नहीं हुआ।



दिवाली की पूर्व सांध्या पर गाजीपुर बॉर्डर पर लगा भीषण जाम, त्योहारों पर भीड़ के कारण बसों की छत पर सफर करने पर मजबूर हुए लोग।



गाजीपुर फूल मंडी में ऑटिफिसल गुलदस्तों के लिए फूल खरीदती महिला।



पूजा के लिए गेंदे की माला को बेचती महिलाएं।

# लोक व्यवस्था अकादमी ने मनाया पुलिस स्मृति दिवस



**पीएनएस।** नई दिल्ली/मेरठ

● केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के शहीदों को किया याद

द्रुत कार्य बल लोक व्यवस्था अकादमी वेदव्यासपुरी मेरठ में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया । केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल व देश के सभी पुलिस बलो के द्वारा हर साल 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। 21 अक्टूबर, 1959 को हमारी सीमाओं की रक्षा करते हुए चीन के साथ झड़प में अपनी जान गंवाने वाले दस केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के वीर जवानो के बलिदान की याद में यह दिवस मनाया जाता है।

इस अवसर पर संस्थान के शहीद स्थल पर अखिलेश कुमार सिंह, उप महानिरीक्षक एवं राजपत्रित अधिकारियो, अधीनस्थ अधिकारियों तथा जवानो के द्वारा श्रृद्धांजलि दी गयी । इस दिवस पर अखिलेश कुमार सिंह द्वारा उन 10 कार्मिको के भी नाम पढे गये जिनकी याद में यह दिवस मनाया जाता है। साथ ही विगत एक वर्ष में शहीद होने वाले केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 30 कार्मिको के नाम भी पढ़े गये । इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक रैपो द्वारा सभी कार्मिकों को संबोधित करते हुए इस बल के गौरवपूर्ण इतिहास का वर्णन किया गया और सभी कार्मिकों को उनके अच्छे काम के लिये सभी की सराहना की गई।

इस अवसर पर इस संस्थान में पदस्थ श्याम लाल, उप. कमाण्डेंट, सदा राम सिंह, उप. कमाण्डेंट, नीरज कुमार झा, उप. कमाण्डेंट, गोविन्द्र सिंह नेगी, सहा. कमाण्डेंट एवं अजीत कुमार, सहा. कमाण्डेंट सहित रैपो में उपस्थित कार्मिक उपस्थित रहे।

# युवक की गोली मारकर हत्या, आरोपी फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● सीसीटीवी फुटेज खगालकर आरोपी की पहचान में लगी पुलिस



स्वरूप नगर के सुशांत विहार इलाके में शनिवार रात बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक से छोटी सी बात पर हुई कहासूनी व मारपीट के युवक की गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस वारदात के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक की पहचान धीरज के रूप में हुई है। वह अपने माता-पिता, बड़ा भाई नीरज और बहन के साथ सुशांत विहार इलाके में रहता था। शनिवार रात करीब 8 बजे पुलिस को धीरज को गोली मारे जाने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। सडक़ पर काफी दूर तक खून पड़ा हुआ था। पुलिस को पता चला कि धीरज को उसी के परिवार वाले अस्पताल ले जा चुके हैं। पुलिस ट्रॉमा सेंटर पहुंची। डॉक्टरों ने धीरज को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। सूत्रों की मानें तो धीरज को दो गोली मारी गई थी। पुलिस को वारदात की जगह पर कुछ कारतूस के खोल भी बरामद हुए हैं। धीरज के परिवार वालों ने रुपये की लेन-देन को लेकर उसकी हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि पटाखा फोडऩे से रोकने पर उसकी हत्या की गई है। धीरज का कुछ लोगों से पैसे की लेन-देन की वजह से विवाद चल रहा था। धीरज उनलोगों से पैसे मांग रहा था। परिवार वालों ने देनदारों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ लोग वहां पटाखा जला रहे थे। पटाखा नहीं जलाने की बात पर उनकी कहासुनी हो गई थी। उसके बाद हमलावर वहां पहुंचे और उसे गोली मार दी।

# सुविधाओं को रेवड़ी बता आम आदमी का अपमान न करें प्रधानमंत्री : केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● महंगाई से परेशान लोगों को मुफ्त शिक्षा और इलाज क्यों नहीं मिलना चाहिए



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को सवाल किया कि महंगाई से परेशान लोगों को मुफ्त शिक्षा और इलाज क्यों नहीं मिलना चाहिए और कहा कि ऐसी चीज़ों को मुफ्त की रेवड़ी कह कर आम आदमी का अपमान नहीं किया जाना चाहिए।

केजरीवाल ने ट्विटर पर एक मीडिया रिपोर्ट साझा की, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेवड़ी या मुफ्त सौगात देने की राजनीतिक संस्कृति की आलोचना की थी। केजरीवाल ने ट्वीट किया, लोग महंगाई से बहुत ज़्यादा परेशान हैं। जनता को मुफ्त शिक्षा, मुफ्त इलाज, मुफ्त दवाइयां, बिजली क्यों नहीं मिलनी चाहिए। नेताओं को भी तो इतनी मुफ्त सुविधाएं मिलती हैं। कितने अमीरों के बैंकों के कर्जे माफ कर दिए। बार-बार मुफ्त की रेवड़ी बोलकर जनता का अपमान मत कीजिए। मोदी ने शनिवार को मध्य प्रदेश के सतना जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के 4.51 लाख लाभार्थियों का गृह प्रवेश समारोह आयोजित करने के बाद अपने संबोधन में मुफ्त उपहार (फ्रीबी) संस्कृति की आलोचना की थी। प्रधानमंत्री ने कहा था, हर करदाता सोच रहा होगा कि जैसे मैं दिवाली मनाता हूं, मध्य प्रदेश में गरीब भाई भी रोशनी के त्योहार के दौरान खुश हैं। उन्हें पक्का घर मिल रहा है। उनकी बेटी की जिंदगी में सुधार होगा। लेकिन जब यह करदाता देखता है कि उससे वसूले गए रुपयों से मुफ्त की रेवड़ी बांटी जा रही है, तो उसे दुख होता है।

# दिल्ली विश्वविद्यालय ने बढ़ाया फीस जमा करने का समय

● दिवाली के बाद जारी होगी खाली सीटों की सूची

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए स्नातक कोर्सेज में दाखिला लेने के लिए छात्रों को फीस जमा करने के लिए मंगलवार दोपहर दो बजे तक का समय कर दिया है। पहले सोमवार शाम पांच बजे तक ही फीस जमा करने का समय था। इसके बाद बुधवार सुबह 10 बजे डीयू स्नातक में दाखिले के लिए बची हुई खाली सीटों की सूची जारी करेगा।

इन सीटों पर दाखिले के लिए दूसरे चरण में बृहस्पतिवार को शाम 4.59 बजे तक छात्र सीट लॉक कर सकेंगे। डीयू कुलसचिव डॉ. विकास गुप्ता ने प्रेस वक्तव्य जारी कर यह जानकारी दी है।

उन्होंने बताया है कि पहले चरण में दाखिला लेकर फीस जमा करने वाले छात्रों को ही दूसरे चरण के लिए सीट अपग्रेड करने का विकल्प मिलेगा। इसके बाद छात्रों के पास दूसरे चरण में पहली वरीयता का कॉलेज व कोर्स मिलने का रहेगा मौका। उल्लेखनीय है कि डीयू में स्नातक दाखिले के लिए छात्रों को आवंटित सीट को लॉक करने के अंतिम दिन शनिवार शाम पांच बजे तक 1124 छात्रों ने अपनी सीटें लॉक की। इस तरह चार दिन तक चली सीट लॉक करने की प्रक्रिया में कुल 72 हजार 865 छात्रों ने दाखिले के लिए अपनी आवंटित सीटें लॉक की हैं।

इनमें से 29 हजार 395 छात्रों के प्रमाण पत्रों की जांच होकर उनके दाखिले का रास्ता साफ हो गया है। इनमें से कुछ छात्रों ने अपनी फीस जमा करके दाखिला ले भी लिया है। जबकि 43 हजार 470 छात्रों के प्रमाण पत्रों की जांच का काम चल रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### वाहन में आग लगने से युवक की झुलसकर मौत



**नई दिल्ली।** अलीपुर इलाके में रविवार को एक कार में आग लगने से उसमें सवार एक व्यक्ति की झुलसकर मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दमकल अधिकारियों के अनुसार, उन्हें सुबह करीब सात बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की तीन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया था। उन्होंने बताया कि कुछ देर बाद आग पर नियंत्रण पा लिया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि वाहन किआ सेल्टोस हरियाणा के कुरुक्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति का बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उस जिले में पुलिस का एक दल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

### चोरी के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** चोरी के कई मामलों में कथित रूप से शामिल दो लोगों को दिल्ली और फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। ग्रेटर कैलाश थाने में तीन अक्टूबर को चोरी का एक मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि उसके घर से उसका मोबाइल फोन और एक वायरलेस स्पीकर चोरी हो गया। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी) चंदन चौधरी ने बताया कि क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर दोनों आरोपी पकड़े गए जिनमें से दीपक (26) को राष्ट्रीय राजधानी के तिलक नगर से पकड़ा गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसके बाद हरियाणा के फरीदाबाद के राज किरण (25) को गिरफ्तार कर लिया गया।

### गरीब बच्चों को उपहार देकर मनाई दिवाली



**नई दिल्ली।** गरीब बच्चों की ख्वाहिशों को पूरा कर माई स्टोरी ट्रस्ट ने दिवाली को खुशियों से भर दिया। सना श्रीवास्तव के नेतृत्व में हैदरपुर स्थित झुग्गी झोपड़ी के बच्चों के लिए उनकी इच्छा के अनुरूप शनिवार को दिवाली का उपहार दिया गया। इनमें नए कपड़ों से लेकर खिलौनों और इन गरीब बच्चों की माताओं के लिए साड़ी और कुछ सामान देने का भी प्रयास किया गया था। संस्था का प्रयास था कि जो लोग आर्थिक रूप से कमजोर हैं उनको भी दिवाली की सच्ची खुशी दी जा सके।

# आगे बढ़ा गली-मोहल्लों के बच्चों का अखबार बालकनामा

## जल्द आएगा डिजिटल संस्करण, यूट्यूब चैनल भी लाने की तैयारी




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली के गली-मोहल्लों के बच्चों द्वारा पिछले 18 वर्षों से निकाला जा रहा अखबार बालकनामा अब जल्द ही डिजिटल प्रारूप में भी उपलब्ध होगा। अगले वर्ष 2023 की शुरुआत में बालकनामा का यूट्यूब चैनल शुरू करने की योजना है, जिसके साथ ही इसका डिजिटल संस्करण भी उपलब्ध हो जाएगा।

बालकानाम पिछले 18 वर्षो से गली- मोहल्लों के बच्चों की आवाज उठा रहा है। अखबार की तरह इसका यूट्यूब चैनल भी पूरी तरह से बालकनामा के गली या झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले युवा पत्रकारों द्वारा चलाया जाएगा। गली-मोहल्लों के युवा पत्रकार नए मंच पर ऑडियो और वीडियो के माध्यम से अपने साथी गली के बच्चों के संघर्षों और उपलब्धियों को चित्रित करेंगे।

गैर-सरकारी संगठन चेतना (चाइल्डहुड एन्हांसमेंट ट्रेनिंग एंड एक्शन) के निदेशक संजय गुप्ता ने कहा कि यूट्यूब चैनल बालकनामा के पत्रकारों द्वारा चलाया जाएगा। हम मौजूदा समय में इन युवा पत्रकारों को दृश्य माध्यम पर काम करने का प्रशिक्षण दे रहे हैं।

इसके अलावा, हम उन्हें डिजिटल तकनीक भी सिखा रहे हैं, इसलिए इस प्रक्रिया में कुछ समय लगेगा। हम जनवरी के अंत तक यह प्लेटफॉर्म शुरू करने में सक्षम हो जाएंगे गैर-सरकारी संगठन (चेतना) समाचार पत्र की छपाई के लिए धन देती है। यूट्यूब चैनल संपादकीय रूप से स्वतंत्र होगा, क्योंकि अखबार की तर्ज पर बच्चे ही इस बारे में फैसला लेंगे कि इसमें क्या चलेगा।



● लोगों को बताया जाएगा सड़क पर रहने वाले बच्चों का संघर्ष

संजय गुप्ता ने कहा कि इस कदम के जरिए हम सडक़ पर रहने वाले बच्चों के संघर्ष को बड़े पैमाने पर लोगों तक ले जाना चाहते हैं।

बालकनामा, सडक़ से जुड़े बच्चों के लिए और उनके लिए एक अनूठा समाचार पत्र है, जिसका पहला संस्करण 2003 में आया था। उस समय यह अखबार त्रैमासिक था, लेकिन 2015 के बाद इसे मासिक आधार पर प्रकाशित करना शुरू किया गया।

### संबित पात्रा को अध्यक्ष पद से हटाया जाए: आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा को आईटीडीसी अध्यक्ष के पद से हटाने की मांग की। आप ने आरोप लगाया कि पात्रा ने कथित तौर पर केंद्रीय लोक सेवा आचरण नियम का उल्लंघन करके पार्टी हित में पद का दुरुपयोग किया।

केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी को लिखे एक पत्र में वरिष्ठ आप नेता आतिशी ने आरोप लगाया कि भारतीय पर्यटन विभाग निगम का अध्यक्ष होने के बावजूद पात्रा ने भाजपा के लिए अभियान जारी रखा, जो सीसीएस-आचरण नियम का सरासर उल्लंघन है। योजना विभाग की ओर से संवाद और विकास आयोग की उपाध्यक्ष और आप नेता जैस्मीन शाह को कारण बताओ नोटिस जारी करने के कुछ दिनों बाद आतिशी का पत्र सामने आया है।

# नवीन गोयल ने मिट्टी के दीये बांटकर लोकल फॉर वोकल का दिया संदेश

## उनकी इस पहल को दुकानदारों, ग्राहकों ने सराहा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सदर बाजार में मिट्टी के दीये बांटते कार्यकर्ता।

**लोकल** फॉर वोकल यानी स्थानीय चीजों का इस्तेमाल करके दिवाली का त्योहार मनाएं। इसे लेकर कैनविन फाउंडेशन, पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा और मिट्टी की खुशबू संस्था की ओर से गुरुग्राम के सदर बाजार में मिट्टी के दीये बांटे गए। बाजार में दुकानदारों, ग्राहकों से अपील की गई कि दिवाली पर मिट्टी के दीये जलाकर इन्हें बनाने वालों की भी दिवाली मनवाएं। इससे हमारा पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए मिट्टी से भी बनी चीजों का इस्तेमाल करें। मिट्टी के दीये जलाना हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं। यह हमारे आसपास के उन लोगों के घरों की दीवाली भी जगमग करता है, जो इन दीयों का निर्माण करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकल फॉर वोकल का संदेश देने का यही उद्देश्य है कि हम अपने यहां बनी चीजों को महत्व दें। प्रधानमंत्री के सपने को पूरा करें। श्री गोयल ने कहा कि ऑनलाइन चीजों खरीदने की बजाय अपने आसपास के दुकानदारों से ही सामान खरीदें, ताकि उनकी रोजी-रोटी प्रभावित ना हो। ग्रीन दिवाली-सेफ दिवाली मनाएं।

उन्होंने कहा कि हर बार पटाखे जलाने से दिवाली के बाद शहरों में पॉल्यूशन व स्मॉग देखने को मिलता है। पारंपरिक पटाखों की तुलना में ग्रीन पटाखे कम हानिकारक होते हैं और वायु प्रदूषण को कम करते हैं। पटाखों से बनाएं दूरी, प्लास्टिक बैग यूज न करें, गिफ्ट पैक करने के लिए ग्रीन रैपर, एलईडी लाइट यूज करें, फूड वेस्टेज न करें। उन्होंने दीयों के प्रकाश से सबका जीवन आलोकित होने की कामना की।

# ओमप्रकाश धनखड़ को दी जन्मदिन की बधाई

## ओमप्रकाश धनखड़ ने जन्मदिन पर शॉल ओढ़ाकर प्रधान बोधराज सीकरी को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ को जन्मदिन की बधाई देते पंजाबी बिरादरी महा संगठन के पदाधिकारी।

**पंजाबी** बिरादरी महा संगठन बोधराज सीकरी प्रधान पंजाबी बिरादरी महासंगठन की अगुवाई में 62 पंजाबियों का एक समुदाय भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के निवास पर पहुंचा। वहां सभी ने ओमप्रकाश धनखड़ को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने मंच से पंजाबी समुदाय के लोगों का दिल खोलकर साधुवाद किया।

संगठन के प्रधान बोधराज के कार्यों के लिए ओमप्रकाश धनखड़ ने प्रशंसा की। इस निमित जहां पंजाबी बिरादरी ने मिठाई से उनका मुंह मीठा कराया, वहां प्रांत अध्यक्ष ने अपनी ओर से एक शॉल प्रधान बोधराज सीकरी के कंधे पर रखकर उन्हें सम्मानित किया। इस समुदाय में लगभग 15 महिलाएं, 15 युवा वर्ग और 30 से अधिक वरिष्ठ पंजाबी उपस्थित हुए। ओमप्रकाश धनखड़ को बड़ों ने शुभाशीष दी और छोटों ने बधाई प्रेषित की। ओमप्रकाश धनखड़ ने सभी से करबद्ध प्रार्थना करी कि भोजन प्रसाद की व्यवस्था उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में की गई है। सभी पंजाबी समुदाय से आग्रह करते हुए उन्होंने भोजन ग्रहण करने को कहा। सभी ने ईश्वर से प्रांत अध्यक्ष की दीर्घायु की प्रार्थना की।

प्रधान बोधराज सीकरी ने अपने अंदाज में सम्बोधित करते हुए ओमप्रकाश धनखड़ को कहा आयुष्मान भव, यशस्वी भव, तेजस्वी भव, दीर्घायु भव, विजयी भव। इस अवसर पर, प्रमोद सलूजा, राम लाल ग्रोवर, एसके खुल्लर, रमेश चुटानी, सुभाष गांधी, अशोक आर्य, धर्मेंद्र बजाज, रमेश कामरा, रमेश कुमार, प्रवीण वर्मा, रवि मिनोचा, उमेश ग्रोवर, ओ पी कालरा, नरेश चावला, कृष्णा चावला, गजेंद्र गोसाईं, यदुवंश चुघ, ज्योत्सना बजाज, ज्योति वर्मा, एकता कमरा, रचना बजाज, शशि बजाज, रीता, अश्वनी वर्मा, सतपाल नासा, सुभाष नागपल, हरप्रीत सिंह, मनोहर गोसाई, प्रमोद कालरा, दर्शन कुमार व अन्य जन मौजूद रहे।

# दिवाली पर उपहारों के साथ एक-एक पौधा भी दें : नवीन गोयल



गुरुग्राम के सेक्टर-5 में आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलित करते अतिथि।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## बोले, हर पर्व देता है हमें एकता, भाईचारे का संदेश

## सेक्टर-5 में दिवाली मिलन समारोह में कही यह बात

**सेक्टर-5** स्थित प्रिंस वाटिका में भव्य दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं असिस्टेंट गवर्नर रोटरी क्लब गजेंद्र गुप्ता की ओर से इस समारोह में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल, मेयर मधु आजाद, रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल अतिथि के रूप में पहुंचे। इस अवसर पर सुंदर दास अग्रवाल, विजय अग्रवाल, राम बिलास सिंगला समेत अनेक शहर के मौजिज लोग उपस्थित रहे।

समारोह में गुरुग्रामवासियों को दिवाली की बधाई देते हुए नवीन गोयल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में हर पर्व हमें एकता और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि दिवाली की खुशियों के बीच हमें अपने पर्यावरण का भी ध्यान रखना है। किसी भी कीमत पर हमारा पर्यावरण खराब ना हो, यह हमारी जिम्मेदारी है। प्रदेश सरकार की ओर से हरियाणा में प्रदूषण फैलाने वाले पटाखे चलाने पर बैन है। सिर्फ ग्रीन पटाखे ही चलाए जा सकते हैं। इसका भी विशेष ध्यान रखें। नवीन गोयल ने कहा कि कोरोना महामारी से उबरने के बाद हम पहली दिवाली धूमधाम से मना रहे हैं। यह खुशियों का पर्व है। इस पर्व में खुशियां लें और खुशियां ही बांटे। एक-दूसरे को उपहार भले ही कुछ भी दें, लेकिन उस उपहार के साथ पौधा देना ना भूलें। मिठाई और बाकी उपहार तो समय के साथ खत्म हो सकते हैं, लेकिन पौधा अगर किसी के घर, प्लॉट या खाली जगह पर वृक्ष बनेगा तो वह जीवनभर के लिए यादगार बन जाएगा। हर व्यक्ति अपने उपहारों की सूची में एक-एक पौधा शामिल करे। उन्होंने कहा कि ऐसा कार्य हमारे बच्चों को भी पर्यावरण के प्रति जागरुक करेगा और वे भी इसी को फॉलो करेंगे।

डा. डीपी गोयल ने भी पर्यावरण बचाने का संदेश देते हुए कहा कि ऐसा करके हम खुद और दूसरों को बेशकीमती उपहार दे सकते हैं। हमें यह समझ लेना चाहिए कि प्रकृति के बिना हमारा जीवन शून्य है। प्रकृति का संरक्षण बहुत जरूरी है। चाहे प्राकृतिक बारिश हो या फिर पेड़-पौधे, इनका हमें संरक्षण करना है। उन्होंने यह भी कहा कि दिवाली मेले में आए हुए शहर के लोग यहां से संदेश लेकर जाएं वे अपने जीवन के लिए प्रकृति को सही रखेंगे।

# दीपावली पर घर जाते युवक की सड़क हादसे में मौत, तीन घायल

**सोहना।** सोहना पलवल मार्ग पर गांव सिलानी के पास ट्रक की टक्कर ऑटो पलटने से एक युवक की मौत हो गई तथा दो अन्य लोग घायल हो गए। ऑटो में 7 से 8 लोग सवार थे। घायलों का सोहना के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया।

शनिवार की रात करीब दस बजे सोहना से पलवल सवारियां लेकर जा रहा ऑटो में गांव सिलानी से पहले पीछे से ट्रक आया ऑटो ने जोरदार टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर लगने से ऑटो पलट गया। ऑटो में सवार संजीव निवासी बाबूपुर खुशकरी जिला कासगंज उत्तर प्रदेश ने बताया कि उसके साथ उसके गांव के निवासी राजकुमार व ज्ञानेन्द्र, विवेक निवासी मानपुर जिला पलवल, विवेक पुत्र हाकम निवासी आगरा और दाऊजी निवासी फाजिलपुर गुरुग्राम और ऑटो चालक। इस हादसे में राजकुमार की चोटों के कारण घटना स्थल पर मौत हो गई। सभी घायलों को निजी वाहनों की मदद से सोहना के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया।

# अब लक्ष्मण विहार इलाके से दूर होगी पेयजल की समस्या



गुरुग्राम के लक्ष्मण विहार में बूस्टिंग स्टेशन का लोकार्पण करते विधायक सुधीर सिंगला।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


## विधायक सुधीर सिंगला ने किया बूस्टिंग स्टेशन का लोकार्पण

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने सूर्य विहार में एसटीपी प्लांट में नवनिर्मित बूस्टिंग स्टेशन का लोकार्पण किया। इस प्लांट समूचे लक्ष्मण विहार इलाके में जल की आपूर्ति होगी।

इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि विधायक सुधीर सिंगला ने जल की बचत करने का गुरुग्राम के लोगों से आह्वान किया। गुरुग्राम का जल स्तर काफी नीचे जा चुका है। हम डार्क जोन में पहुंच गए हैं। इससे हमें बाहर आना होगा। इसलिए पानी की बर्बादी किसी भी सूरत में नहीं होनी चाहिए। हमें अपनी पीढ़ियों के लिए पानी को सहेजना होगा। अगर हम ऐसा नहीं कर पाए तो भविष्य में पछताने के सिवाय कुछ हाथ नहीं लगेगा। विधायक ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का आह्वान किया है कि जल संसाधन के लिए सरकार की ओर से चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा भी बनें और स्वयं भी जल सहेजकर रखें। पहाड़ी क्षेत्रों में पानी संचयन के लिए बांध बनाए गए हैं। वहां पर पानी का संचयन करें। पानी की कीमत समझना जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान वार्ड-10 की पार्षद शीतल बागड़ी, पूर्व पार्षद मंगतराम बागड़ी, पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, जुगल रैना, मंडल अध्यक्ष नितिन शांडिल्य, पतराम जांगडा, बलजीत सिंह, मनोज हुड्डा, अगस्त वशिष्ठ, राजपाल कलीरमन, अजीत साहू, अनिल बाबा, ईश्वर शर्मा, धर्मबीर पंवार, पप्पू दहिया, परमेश अग्रवाल, सतबीर जांगड़ा, सुखबीर शर्मा, सुभाष डिगरा, पद्माकर पाटिल, विष्णु शर्मा, टीके रथ, पवन, विनोद व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# सफाई कर्मियों की हड़ताल तीन और बढ़ी, शहर में गंदगी के लगे ढेर

## हड़ताल के चलते छोटी दीपावली को भी सोहना में नहीं हो सकी सफाई



सोहना नप कार्यालय के मुख्य गेट पर लगा कूड़े का ढेर लेबर चौक पर कूड़े के ढेर में लगी आग।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद के सफाई कर्मियों की हड़ताल पांचवें दिन भी जारी रही। शहर आम रास्तों से लेकर बाजारों में कूड़ा के ढेर लगे रहे। परिषद कर्मचारियों ने कार्यालय के मुख्य गेट पर कूड़े का ढेर लगा धरना पर बैठे रहे। नगर परिषद के सफाई कर्मियों ने अपनी हड़ताल को रविवार को भी जारी रखते हुए शहर में सफाई नहीं की। जिसके चलते बाजारों में कूड़े के लगे ढेरों को बाजारों में रही ग्राहकों की भीड़ के पैरों नीचे कुचलती रही। कूड़े के ढेरों में प्लास्टिक की पॉलीथिन में भरा कूड़ा-कचरा से फिसलन बनी हुई थी। जिससे ग्राहक को पैर फिसलने से चोटें भी लगी। रविवार को हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मियों ने डोर टू डोर कूड़े को भी नहीं उठने दिया। जिससे डोर टू डोर कूड़ा उठाने में लगे वाहन पूरा दिन खड़े रहे। दुकानदारों से लेकर आम नागरिकों ने अपने घर के कूडे के लगे आस-पास ढेरों पर फेंक दिया।

**तीन दिन और आगे बढ़ी हड़ताल :** सफाई कर्मी यूनियन के यूनिट प्रधान विक्रम सिंह ने बताया कि उनकी हड़ताल को प्रदेश में तीन दिन और आगे के लिए बढ़ा दिया है। सफाई कर्मी इस बार दीपावली पर भी अपने धरना पर बैठे रहेंगे। कर्मचारियों ने इस बार दीपावली नहीं मनाने का फैसला लिया है।

**हड़ताल से व्यापारियों में रोष :** शहर के बाजारों में गंदगी के लगे ढेरों में जहां आम लोगों ने आग लगा रहे हैं। वहीं शहरवासियों सफाई न होने से भारी रोष पनप रहा है। व्यापार मंडल के प्रधान अशोक गर्ग ने कहा कि त्योहार के अवसर पर शहर में लगे गंदगी के ढेर से स्थानीय व्यापारी वर्ग में भारी रोष पनप रहा है। उन्होंने कहा कि यदि शहर में सफाई नहीं होती है। स्थानीय व्यापारी भी सड़क पर उतर आएंगे।

# लापता लड़की को तलाश कर परिजनों को सौंपा

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सब इंस्पेक्टर सरजीत की टीम ने 13 वर्षीय गुमशुदा नाबालिग लड़की को सैक्टर 30 से सकुशल बरामद कर परिजनों के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि नाबालिक लड़की घरवालों से किसी बात को लेकर नाराज थी जो घर से 16 अक्टूबर को बिना बताए कहीं चली गई थी। जिसकी शिकायत थाना सेक्टर 8 में प्राप्त हुई। शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लड़की की तलाश की जा रही थी। मामले की कार्रवाई क्राइम ब्रांच कैट के द्वारा करते हुए गुमशुदा लड़की को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से सकुशल बरामद किया है। परिजनों के सामने लड़की से पूछताछ की गई जिसमें लड़की ने बताया कि वह किसी बात के लिए उसको परिजनों ने डांट दिया था।

# संक्षिप्त समाचार

## प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ को नवीन गोयल ने पौधा देकर दी बधाई



बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ को जन्मदिन बधाई देते हुए पौधा भेंट करते नवीन गोयल।

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ को पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल, एनजीओ प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा के सह-संयोजक एवं रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल ने जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने उपहार स्वरूप प्रदेश अध्यक्ष को पौधा भेंट किया। यह उपहार प्रदेश अध्यक्ष को खूब भाया। उन्होंने भी हरियाली बढ़ाकर पर्यावरण स्वच्छ बनाने का संदेश दिया। अपने कार्यकर्ताओं के साथ नवीन गोयल रविवार को प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ को जन्मदिवस की बधाई देने पहुंचे। पर्यावरण के प्रति सदा सचेत रहने वाले नवीन गोयल ने कहा कि हमें अपने हर यादगार अवसर पर पर्यावरण का विशेष ध्यान रखना चाहिए। यह अति महत्वपूर्ण है। हम सबका जीवन स्वच्छ पर्यावरण से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण विभाग गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा में पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए काम करता आ रहा है। श्री गोयल ने कहा कि गठन के साथ ही विभाग ने इस क्षेत्र में लाखों पेड़ लगाकर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। खास बात यह है कि समाज के हर वर्ग को साथ लेकर पर्यावरण के लिए विभाग के सदस्य काम करते हैं। राजनीति के साथ सामाजिक तौर पर भी पर्यावरण संरक्षण विभाग काम करता है। इस दौरान उनके साथ गजेंद्र गुप्ता, एमएल सिंगला, गगन गोयल, रवि शर्मा, राजेश गुलिया, ललित क्रांतिकारी, सुलतान वाल्मीकि, योगेश, धर्मेंद्र शर्मा, संदीप भारद्वाज समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

## शहर के विकास पर सरकार का पूरा फोकस : सुधीर सिंगला



गुरुग्राम में दौलताबाद फ्लाईओवर के पास सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने दौलताबाद फ्लाईओवर के निकट आरएमसी रोड के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यह रोड दौलताबाद फ्लाईओवर से गोदरेज सोसाइटी तक बनेगी। इस सड़क का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद होने से जनजीवन सुलभ होगा और आमजनों को यातायात मे बहुत सहूलियत मिलेगी। इस दौरान विधायक सुधीर सिंगला ने लोगों से आग्रह किया कि चाहे सरकारी विभाग हों या आमजन। सड़कों के नीचे से इधर-उधर पाइन लाइन या अन्य कार्य करना हो तो सड़क बनने से पहले ही पूरा करें। बाद में बनी हुई सड़कों को उखाड़ना सही नहीं है। इससे आर्थिक नुकसान होने के साथ लोगों की भी परेशानी बढ़ती है। संबंधित विभाग को इस बात का पूरा ध्यान रखना चाहिए कि सड़क बनाने से पहले हर कार्य को जांच लें। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि विकास कार्य कराने में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही। उन कार्यों को ठीक रखना हमारी भी जिम्मेदारी है। हमें सड़कों पर पानी फेंकने की बजाय नालियों में डालना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हम सब इस बात के लिए खुद से वायदा करें कि हम सरकारी संपत्ति को अपनी समझकर उसे ठीक रखेगें। विधायक ने कहा कि बरसात का बेमौसम की बरसात अब खत्म हो चुकी है। विभागों की ओर से सड़कों के निर्माण का कार्य जोरों पर किया जा रहा है। शहर की सड़कें दुरुस्त हो रही हैं। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि सड़कों के निर्माण के लिए चल रहे कार्यों के लिए वाहन चालक नियमों का पालन करें। इससे वे यातायात के जाम से बच सकते हैं। त्योहारी सीजन में भीड़ भी अधिक रहती है। सभी एक-दूसरे का सहयोग जरूर करें। कार्यक्रम में इलाके के पार्षद योगेन्द्र सारवान, अशोक कुमार, आकाश यादव, रमेश जैन, अमित शर्मा, महेश एडवोकेट, धीर सिंह, राधे पाठक, अशोक शर्मा, विरेन्द्र कौशिक, श्रवण अग्रवाल समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

## पांच हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के लिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 56 प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने गौ तस्करी के मामले में 1 वर्ष से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम नदीम है। आरोपी पलवल जिले के उटावड़ गांव का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से उटावड़ चौक से रेड कर थाना धौज के गौ तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले 1 साल से फरार चल रहा था जिसके लिए आरोपी पर ?5000 का इनाम भी रखा गया था। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पहले भी कई बार जेल जा चुका है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है। मामले में पहली तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अन्य आरोपी की तलाश जारी है जल्द गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जाएगा।

# करीब 6 करोड़ रुपये का बिजनेस करके राष्ट्रीय सरस मेला गुरुग्राम से विदा

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

## गुरुग्राम में सरस ने लिखी सफलता की नई कहानी

## मंत्रालय ने स्वंय सहायता समूह और महिलाओं को किया सम्मानित

**रविवार** को करीब 6 करोड़ रुपये का बिजनेस करके साथ राष्ट्रीय सरस आजीविका मेला विदा हो गया। यहां सेक्टर-29 स्थित लेजरवैली मैदान में लगाए गए इस मेले में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की अच्छी दिवाली मनी। मेले के समापन अवसर पर स्वयं सहायता समूह की ग्रामीण महिलाओं को पुरस्कृत किया गया।

गुरुग्राम में पहली बार 7 से 23 अक्टूबर तक आयोजित राष्ट्रीय सरस आजीविका मेले में लगभग 6 करोड़ की बिक्री हुई। मेले के शुरुआत में 3-4 दिनों तक हुई भारी बारिश ने 27 राज्यों से आई 500 से अधिक महिलाओं को थोड़ा निराश अवश्य किया, लेकिन बाद में तेज धूप के साथ मौसम के साथ बदले मिजाज के साथ दिवाली के मौके पर हुई खरीदारी ने इनके हौसलों पर नई उड़ान दी। मेले के अंतिम दिन इन राज्यों के स्वंय सहायता समूहों को नॉर्थ ईस्ट, फूड, हैंडीक्राफ्ट और हैंडलूम और इंडिया फूड कोर्ट जैसी अलग-अलग श्रेणी में पुरस्कार के लिए चुना गया।

**नॉर्थ ईस्ट का पहला, दूसरा, तीसरा पुरस्कार असम के नाम :** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास मंत्रालय के अतिरिक्त सचिवचरणजीत सिंह और निदेशक रघुवेंद्र प्रताप सिंह ने सभी प्रतिभागियों की प्रोत्साहित करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया। नॉर्थ ईस्ट स्टेट्स का पहला दूसरा और तीसरा पुरस्कार असम के नाम रहा। फूड कैटगिरी में बाजी जम्मू-कश्मीर की गुलिस्तां ने मारी, जबकि दूसरे पायदना पर जम्मू-कश्मीर की ही जय महा देव और तीसरे पर केरला की श्रेयस के नाम रही। हैंडीक्राफ्ट और हैंडलूम में यूपी की जय दुर्गा महिला को पहला पुरस्कार मिला वही जम्मू-कश्मीर की आलीशान को दूसरा और छत्तीसगढ़ के सहेली तीसरे पर रही। चौथे और आखरी कैटेगरी इंडिया फूड कोर्ट में तेलंगाना ने महाराष्ट्र के नंदूबार और केरल के केरला जूस पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया।



गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित लेजरवैली मैदान में सरस मेले के अंतिम दिन खरीददारी करती महिलाएं।

**24 साल से लगाए जा रहे हैं सरस मेले :** ग्रामीण मंत्रालय के राष्ट्रीय विकास एंव पंचायती राज संस्थान पिछले 24 सालों से इस सरस मेलों का आयोजन कर रहा है जिसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वंय सहायता समूह के माध्यम से रोजगार के साधन उपलब्ध कराना है। ग्रामीण मंत्रालय सरस मेलों के माध्यम से ग्रामीण महिलाएं शहरी ग्राहकों को बड़े शहरों में प्लेटफॉर्म के साथ-साथ मार्केटिंग के गुण सिखाता है। सरस मेले में भी 3 दिवसीय वर्कॉप का आयोजन हुआ। इसका आयोजन राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एंव पंचायती राज संस्थान की देखरेख में कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के प्रमुख संगठन राष्ट्रीय उद्यमशीलता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान ने किया।। ग्रामीण विकास मंत्रालय अब तक देश भर 8 करोड़ 60 महिलाएं इस मिशन से जुड़ चुकी है जबकि सरकार का लक्ष्य 2024 तक इनकी संख्या 10 करोड़ करने का है।

# दिवाली की पूर्व संध्या पर बाजारों में रही खास रौनक

कविता। फरीदाबाद



दीपावाली की पूर्व संध्या के अवसर पर रोशनी से जगमगती सेक्टर 15 की मार्केट। धर सजाने के लिए खरीददारी करती महिलाएं।

**दिवाली** से पूर्व रविवार को शहर के बाजारों में खासी रौनक दिखी। लोगों ने फल, फूल, पूजा सामग्री व घर सजाने का सामान खरीदा। शहर के बाजारों में मिठाई व गिफ्ट की दुकानों पर खासी भीड़ नजर आई। इसके चलते कई जगह जाम भी लग गया। दिवाली की तैयारी में बाजार रोशनी से जगमग दिखाई दिए।

लोगों ने देर रात तक बाजार में शॉपिंग की। दिवाली की पूर्व संध्या पर बाजारों में काफी भीड़ रही। लोगों को गाड़ी पार्क करने तक की जगह नहीं मिली। किसी ने दिवाली के लिए नए कपड़े खरीदे, तो किसी ने दियों की खरीदारी की। दिवाली की शापिंग को लेकर सभी में उत्साह दिखाई दिया। भीड़ की वजह से मार्केट में जाम लग गया। गाड़ियों को पांच मिनट का रास्ता तय करने में आधे घंटे का समय लग गया। बाजारों में सबसे अधिक खरीदारी फूल मालाओं की हुई।

**हर दुकान में भीड़:** बाजार की प्रत्येक दुकान पर लोगों की भीड़ देखी जा सकती है। दुकानदारों की मानें तो आजकल बनी हुई रंगोली भी खूब बिक रही है। ग्राहकों की मांग को देखते हुए बाजार में इस बार तरह-तरह के आकर्षक दिये उपलब्ध हैं, जिसमें बाहुबली, फूल और फ्लोवर्स कैंडल खास हैं। इसके अलावा पूजन थाली की भी मांग रहती है।

**फूलों की दुकानें:** जगह-जगह चौक-चौराहों पर फूल मालाओं के स्टॉल लगे हैं। पर्व को ध्यान में रखते हुए फूलों के दाम भी बढ़ा दिए गए। गेंदे की फूल माला जो आम दिनों में दस रुपये की मिलती थी। वो 20 से 25 रुपये में बिकी। कमल व गुलाब के दामों में काफी अंतर आ गया, लेकिन लोगों ने पूजन व घर को सजाने के लिए फूल माला खरीदी।

**भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ी :** दुकानदारों ने बताया कि बाजार में भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ी है। यही कारण है कि दुकान पर आने वाला ग्राहक सजावटी सामान लेने से पहले इसकी जानकारी ले रहे है कि उत्पाद कहां बना है। इसको ध्यान में रखते में हुए स्वेदशी कारीगर ही आकर्षक उत्पाद बना रहे हैं, जिसमें पॉम लटकन मशहूर है। इसके साथ ही फैब्रिक से बनी फूलों की माला, रंग बिरंगी झालर खूब बिक रही हैं।

**प्रसाद की खरीदारी :** परंम्परा के अनुसार लोगों ने खील-बताशे का प्रसाद मां लक्ष्मी को दीपावली के त्योहार चढ़ाने के लिए खरीदा। दीपावली धन और ऐश्वर्य की प्राप्ति का त्योहार है। इस दिन मां लक्ष्मी का पूजन कर जीवनभर धन-संपत्ति की कामना की जाती है। खील-बताशे का प्रसाद किसी एक कारण से नहीं, बल्कि उसके कई महत्व हैं। खील यानी धान (चावल) का ही एक रूप है। खील चावल से बनती है और चावल भारत का प्रमुख अन्न भी है।

# वेतन के लिए कर्मचारियों की हड़ताल बेहद दुख का विषय : विधायक शर्मा

## कहा, तीन दिन में वेतन नही दिया तो अंगद की तरह पैर जमाया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


नगर निगम मुख्यालय के गेट पर धरना देते कर्मचारियों को संबोधित करते एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा।

**एनआईटी-86** फरीदाबाद से विधायक नीरज शर्मा ने नगर निगम मुख्यालय पर 16 सूत्रीय मांगों को लेकर की गई हड़ताल पर पहुंच कर अपना स्मर्थन दिया। नगर निगम फरीदाबाद कर्मचारी 19-20 अक्टूबर से टूल डाउन हड़ताल को लेकर लगातार सरकार से मांग रहे है कि उनका लम्बित वेतन दिया जाएं। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम से बाहर कर नगर निगम में नियमित किया जाए।

आज की हडताल में नगर निगम हेड ऑफिस के और ओल्ड फरीदाबाद के दफ्तर और बल्लभगढ़ के दफ्तर तीनों जोनों के कर्मचारी शामिल रहे। जिसमें नगर पालिका संघ हरियाणा से संबंधित फेडरेशन ने भी हड़ताल में बढ़-चढ कर भाग लिया। एनआईटी-86 के विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि बडे दुख की बात है की नगर निगम कर्मचारियों को अपने वेतन के लिए हडतांल करनी पड रही है इससे ज्यादा शर्म की बात इस सरकार के लिए हो नही सकती। विधायक नीरज शर्मा ने कहा की यह सरकार कर्मचारी विरोधी है क्योकि यह नए-2 रास्ते निकाल कर कर्मचारियों को हटा रही है उसी के लिए सरकार ने कौशल रोजगार निगम बनाया है। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि बीजेपी सरकार में कर्मचारियों वर्ग का शोषण और महंगाई चरम सीमा पर है। यहां पर मजदूर, किसान, व्यापारी तथा कर्मचारी वर्ग दुखी है। कोरोना काल में इन निगम कर्मचारियों ने न तो दिन देखा और न रात देखी पूरी मेहनत और लगन से काम किया परन्तु हरियाणा सरकार ने इन कर्मचारियों की दीवाली काली मना दी। वाह मोदी सरकार अयोध्या में 18 लाख़ दीपोत्सव की तैयारी जोरों पर, जिला फरीदाबाद में 500 परिवारों का दीप बुझाने की तैयारी - यह हरियाणा सरकार की तानाशाही नहीं है तो क्या है। विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि 2014 में जब एनआईटी क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं मंत्री पंडित शिवचरण लाल शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार थी तो हुडडा सरकार ने कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जिसका जीता जागता उदाहरण आज भी पूरे हरियाणा में देखने को मिल जाएगा। विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि सरकार अगर कर्मचारियों का वेतन अगर तीन दिन में नही देती तो अंगद की तरह पैर जमाया जाएगा।

# आर्थिक तंगी में फायर कर्मी ने किया आत्महत्या का प्रयास


अस्पताल में उपाचाराधीन कर्मचारी का हाल चाल पूछते कर्मचारी नेता नरेश शस्त्री व अन्य।

**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर निगम कर्मचारियों ने रविवार को भी फील्ड से लेकर कार्यालय तक सभी कार्य बंद रखे। संघ के आह्वान पर उल्टी झाडू कर काले झंडे हाथों में लेकर शहर के मुख्य मार्ग पर हड़ताली कर्मचारी प्रदर्शन करते हुए काली दिवाली मनाने का ऐलान करेंगे।

हड़ताली कर्मचारियों में उस वक्त मायूसी छा गई जब फायर ब्रिगेड में कार्यरत विजय ड्राइवर ने आर्थिक तंगी के कारण दिवाली के त्योहार पर हाथ की नस काट कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। फायर ब्रिगेड में कार्यरत ड्राइवरों को पिछले 8 माह से वेतन नहीं मिला है। इसलिए विजय और उसका परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने इसकी घोषणा करते हुए नागरिकों से माफी मांगते हुए कहा कि हड़ताल अवधि आगे बढ़ाने का फैसला बड़े भारी व दुखी मन से किया है। सरकार की हठधर्मिता, हड़ताल को जबरन तोड़ने व कर्मचारियों की मांगों के प्रति घोर उपेक्षापूर्ण रवैए के खिलाफ सोमवार को दीपावली के पर्व पर हड़ताली कर्मचारी काले झंडों व झाडू उल्टी के साथ राज्य भर में प्रदर्शन करने का फैसला लिया है।

# वर्ल्ड स्ट्रीट में मनाई गई दिवाली लाइट्स ऑफ जॉय

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**रोशनी** और खुशियों का त्योहार दिवाली लोगों द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाया गया। वर्ल्ड स्ट्रीट, फरीदाबाद ने विभिन्न सांस्कृतिक और मनोरंजन कार्यक्रमों के साथ-साथ कलात्मक दिवाली सजावट की भव्यता लाइट्स ऑफ जॉय भी मनाया।

वर्ल्ड स्ट्रीट चमकदार सुंदर सफेद रोशनी से फरीदाबाद को जगमग कर रहा था और दीवाली समारोहों का उत्साह बड़ा रहा था। चाप के आकार की पाइप लाइट्स, लोटस-शेप्ड दिवाली स्टेज, भव्य रूप से बड़ी दिव्य रंगोली, और शाही वीर धनुष के साथ-साथ भव्य रूप से तैयार किए गए गदा, इस तरह की बोल्ड कलात्मक सजावट प्यार और सच्चाई की नींव को मजबूत करती है और माहौल को खुशनुमा बनाती है। सूफी गायक नीरज ढाल ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुति से सभी का मनोरंजन किया।

इसके अलावा, नृत्य मंडली के प्रदर्शन ने पूरे कार्यक्रम में लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हजारों लोगों ने वर्ल्ड स्ट्रीट का दौरा किया और बड़े उत्साह के साथ आयोजित कार्यक्रम का आनंद लिया। नई दुनिया में, कोविड -19 महामारी के बाद, लोग अपने दोस्तों और परिवारों के साथ दिवाली मनाने के लिए उत्साहित थे, और द रॉयल रेजीडेंसी, वर्ल्ड स्ट्रीट में कार्यक्रम एक ऐसा अवसर था, जहां लोग उत्साहित पाए गए और एक यादगार रात अपने साथ ले गए।

# हनुमान जयंती पर निकाली भव्य शोभा यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


हनुमान जयंती के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा में सजी झांकी।

**हनुमान** जयंती महोत्सव के अवसर पर अखिल भारतवर्षीय श्रीसनातन धर्म महाबीर दल फरीदाबाद द्वारा 1 बी ब्लॉक स्थित सिद्धपीठ श्रीहनुमान मंदिर के प्रांगण से दोपहर 3 बजे भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

मंदिर प्रांगण से निकाली गई इस 50वीं शोभा यात्रा में हनुमानजी महाराज के अनेक सुंदर स्वरूपों का दर्शन झांकियों के माध्यम से कराया जाता है। जिसमें मुख्य रूप से श्रीराम मंदिर अयोध्या की प्रस्तुति, उड़ते हुए श्रीहनुमान महाराज का सुंदर स्वरूप एवं पंचमुखी हनुमान का भव्य रूप देखने को मिलता है। यात्रा दोपहर 3 बजे मंदिर प्रांगण से आरंभ होकर एन.एच.1, एन.एच.5, एन.एच.4, एन.एच.3, एन.एच.2 से घूमते हुए रात्रि 9.30 बजे मंदिर प्रांगण में आकर ही समाप्त होती है, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं। इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन मंदिर के प्रधान एवं पूर्व महापौर नगर निगम अशोक अरोड़ा के नेतृत्व में किया जाता है।

यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता बड़खल विधानसभा क्षेत्र से विधायक सीमा त्रिखा एवं स्लैज हैमर कंपनी के चेयरमैन प्रदीप मोहंती ने की। यात्रा आरंभ करने से पूर्व विधिवत रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद दोपहर 2 बजे झंडा पूजन, 3 बजे शोभायात्रा प्रस्थान और रात्रि 9 बजे पारितोषित वितरण कार्यक्रम संपन्न होता है। सिद्धपीठ श्रीहनुमान मंदिर से निकाली जाने वाली शोभायात्रा का इतिहास बड़ा गौरवशाली रहा है। आज से ठीक 5 दशक पहले अखिल भारतवर्षीय महाबीर दल नंबर 1 बी ब्लॉक की तरफ से हनुमान जयंती पर शोभा यात्रा की शुरूआत हुई थी।

# स्लेजहैमर फाउंडेशन में दीप और रंगोली सजा मनाई दिवाली




कविता। फरीदाबाद




**सेक्टर-नौ** स्थित स्लेजहैमर फाउंडेशन में पढ़ाई करने वाले बच्चों ने इस बार दिवाली अनोखे अंदाज में मनाई। इस दौरान उन्होंने दिवाली के शुभकामनाओं संदेशों और गणेश और लक्ष्मी की डिजाइन समेत हैप्पी दिवाली के संदेशों में रंग भरे और फाउंडेशन में डैकोरेशन करते हुए एक प्यारी और बड़ी सी रंगोली बनाई।

जिसे देखकर स्लेजहैमर फाउंडेशन की वाइस प्रेजीडेंट प्रतिमा मोहंती और अध्यापिकाएं डेजी और चंद्रकांता हैरान रह गईं कि इतनी कम उम्र के बच्चों ने इतनी सफाई से डिजाईनों में रंग भरे कि मानों उन्होंने अपनी मन में आई आकृतियों को उस पर दर्शा दिया हो। डेकोरेशन देखने के बाद स्लेजहैमर फाउंडेशन की वाइज चेयरपर्सन ने उन्हें दीवाली के मौके पर अपने घरों को भी इसी तरह से सजाने को कहा। जानकारी के मुताबिक एक ओर जहां पूरे देश में दिवाली पर पटाखे, प्रदूषण और कम खर्च को लेकर बहस चल रही है, वहीं शहर में बच्चों ने रंगोली बनाकर दिवाली को धूम-धाम से मनाने का संदेश दिया है। बच्चों ने रंगोली में 'बेटी के साथ दिवाली मनाओ और जमकर दीप जलाओ' की थीम पर रंगोली बनाई। स्लैज हैमर फाउंडेशन में सर्व शिक्षम के तहत शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों ने रंगोली बनाई। रंगोली को स्टाइल का लुक देने के लिए इसमें छोटी-छोटी आकृति बनाई गई। अलग-अलग रंगों के माध्मय से उत्साह के पर्व दिवाली को रंगोली में दिखाया। वहीं दीवाली पर एक दीया जलाकर घरों में हमेशा रोशनी करके रखने का भी संदेश दिया। इस मौके पर स्लेजहैमर की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रतिमा मोहंती ने कहा कि बेटियों के बिना त्योहार अधूरा है, इस मौके पर उन्होंने फाउंडेशन की बच्चियों के संग अलग से तस्वीर भी खिचवाई। इस बारे में डॉ. प्रतिमा मोहंती ने बताया कि बच्चों ने लक्ष्मी, गणेश और दीपावली की शुभकामनाओं के प्यारे संदेश बनाए, वहीं उन्होंने इस मौके पर एक प्यारी सी रंगोली भी तैयार की। उन्होंने बताया कि इस मौके पर उन्होंने बच्चों के संग दीपावली को खूब इंजाय किया। फाउंडेशन की अध्यापक डेजी और चंद्रकांता ने बच्चों के संग इस दौरान काफी मेहनत की, उन्होंने डिजाईन बनाकर दिए, तो बच्चों ने रंग भरकर लक्ष्मी, गणेश भगवान समेत प्यारे-प्यारे संदेश बनाए।

# अधिकारियों ने लिया रैली स्थल का जायजा



**फरीदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार, 27 अक्टूबर को फरीदाबाद आ रहे हैं। गृह मंत्री शाह व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल जन उत्थान रैली को भी संबोधित करेंगे। रैली के आयोजन को लेकर की जा रही व्यवस्था के मद्देनजर रविवार को पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा और डीसी विक्रम सिंह सहित तमाम पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने सेक्टर -12 स्थित हेलीपैड मैदान में होने वाली रैली स्थल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने रैली स्थल पर वीवीआईपी, वीआईपी स्टेज, प्रेस गैलरी, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा ओबी वैन स्थानों के निर्धारण निरीक्षण सहित रैली में आने वाले लोगों की सुविधा के लिए की जा रही व्यवस्था को देखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान प्रशासनिक, पुलिस एमसीएफ, एफएमडीए सहित तमाम विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के बाद लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में डीसी विक्रम सिंह ने अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जिस भी अधिकारी को जहां दायित्व सौंपा है, वह निर्धारित समय में पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री के आगमन को लेकर सरकार ने जो गाइडलाइन जारी की है उनके अनुरूप सभी जिला विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की 30 अक्टूबर तक छुट्टियां रद्द कर दी गई है। तमाम अधिकारी व कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर मौजूद मुस्तैद रहे। पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने वीआईपी रूट, वीवीआईपी रूट, क्यूआरजी हॉस्पिटल, ओल्ड फरीदाबाद चौक, सेक्टर -14, सेक्टर -17 रोड आदि रूट का निरीक्षण किया।

## संक्षिप्त समाचार

### दिवाली पर दिव्यांग मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**फरीदाबाद।** नई उड़ान, ट्रस्ट ने बल्लभगढ़ के मोहना रोड स्थित अपने कार्यालय पर दिवाली पर्व के उपलक्ष में दिव्यांग दिवाली मिलन समारोह किया। इस मौके पर सीएम हरियाणा के कॉर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ मुख्य अतिथि व भारतीय जनता पार्टी व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विमल खंडेलवाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की शुरूआत जाति, धर्म, रंग और नशल के भेदभाव को भुलाकर, राष्ट्र एकता को बढ़ावा देते हुए, देश की समृद्धि और उनती की ईश्वर से प्रार्थना करते हुए हवन कराकर की गई। हवन में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सहित सभी धर्मो के लोगो ने हिस्सा लिया है। नई उड़ान ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य विक्रम नाथ ने समारोह को संबोधित करते हुए नई उड़ान ट्रस्ट की नई टीम की घोषणा की ओर बताया आज से नई उड़ान ट्रस्ट के निम्न अधिकारियों को निम्न ज़िम्मेदारी दी जा रही है जिसमें मो असलम, अध्यक्ष, विक्रम नाथ, सचिव उपाध्यक्ष, मो रहीश कोषाध्यक्ष और मिडिया प्रमुख, जितेंद्र ठाकुर इवेंट मैनेजर व सह सचिव, कल्याण सिंह चावड़ी, एसिटेंट इवेंट मैनेजर तथा सोनो, एसिस्टेंट इवेंट मैनेजर, विनय कश्यप सह सचिव, गिरधर सह सचिव, राजेश चौधरी सोशल मीडिया प्रमुख, मो सलमान, सह सोशल मीडिया प्रमुख, प्रमोद सह मिडिया प्रमुख, मो शबुल, सह मिडिया प्रमुख, सुनील शर्मा, प्रचारक, योगी लेखराज योग हेड/स्पोर्ट हेड, विपुल शर्मा, ग्रीवेंस कमेटी हेड, हिना रहीश सैफी, महिला प्रमुख, सुनैना चिकारा, महिला सह सचिव शामिल है। इस मौके पर नई उड़ान ट्रस्ट के फाउंडर मो रहीश ने बताया कि नई उड़ान ट्रस्ट, आने वाली 4 दिसंबर, 2022 वर्ल्ड डिसएबिलिटी डे, 3 दिसंबर, 2022 के उपलक्ष मे एक दिव्यांग मैराथन का आयोजन करने जा रही हैं।

### केएल मेहता स्कूल में ऋषि निर्वाण दिवस मनाया

**फरीदाबाद।** आर्य केंद्रीय सभा नगर निगम के तत्वावधान में केएल मेहता दयानंद पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नेहरू ग्राउंड के प्रांगण में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऋषि निर्वाण दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ यज्ञ हवन भवन से हुआ, जिसकी अध्यक्षता एवं टुटेजा ने की। इस अवसर पर आर्य केंद्रीय सभा नगर निगम सदस्यों ने ऋषि देव दयानंद को श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्थान के अध्यक्ष कन्हैया लाल महता को आर्य समाज में योगदान देने के लिए श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। केएल महता दयानंद शिक्षा शिक्षण संस्थान के विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षिकाओं ने अपने वक्ताओं द्वारा स्वामी दयानंद के जीवन पर प्रकाश डाला तथा शिक्षण संस्थान के विद्यालय से जुड़ी अन्य शिक्षिकाओं ने अपने भजनों द्वारा स्वामी दयानंद का श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विभिन्न वक्ताओं ने महर्षि दयानंद सरस्वती जी के कार्य पर प्रकाश डाला द्य इस अवसर पर मुख्य वक्ता सुरेश शास्त्री ने आर्य समाज के गौरवशाली इतिहास, स्वामी के योगदान एवं देश के नवनिर्माण में उनके योगदान पर चर्चा की। टुटेजा ने कार्यक्रम के अंत में सभी गणमान्य अतिथियों का धन्यवाद किया। सभी को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का अंत शांति पाठ से किया गया है तथा प्रसाद वितरण किया गया।

### धूमधाम से मनाया गया सातवां आयुर्वेदिक दिवस




**फरीदाबाद।** सातवां आयुर्वेदिक दिवस आयुष विभाग की तरफ से बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सातवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत जिला फरीदाबाद में आयुष विभाग द्वारा डॉ अजित सिंह, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी फरीदाबाद के निर्देशन में यूपीएससी मुजेसर में नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प का आयोजन रविवार को किया गया। शिविर में इस वर्ष का विषय हर दिन हर घर आयुर्वेद पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में डॉ मनीष लाम्बा एएमओ ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम का प्रारंभ धनवंतरी भगवान के पूजन एवं हवन के साथ किया गया। इस कैंप में आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, योग के परामर्श व औषधि का वितरण किया गया। इस शिविर में पंचकर्म चिकित्सा के साथ-साथ शुगर बीपी की निशुल्क जांच की गई। इस कैम्प में पारंपरिक आयुर्वेदिक भोजन जैसे आंवला पानक, अदरक पाक, तिल चटनी, गुलकंद आदि को बना कर प्रदर्शनी लगाई गई व आम जन को इन के लाभ भी बताये गए। इस कैम्प में 251 मरीजों को स्वास्थ्य लाभ मिला।

### हरित दीपावली के लिए निकाली जन जागरण रैली




**फरीदाबाद।** सराय ख्वाजा फरीदाबाद स्थित गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों ने प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा के निर्देशानुसार जूनियर रेडक्रॉस, सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और गाइड्स के साथ मिलकर स्वच्छ और हरित दीपावली के लिए जन जागरण रैली का आयोजन किया। फरीदाबाद और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में निरंतर बढ़ रहे वायु प्रदूषण का सामना कर रहे स्थानीय निवासियों और समस्त देशवासियों से स्वच्छ और हरित दीपावली मनाने की अपील करते हुए विद्यालय की क्लीन दिवाली ग्रीन दीवाली अभियान के संयोजक विद्यालय के प्राचार्य एवं जूनियर रेड क्रॉस व सैंट जॉन एम्बुलैंस ब्रिगेड प्रभारी मनचन्दा ने जन जागरण रैली को रवाना करते हुए कहा कि वायु प्रदूषण को प्रभावहीन करने के लिए विद्यालय द्वारा स्वच्छ एवं हरित दीपोत्सव पर्व मनाने के लिए जन साधारण को जागरूक और सतर्क करने का प्रयास किया जा रहा है हम सभी का यह दायित्व और भी अधिक हो जाता है कि हम स्वच्छ दीपावली मनाते हुए अपने पर्यावरण की भी सुरक्षा करें।

### पांच साल से फरार इनामी गो तस्कर गिरफ्तार किया

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश के तहत कार्यवाही करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 56 प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने गौ तस्करी के मामले में फरार चल रहे 10000 के नाम में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम साकिर उर्फ कल्लू है आरोपी फरीदाबाद के गांव धौज का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना धौज के गोकशी के मामले में नूंह जिले के सिकरावा गांव से गिरफ्तार किया।

### लापता लड़की को तलाश कर परिजनों को सौंपा

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सब इंस्पेक्टर सरजीत की टीम ने 13 वर्षीय गुमशुदा नाबालिग लड़की को सैक्टर 30 से सकुशल बरामद कर परिजनों के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि नाबालिक लड़की घरवालों से किसी बात को लेकर नाराज थी जो घर से 16 अक्टूबर को बिना बताए कहीं चली गई थी। जिसकी शिकायत थाना सेक्टर 8 में प्राप्त हुई। शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लड़की की तलाश की जा रही थी। मामले की कार्रवाई क्राइम ब्रांच कैट के द्वारा करते हुए गुमशुदा लड़की को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से सकुशल बरामद किया है।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 24 अक्टूबर, 2022



# ट्रस का इस्तीफा

## वित्तीय लापरवाही

**लिज़** ट्रस को इसलिए इस्तीफा देना पड़ा क्योंकि उन्होंने बिना सार्वजनिक वित्त व्यवस्था का ध्यान रखे कर कटौतियों का निर्णय किया था। ब्रिटेन में अब ब्रिटिश प्रधानमंत्री लिज़ ट्रस का वारिस बनने की दौड़ तेज हो गई है। इसमें भारतीय मूल के ऋषि सुनक तथा ट्रस के पूर्ववर्ती बोरिस जान्सन अपने समर्थकों का नेतृत्व करेंगे। जान्सन अपनी वापसी के प्रयास कर रहे हैं। वित्त मंत्री जेरेमी हंट जैसे कुछ वरिष्ठ नेताओं ने सर्वोच्च पद की दौड़ में शामिल होना उचित नहीं समझा, लेकिन रक्षा सचिव बेन वैलेस जेसे नेताओं की स्थिति स्पष्ट नहीं है। चुने जाने के लिए किसी भी नेता को पार्टी सांसदों के कम से कम 100 नामांकन चाहिए। चूंकि कंजरवेटिव पार्टी के 357 सांसद हैं, इसिलए तीन से ज्यादा उम्मीदवार दौड़ में शामिल नहीं हो सकते हैं। यदि केवल एक उम्मीदवार होगा तो वह बिना किसी चुनाव के नया प्रधानमंत्री बन जाएगा। वैसे भी 28 अक्टूबर को देश को नया नेता मिलेगा। 10, डाउनिंग स्ट्रीट में केवल 45 दिन रहने वाली ट्रस के पतन से ब्रिटिश लोकतंत्र में 'अधीरता की भावना' का पता चलता है। हमारे देश में हर निर्वाचित सरकार स्वयं को एक 'हनीमून काल' का अधिकारी मानती है, इसका अर्थ है कि इस कालखंड में विपक्ष या मीडिया उसके प्रति कोई कठोरता नहीं बरतते हैं। सत्ता के पहले 100 दिन या उसके बाद भी आमतौर से लोग सोचते हैं कि 'अभी तो आए हैं, कुछ समय दो इनको'। ऐसे में देखें तो बेचारी ट्रस को इसका आधा समय भी नहीं मिला। आठ साल सत्ता में रहने के बाद भी भाजपा अभी लगभग सारी गलत चीजों के लिए 'कांग्रेस कुशासन' को जिम्मेदार ठहराती है। भाजपा के सत्ता में आने से पहले कांग्रेस देश की सारी समस्याओं का जिम्मेदार अंग्रेजों को बताती थी। तथ्य यह है कि अधीरता लोकतंत्र का गुण है क्योंकि इससे राजनेता वर्ग लगातार सतर्क तथा जमीन पर रहता है। इससे उन पर यह बताने का दबाव भी रहता है कि अपने वादे कैसे पूरे करेंगे। पिछले महीने आए ट्रस के 'मिनी बजट' में कटौती की गई थी, लेकिन उनकी सरकार यह नहीं समझा सकी कि राजस्व में आने वाली कमी कैसे दूर की जाएगी। इसी कारण जनता, सार्वजनिक बुद्धिजीवी व राजनेता ब्रिटेन व अन्य विकसित देशों में हमेशा 'कैसे' जरूर पूछते हैं। इनमें सत्तारूढ़ दल के नेता भी शामिल होते हैं और इसी कारण वे चुनावी वादों से लोगों को मूर्ख नहीं बना सकते हैं। भारत में सभी प्रकार के वादे किए जाते हैं, लेकिन विरले ही यह समझाया जाता है कि ये वादे कैसे पूरे किए जाएंगे। ब्रिटेन में ऐसा नहीं है। ट्रस ने स्वयं को पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री मार्गेट थैचर के प्रशंसक की तरह पेश किया था, लेकिन वे वह प्रतिभा नहीं दिखा सकीं जिसके लिए 'लौह महिला' कही जाने वाली थैचर विख्यात थीं। ट्रस ने बहुत जल्दबाजी दिखाई। करों में कटौती अच्छी बात थी, पर अन्य आयामों पर गौर किए बिना उनको लागू नहीं किया जा सकता था तथा उनको वित्तीय स्थिति की संगति में होना चाहिए था क्योंकि सार्वजनिक वित्त पर दबाव की स्थिति में कर कटौती नहीं की जा सकती है। क्रिकेट की शब्दावली में कहें तो उन्होंने अपनी इनिंग की शानदार शुरुआत करनी चाही, पर वे जल्दी आउट हो गईं। इस कारण देश उनके कौशल व क्षमताओं को नहीं देख सका। उनके बाद आने वाले प्रधानमंत्री को अपने पैर मजबूती से जमीन पर टिकाए रखने होंगे क्योंकि ब्रिटिश जनता भारतीय जनता की तरह किसी को जल्दी माफ नहीं करती है।



# अफ़गान महिलाओं के लिए शिक्षा जरूरी

तालिबान अफगानिस्तान में महिलाओं को कालेज जाने से रोक रहे हैं। वे महिलाओं को उनके घरों की चारदीवारी तक सीमित रखना चाहते हैं।



**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक, दि पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



आज जब अधिकांश दुनिया का ध्यान ध्यान यूक्रेन-रूस युद्ध में हो रही घटनाओं पर लगा है, वहीं अफगानिस्तान में तालिबान ने महिलाओं के शिक्षा अधिकार पर निरंतर हमला बोलते हुए इस दिशा में एक नया नकारात्मक अध्याय खोल दिया है। खबरों के अनुसार इस साल अफगानिस्तान के राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश परीक्षा के लिए शामिल हो रही लड़कियों ने पाया कि विश्वविद्यालयी शिक्षा के अनेक विषय अब उनकी सीमाओं से बाहर चले गए हैं। बीबीसी में हफीजुल्ला मारूफ़ की 'अफगानिस्तान: तालिबान बार वीमेन फ्राम मेनी युनिवर्सिटी सब्जेक्ट्स' शीर्षक वाली रिपोर्ट से पता लगा कि तालिबानों ने महिलाओं के लिए विश्वविद्यालयी शिक्षा के अनेक विषयों पर प्रतिबंध लगा दिया है। तालिबान ने अफगानिस्तान को अपने दृष्टिकोण के अनुसार, अनेक क्षेत्रों में बांट दिया है जहां एक विश्वविद्यालय से दूसरे विश्वविद्यालय तक महिलाओं के लिए शिक्षा क्षेत्रों को सीमित किया गया है तथा कुछ क्षेत्रों में उनके प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जहां उनको सभी क्षेत्रों के विश्वविद्यालयों में चिकित्सा, नर्सिंग, साहित्य व इस्लामी अध्ययनों में प्रवेश की अनुमति है, वहीं आमतौर से उनको इन विश्वविद्यालयों में इंजीनियरिंग, कृषि, अर्थशास्त्र, पशु चिकित्सा विज्ञान, पत्रकारिता व भूगर्भशास्त्र में अध्ययन से वंचित किया गया है। हालांकि, काबुल विश्वविद्यालय में महिलाओं के लिए पत्रकारिता जैसे पाठ्यक्रमों को खुला रखा गया है। लेकिन अन्य क्षेत्रों के विश्वविद्यालयों में महिलाओं को इन पाठ्यक्रमों से वंचित किया गया है।

कोई आश्चर्य नहीं कि इससे अफगानिस्तान की लड़कियों में निराशा व दु:ख की भावना व्याप्त हो गई है। बीबीसी में मारूफ़ की उपरोक्त रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष विभिन्न विश्वविद्यालयों की प्रवेश परीक्षाओं में भाग लेने के इच्छुक 1,00,000 छात्रों में 30,000 लड़कियां थीं। हालांकि, पिछले वर्षों में विश्वविद्यालयों में प्रवेश की इच्छा रखने वाली लड़कियों की संख्या घट रही है। हवा का रुख इस बात से पता चलता है कि इस वर्ष लाघमान प्रांत में विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षाओं में केवल 182 लड़कियां शामिल हुईं, जबकि 2001 में उनकी संख्या 1,200 थी। तालिबान ने लड़कियों को कक्षा 6 के बाद स्कूलों में शिक्षा से वंचित कर दिया है। इसका विश्वविद्यालयों में प्रवेश की इच्छुक लड़कियों की संख्या पर भयानक नकारात्मक असर पड़ा है। यदि तालिबान द्वारा लड़कियों को सेकेंड्री शिक्षा से वंचित करना जारी रखा गया जिसमें कक्षा 7 से कक्षा 12 तक शामिल हैं तो अगले साल विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षाओं में उनकी संख्या और कम हो सकती है।

अपने इन महिला-विरोधी फैसलों के बावजूद तालिबान जनता को यह समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि ये नियंत्रण लागू कर वे शिक्षा पर महिलाओं के अधिकार को कमजोर नहीं कर रहे हैं तथा वे पिछले साल अगस्त में देश की सत्ता पर कब्जा करने के बाद से अपना काम लगातार जारी रखना चाहते हैं। लेकिन शायद तालिबान के दृष्टिकोण में अफगानिस्तान की भावी प्रगति में लड़कियों व महिलाओं का कोई स्थान नहीं होगा। मारूफ़ की रिपोर्ट के अनुसार तालिबान सरकार में उच्च शिक्षा मंत्रालय के परीक्षा विभाग के प्रमुख अब्दुल कादिर खामोश ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा है कि लड़कियां केवल तीन या चार अपवादों को छोड़ कर अपनी पसंद के विषय अध्ययन के लिए चुन सकती हैं। रिपोर्ट में उनका संदर्भ देते हुए कहा गया है कि 'हमें महिलाओं के लिए अलग कक्षाओं की आवश्यकता है। कुछ क्षेत्रों में महिला उम्मीदवारों की संख्या कम है, इसलिए हम महिलाओं को कुछ पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अनुमति नहीं दे रहे हैं।' लेकिन ऐसे स्पष्टीकरणों पर आसानी से विश्वास नहीं किया जा सकता है। नवीनतम नियंत्रणों को स्कूलों में कक्षा सात से कक्षा 12 तक लड़कियों को अनुमति न देने के परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। इस निर्णय के विरोध में अफगानिस्तान के विभिन्न शहरों में महिलाओं ने अनेक प्रदर्शन किए तथा दुनिया भर में तालिबानों के इन महिला शिक्षा विरोधी कदमों की निन्दा हुई। संयुक्त राष्ट्रसंघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने 18 नवंबर, 2022 को अफगानिस्तान में बिना लड़कियों के स्कूल खुलने की पहली वर्षगांठ पर ट्विटर पर लिखा, 'लड़कियों के ज्ञान व अवसर प्राप्त करने का एक साल खो गया, जिसे वे कभी वापस नहीं प्राप्त कर सकेंगी। तालिबान को उनको स्कूलों में आने की अनुमति अवश्य देनी चाहिए।' उसी दिन अफगानिस्तान में यूएन सहायता मिशन-यूएनएएमए के कार्यकारी प्रमुख मार्कुस पोटजेल ने कहा, 'हाईस्कूल से लड़कियों को लगातार शिक्षा से बाहर रखने का कोई विश्वसनीय औचित्य नहीं है, न ही दुनिया में कहीं और ऐसे कदम उठाए जा रहे हैं। यह लड़कियों की एक पीढ़ी तथा अफगानिस्तान के भविष्य के लिए अत्यधिक हानिकारक है।'

> **सभी जानते हैं कि आत्मकेन्द्रित सर्वोच्च तालिबानी नेता लड़कियों की शिक्षा के खिलाफ हैं। इसे देखते हुए स्पष्ट है कि आने वाले समय में अफगानिस्तान में लड़कियों व महिलाओं को कठोर स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। खासकर इस स्थिति का कारण यह है कि दुनिया तालिबान के खिलाफ निन्दा करने वाले बयान तो जारी कर सकती है**

देश के भीतर से भी इस फैसले के खिलाफ आवाज उठ रही है। विदेशी मामलों के उप-मंत्री शेर मुहम्मद अब्बास स्टानिकजाई ने 27 सितंबर, 2022 को काबुल में तालिबान के एक आयोजन में कहा, 'यह बहुत महत्वपूर्ण है कि बिना किसी भेदभाव के सबको शिक्षा दी जाए।' उन्होंने कहा, 'महिलाओं को शिक्षा मिलनी चाहिए। लड़कियों की शिक्षा पर कोई इस्लामी प्रतिबंध नहीं है। हमें दूसरों को ऐसे अवसर नहीं देने चाहिए कि वे सरकार व जनता के बीच खाई पैदा कर सकें। यदि मुद्दे तकनीकी हैं तो उनका समाधान करने की आवश्यकता है।' लेकिन संभवत: स्वयं स्टानिकजाई को ही हाशिए पर धकेल दिया गया है। वे अमेरिका के साथ कतर में 29 फरवरी, 2020 को हुए समझौते तक पहुंचने वाली तालिबान टीम के प्रमुख थे। इस समझौते के परिणामस्वरूप ही अगस्त, 2021 को तालिबान का अफगानिस्तान की सत्ता में पहुंचना संभव हुआ। इसे देखते हुए उनको सरकार में बहुत उच्च पद दिया जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसे देखते हुए लगता है कि उनकी उपरोक्त टिप्पणियों का कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। वर्तमान स्थितियों को देखते हुए ऐसा नहीं लगता कि भविष्य में भी इसका कोई प्रभाव पड़ेगा। इसका एक महत्वपूर्ण संकेत नुरुल्ला मुनीर के पद से हटाए जाने से स्पष्ट होता है। बताया जाता है कि मुनीर लड़कियों की शिक्षा के पक्षधर हैं और जब वे शिक्षा मंत्री के पद पर थे तब तालिबान सरकार ने 20 सितंबर को घोषणा की थी कि मार्च, 2022 से लड़कियों के स्कूल पुन: खुल जाएंगे। लेकिन इस घोषणा पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। बताया जाता है कि उनके बाद शिक्षा मंत्री के पद पर आए हबीबुल्ला आगा को कोई औपचारिक शिक्षा नहीं मिली है, लेकिन वे तालिबान के सुप्रीम नेता हिबातुल्ला अखुंदजादा के नजदीकी हैं। वे उसी आदेश पर काम करेंगे जो उनको अखुंदजादा से मिलेगा। उन्होंने खबरिया एजेंसी एएफपी को 21 सितंबर को बताया, 'हम अपने आप कोई योजना नहीं बना सकते हैं। हम यह काम नहीं करेंगे। इसके बजाय मैं सर्वोच्च नेता से मिले निर्देशों पर काम करूंगा।'

सभी जानते हैं कि आत्मकेन्द्रित सर्वोच्च तालिबानी नेता लड़कियों की शिक्षा के खिलाफ हैं। इसे देखते हुए स्पष्ट है कि आने वाले समय में अफगानिस्तान में लड़कियों व महिलाओं को कठोर स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। खासकर इस स्थिति का कारण यह है कि दुनिया तालिबान के खिलाफ आलोचनात्मक या निन्दा करने वाले बयान तो जारी कर सकती है, लेकिन तालिबान बिना सहायता तथा विदेशों में जब्त किए गए अपने पैसे के बिना भी काम चला रहे हैं।

# व्यापक धूम्रपान विरोधी नीति की अनिवार्यता

> **धूम्रपान विरोधी नीति से लाभ सीमित हैं और बेहतर परिणामों के लिए इस पर फिर से विचार करने की आवश्यकता है।**

**अनु अन्ना जो**
(लेखिका लोक नीति शोध केंद्र, कोची में वरिष्ठ सहायक हैं)



तंबाकू के खतरे से निपटने के लिए अपनाई गई रणनीति या तो छोड़ दी जाती है या मर जाती है। भारत में 10 करोड़ से अधिक लोग नियमित रूप से तंबाकू का सेवन करते हैं। भारत में तंबाकू के विकल्पों की दुनिया की सबसे विविध श्रेणी है, जो खतरनाक से लेकर बहुत खतरनाक तक भिन्न होती है और धूम्रपान करने वाले तीन में से दो लोग तंबाकू से संबंधित बीमारी से मर जाते हैं।

तंबाकू का उपयोग करने वाले लोगों की इतनी बड़ी संख्या के साथ, 'छोड़ो या मरो की नीति' से अकेले 'नुकसान में कमी' नीति की ओर बढ़ने का समय आ गया है। सभी तंबाकू उत्पादों को पिछले 50 वर्षों में 'किसी भी रूप या भेष में घातक' के रूप में देखा गया है, जैसा कि 2006 के डब्ल्यूएचओ अभियान ने इसे वाक्यांशबद्ध किया था। तंबाकू नियंत्रण पर डब्ल्यूएचओ का फ्रेमवर्क कन्वेंशन भारत सहित अपनी 150+ पार्टियों से तंबाकू उत्पादों की मांग को कम करने के उपायों को अपनाने का आग्रह करता है (जैसे, चेतावनी लेबल, सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियान, कर वृद्धि) और तंबाकू उत्पादों की आपूर्ति को कम करना, जिसमें तंबाकू को प्रोत्साहित करना शामिल है। किसान वैकल्पिक फसलों की ओर रुख करें।

हालांकि एक सफलता के रूप में कहा जाता है, द लैंसेट में प्रकाशित 2017 के एक अध्ययन के अनुसार, संधि के पहले 10 वर्षों में धूम्रपान की दरों में मामूली गिरावट आई है - कुल मिलाकर लगभग 2 प्रतिशत। तंबाकू नियंत्रण पर डब्ल्यूएचओ फ्रेमवर्क कन्वेंशन (एफसीटीसी) पहली अंतरराष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य संधि है जो तंबाकू नियंत्रण के वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दे पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य वर्तमान, प्रासंगिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और आर्थिक विचारों के आधार पर तंबाकू नियंत्रण के साधन तैयार करना है। भारत ने 2004 में एफसीटीसी की पुष्टि की। संधि में तंबाकू के नुकसान में कमी की अवधारणा भी शामिल है - तंबाकू उपयोगकर्ताओं को कम हानिकारक विकल्पों पर स्विच करने के लिए प्रोत्साहित करना। एफसीटीसी तंबाकू नियंत्रण को 'तंबाकू उत्पादों की खपत को समाप्त करने या कम करने और तंबाकू के धुएं के संपर्क में आने से आबादी के स्वास्थ्य में सुधार के लिए आपूर्ति, मांग और नुकसान में कमी की रणनीतियों की एक श्रृंखला' के रूप में परिभाषित करता है, लेकिन नुकसान कम करने की रणनीतियों पर बहुत कम ध्यान दिया गया है। तंबाकू के नुकसान में कमी उन उपकरणों के माध्यम से सिगरेट से होने वाले नुकसान को कम करने के सिद्धांत पर आधारित है, जो धूम्रपान से जुड़े नुकसान को कम करते हैं, उन लोगों को निकोटीन (निकोटीन सेवन का क्लीनर रूप) प्रदान करते हैं जो छोड़ना नहीं चाहते हैं (स्वयं या वर्तमान में स्वीकृति के साथ)।

पिछले 15 वर्षों में, तकनीकी और वैज्ञानिक नवाचारों ने तंबाकू और निकोटीन उत्पादों की एक विस्तृत विविधता का विकास किया है जो सिगरेट की तुलना में काफी सुरक्षित हैं; अपेक्षाकृत कम समय में, दुनिया भर में लाखों धूम्रपान करने वालों ने इन उत्पादों को अपना लिया है। इस तरह, ई-सिगरेट और गर्म तंबाकू उत्पादों जैसे उत्पादों ने स्वीडन, यूके, यूएसए, जापान, न्यूजीलैंड सहित कई देशों में तंबाकू के नुकसान को कम करने वाले उत्पादों के रूप में लोकप्रियता हासिल की है। इन उत्पादों को उपन्यास तंबाकू और निकोटीन उत्पादों की व्यापक श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। नवीन तंबाकू और निकोटीन उत्पाद वैकल्पिक निकोटीन वितरण प्रणाली हैं, जो तंबाकू के पत्तों के दहन से निकलने वाले धुएं की तुलना में काफी कम हानिकारक उत्सर्जन करते हैं और उन लोगों के लिए एक विकल्प हो सकते हैं जो अन्य उपलब्ध साधनों का उपयोग करके धूम्रपान से परहेज करने में असमर्थ हैं।

तम्बाकू महामारी से एक संकेत लेते हुए, भारत सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध (उत्पादन, निर्माण, आयात, निर्यात, परिवहन, बिक्री, वितरण, भंडारण और विज्ञापन) अधिनियम- 2019 पारित करने के साथ इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया।

प्रतिबंध ई-सिगरेट की संभावनाओं और वैज्ञानिक प्रमाणों की खोज के बिना एक उत्पाद के रूप में लगाया गया था जो तंबाकू समाप्ति में सहायता कर सकता है। ई-सिगरेट या कम हानिकारक विकल्पों पर प्रतिबंध लगाने से धूम्रपान करने वालों के बेहतर विकल्प पर जाने का अधिकार समाप्त हो जाता है।

अकेले तंबाकू से संबंधित बीमारियों के इलाज पर प्रत्यक्ष स्वास्थ्य व्यय भारत में एक वर्ष (डब्ल्यूएचओ) में कुल स्वास्थ्य खर्च का 5.3 प्रतिशत है। यह पाया गया है कि तंबाकू से संबंधित बीमारियों के इलाज और उससे होने वाली उत्पादकता के नुकसान से देश को सालाना लगभग 13,500 करोड़ रुपये खर्च होते हैं। सरकार को बेहतर विकल्पों की पहचान करनी चाहिए और नवाचार को प्रोत्साहित करना चाहिए जिससे अंतत: सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार हो सके। सरकार के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने नागरिकों की बेहतरी के लिए नुकसान कम करने के विकल्पों को अपनाने में बहुआयामी और पक्षपात रहित रुख अपनाए। निषेध को इस तरह से देखा जाना चाहिए कि नवीन उत्पादों की इस विस्तृत श्रृंखला में समय से पहले होने वाली मौतों और बीमारियों को नाटकीय रूप से कम करने की क्षमता है। जबकि धूम्रपान करने वालों के लिए विनियमन, कराधान, परामर्श और चिकित्सीय निकोटीन प्रतिस्थापन तकनीकों द्वारा संचालित तंबाकू नियंत्रण रणनीतियां समय की आवश्यकता हैं, इन रणनीतियों को धूम्रपान करने वालों के लिए अच्छी तरह से विनियमित, वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित, कम हानिकारक विकल्प उपलब्ध कराकर पूरक किया जा सकता है जो धूम्रपान करने में असमर्थ हैं। किसी भी तरह से छोड़ दिया। कानून द्वारा विनियमित कम नुकसान वाले उत्पाद, वर्तमान धूम्रपान आबादी पर प्रभाव पैदा करने में मदद कर सकते हैं।

## आप की बात

### विश्व जनमत की उपेक्षा न करें!

**आतंकवाद** को पाकिस्तान की शह के कारण सुरक्षा के मद्देनजर दुनिया की चिंता वाजिब है। अब उसे चीन का साथ मिल गया है तो नीम चढ़े करेले की कहावत चरितार्थ हो रही है। चूंकि चीन सदैव ही विस्तारवाद और प्रभुत्व का भूखा रहा है इसलिए वह हर तरह के हीन हथकंडे अपना रहा है। वैसे देखा जाए तो आतंकवाद भारत या अमेरिका नहीं अपितु पूरी दुनिया की समस्या है और उसे पोसने का काम पाकिस्तान दशकों से करता आया है। खुद चीन भी इस बात से वाकिफ है मगर उसे भारत-अमेरिका के विरोध के लिए कोई ढाल चाहिए। पहले उसने श्रीलंका को झांसे में लिया लेकिन समय पर समझदारी दिखा कर लंका संभल गया। फिलहाल दर दर का मारा पाकिस्तान ही ऐसा देश है जिसे वह ढाल बनाकर वापर रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ में जब-जब भी ऐसा कोई मौका आया जब भारत या अमेरिका अथवा चीन का कोई प्रतिस्पर्धी देश सामने रहा हो तो विश्व हितों को दरकिनार करके चीन ने उसे अपने अधिकार से खारिज ही किया है। चूंकि आतंकवाद विश्वव्यापी समस्या है ऐसे में बगैर किसी दुराभाव के चीन को आतंकवाद के मुद्दे पर विश्व जनमत का समर्थन करना चाहिए।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

### मन के दीप जलाएं

**चाहे** दीपावली पर दीप जले ना जले, फूलों की लड़ियों से घर सजे या ना सजे, रंगीन झिलमिलाती बत्तियों की झालर से जगमगाहट हो या ना हो, चाहे घर आंगन में रंगोली बने या ना बने, लेकिन मन के दीप (इंसानियत/मानवता) जरूर जलाना / जलता रहना चाहिए। मन के दीप के आगे सभी दीप फीके हैं। अगर मन के दीप नहीं जले तो बाकी दीप तो केवल दिखावटी है। आप भले ही सहमत हो ना हो! आज हमारे देश में जिस तरह का माहौल है, उसे देख कर कहीं भी संतोष नहीं है। हेट स्पीच/ नफरत घृणा के बोल, बढ़ते अपराध, भ्रष्टाचार /रिश्वतखोरी, घोटाले, दुष्कर्म/ बलात्कार, नारियों का अपमान, ठगी की घटनाएं तथा महंगाई, बेरोजगारी व कई समस्याओं से जनता त्रस्त/ परेशान हैं। सभ्यता व संस्कार वाले देश में (कु)संस्कारों की बाढ़ आई हुई है। नागरिकों में वैचारिक बोधता का क्षय होता जा रहा है। ऐसे माहौल में जब तक वैचारिक बोधता व संस्कारों का दीप, हम स्वयं अपनी सोच व करनी में नहीं जगाएंगे, तो बाकी दीप जलाने का औचित्य क्या है? दीपावली पर दीपों की जगमगाहट तभी सार्थक है, तब हमारी करनी नेक व संस्कारों से परिपूर्ण हो।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

### अयोध्या का दीपोत्सव

**यूं** तो दीपावली हर साल मनाई जाती रही , पूरे देश में एक् अजीब सा खुशी का माहौल रहता था, परन्तु सरकारों की अयोध्या के प्रति राजनैतिक उदासीनता हमेशा जनता को कचोटती रही। अयोध्या राम मंदिर आंदोलन के बाद कुछ आस जगी भी थी पर मामला कई वर्षों तक फिर ठन्डे बस्ते में चला गया। वर्तमान भाजपानीत सरकार ने जनता के मन का मान रखते हुए प्रयास किए और संवैधानिक तरीके से मामले का पटाक्षेप किया, और अयोध्या का कायाकल्प एवं मंदिर निर्माण प्रारम्भ हुआ। साथ ही दिवाली के शुभ अवसर पर अयोध्या के दीपोत्सव ने देश वासियों का मन प्रफुल्लित कर दिया। जिन श्रीराम की पूजा विश्व भर में कई देश करते हैं उनकी जन्मस्थली अनेकों वर्षों तक इस पर्व पर सूनी रही, परन्तु अब जाकर जनता जनार्दन को सकारात्मक और हर्षित करने वाले पल नसीब हुए हैं, निश्चित ही अब अयोध्या की दिवाली मन को आनंदित, प्रफुल्लित कर रही है और अयोध्या में जलने वाले दीप देश को जगमग करते प्रतीत हो रहे हैं।

– **मनोज शर्मा**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**देश** 5-जी तकनीक के क्षेत्र में प्रवेश कर चुका है। इससे शिक्षा क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन आएंगे।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**यह** अत्यन्त दु:खद व अपमानजनक है। उन्होंने हमारी पार्टी को असाधारण नुकसान पहुंचाया है।

– **चार्ल्स वाकर**
कंजरवेटिव सांसद



**जनता** की सेवा में अपना बलिदान देने वाले सभी पुलिसजनों के सामने मैं अपना सिर झुकाता हूं। उन्होंने पूरी प्रतिबद्धता से अपना कर्तव्य निभाया

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

# दीपावली भारत की सनातन धर्म की परम्परा का एक महत्वपूर्ण पर्व

## ● योगी ने प्रदेशवासियों को दी हार्दिक बधाई, कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए पर्व मनाने की अपील की

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



अयोध्या में दीपोत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया राम-सीता व लक्ष्मण का स्वागत

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रकाशपर्व दीपावली के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए प्रभु श्रीराम से उनकी सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की है। शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली का पर्व भारत की सनातन धर्म की परम्परा का एक महत्वपूर्ण पर्व है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास के उपरान्त अयोध्या आगमन और रामराज के शुभारम्भ की स्मृति स्वरूप आज से हजारों वर्ष पहले पूरे भरतखण्ड में श्रद्धालुओं द्वारा दीपमालाओं से अपने-अपने घरों को सजा करके इस पर्व को मनाना प्रारम्भ किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन जन्मस्थली अयोध्या उत्तर प्रदेश में है। राज्य सरकार अयोध्या में दीपावली के आयोजन की प्राचीन और गौरवशाली परम्परा को दीपोत्सव के आयोजन के माध्यम से पुनर्प्रतिष्ठित कर सम्पूर्ण विश्व समुदाय को अयोध्या की महिमा से परिचित कराने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने लोगों से कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए दीपावली का पर्व मनाने की अपील की है।

वहीं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दीपावली के पावन व पुनीत पर्व पर देश व प्रदेशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। उपमुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना सन्देश में कहा है कि यह दीप पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि व सम्पन्नता लाये, सभी के जीवन में खुशहाली लाये। कहा कि इस पर्व पर हम सबको भगवान श्री राम के जीवन आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। वहीं बधाई संदेश में पर्यटन मंत्री ने कहा है कि दीपावली का पर्व हमारी गौरवशाली संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग है। उन्होंने यह भी कहा कि 14 वर्ष वनवास काटने के बाद भगवान श्रीराम के अयोध्या लौटने की स्मृति में दीपावली का पर्व मनाने की परम्परा सदियों से चली आ रही है। जयवीर सिंह ने दीपावली के त्योहार को परम्परागत हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने की अपील करते हुए कोरोना के नियमों का पालन भी किये जाने का आग्रह किया है। इसके अलावा उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए तेज आवाज वाले पटाखों का कम से कम उपयोग किये जाने की अपेक्षा की है।



अमौसी हवाई अड्डे पर पुष्पगुच्छ देकर प्रधानमंत्री का स्वागत करतीं महापौर

# आध्यात्मिक चेतना के केंद्रों का गौरव लौटाने के वादों पर अटल है डबल इंजन सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अयोध्या** में दीपोत्सव के लिए पहुंचे पीएम मोदी ने अपने उद्बोधन के जरिए साफसंदेश दे दिया कि भले ही विपक्ष चाहे जितना शोर मचाए, केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार सिर्फ आस्थावान ही नहीं है बल्कि आध्यात्मिक चेतना के केंद्रों का गौरव लौटाने के वादों को भी पूरा करने पर अटल है। पीएम ने साफकर दिया कि 8 साल पहले केंद्र में और 5 साल पहले उत्तर प्रदेश में जब तक भाजपा की सरकारें नहीं थीं, तब तक धार्मिक नगरों और धार्मिक स्थलों के हालात बदतर थे। भाजपा की सरकार बनने के बाद से एक एक कर सभी धार्मिक नगरों को उनकी पौराणिक और सांस्कृतिक पहचान वापस दिलाने का कार्य किया जा रहा है।

केदारनाथ के तुरंत बाद अयोध्या की यात्रा से पीएम मोदी ने कई संदेश देने की कोशिश की है। उनका श्रीराम जन्मभूमि स्थल से यात्रा की शुरुआत करना तथा वहां बन रहे रामलला के मंदिर की प्रगति को देखने का कार्यक्रम लोगों को यह विश्वास दिलाने की कोशिश है कि भाजपा सरकार के लिए सनातन संस्कृति के सरोकारों पर काम उनकी आत्मा से जुड़ा है। केंद्र और राज्य की सरकार सिर्फ शिलान्यास और लोकार्पण तक ही सीमित नहीं है बल्कि वो धार्मिक स्थलों पर चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति पर भी नजर रख रही है। यही नहींए काशी का विश्वनाथ धाम कॉरीडोर इस बात की बानगी है कि पीएम मोदी और सीएम योगी जिस काम का जिम्मा लेते हैं उसे धार्मिक आस्था के साथ-साथ पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ पूर्ण करते हैं। हालांकि प्रतीकों से राजनीतिक समीकरणों को साधने में सिद्धहस्त मोदी की अयोध्या यात्रा सियासी संदेश भी देती दिख रही है। अयोध्या और श्री राम जन्मभूमि मंदिर वह प्रतीक है जिसने 1990 के दशक में पूरे देश की राजनीति को प्रभावित ही नहीं किया था बल्कि सियासी समीकरणों को भी बदल दिया था। कांग्रेस के पराभव तथा भाजपा के पराक्रम की यात्रा का भी यह मुद्दा बड़ा पड़ाव रहा है। हिमाचल और गुजरात में विधानसभा चुनाव की सरगर्मी चल रही है। साल 2023 में उत्तर से दक्षिण तक नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। फिर 2024 में लोकसभा और कुछ अन्य राज्य में चुनाव होने हैं। गुजरात सहित चुनाव वाले ज्यादातर राज्यों के लोगों की मंदिर आंदोलन में बड़ी भागीदारी रही है। गोधरा कांड से गुजरात के लोगों का अयोध्या से जुड़ाव संवेदना के स्तर तक है। मोदी को जानने वालों की मानें तो पीएम मोदी की अयोध्या यात्रा इन राज्यों के आस्थावान हिंदुओं को यह स्मरण कराने का प्रयास है कि उनके परिजनों के बलिदानों को व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा।

# सरयू तीरे जले आस्था और आत्मीयता के दीप

## ● लाखों दीपों से जगमगाई प्रभु श्रीराम की अवधपुरी

## ● पीएम, सीएम व राज्यपाल ने भी दीप जला की सुखी-स्वस्थ भारत की कामना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, अयोध्या



**अद्भुत,** अलौकिक, अविस्मरणीय, कल्पनातीत सौंदर्य, लाखों दीपों से जगमगाती रामनगरी को जिसने भी देखा, अपलक निहारता ही रह गया। श्रद्धालु हों या सैलानी, सभी अवधपुरी के कण-कण, रज-रज में अपने राम को निहार रहे थे यानी हर ओर राम, सब में राम, जय श्रीराम।

रविवार को अयोध्या दीपोत्सव में आस्था और आत्मीयता के दीप जले। श्री राम जन्मभूमि मन्दिर निर्माण कार्य 50 फीसदी पूरे होने के उपरांत, आत्मीयता के भावों को संजोए हुए आराध्य प्रभु के प्रति आस्था निवेदित करते हुए सरयू तीरे जल रहे लगभग 17 लाख दीपों के बीच निहाल श्रद्धालुओं का हर्ष, उमंग और उल्लास देखते ही बन रहा था। सहज भाव से हो रहे श्राम राम जय राजा राम जय सिया राम सियावर रामचन्द्र की जय जयघोष के साथ सरयू की लहरों में उठती तरंगें देख, ऐसा लगता था कि मानों सरयू मैया भी अपने राम की जयकार कर रही हों। दीपोत्सव के लिए पूरी अवधपुरी को सजाया गया था। अयोध्या के मंदिरों, छोटी गलियों से लेकर मुख्य मार्गों, सभी सरकारी, धार्मिक भवनों पर तो आकर्षक लाइटिंग की ही गई थी, नगरवासियों ने भी अपने घरों को सजाया-संवारा था।

दीपोत्सव के अवसर पर राम की पैड़ी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक व प्रदेश कैबिनेट के अन्य सहयोगियों ने दीप जलाकर सरयू मैया की आरती उतारी। विशिष्ट जनों द्वारा आरती के लिए कई मंच तैयार किए गए थे।

पुष्पक विमान से अवधपुरी में राम-लक्ष्मण व मां सीता उतरीं तो हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई। मुख्यमंत्री ने रथ भी खींचा। अयोध्या वाली दीपावली में अपने सिरमौर के प्रति श्रद्धा का यह नजारा देख कई आंखों से खुशी के आंसू निकल पड़े। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामकथा पार्क अयोध्या में राम-सीता व लक्ष्मण की आरती उतारी और टीका लगाकर श्रद्धा निवेदित की जबकि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक ने राम परिवार व ऋषि-मुनियों का पूजन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम की पैड़ी पर सबसे पहले 5 दीप जलाए। पहला दीप जल, दूसरा दीप अग्नि, तीसरा दीप वायु, चौथा पृथ्वी, पांचवां दीप आकाश के प्रतीक के रूप में प्रज्ज्वलित किया। इन दीपों का महत्व पौराणिक रूप से काफी माना जाता है।

## राम नाम से गुंजायमान हो उठी अवधपुरी

2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जब सत्ता संभाली तो दीपोत्सव के भव्य-दिव्य आयोजन की परिकल्पना तैयार की। प्रतिवर्ष इसकी भव्यता बढ़ती चली गई। 2022 में योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल के पहला दीपोत्सव है। 17 लाख दीप प्रज्ज्वलित हुए। हर तरफ बस श्री राम, मेरे राम से अवधपुरी गुंजायमान हो उठी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी जयश्रीराम, जय सिया राम से अपना उद्बोधन किया। समापन भी सियावर रामचंद्र की जय से किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की परिकल्पना एक भारत, श्रेष्ठ भारत सोमवार को अयोध्या में दिखा। यहां हर भाषा, शैली, जाति के लोग दीपोत्सव में आस्था का दीप प्रज्ज्वलित करने उमड़े। राम की पैड़ी के 37 घाटों पर 17 लाख दीप जलाए गए। इसके लिए राम मनोहर लोहिया विवि के प्रो अजय प्रताप सिंह की देखरेख में 22 हजार से अधिक स्वयंसेवकों ने दीप लगाए, उसमें तेल बाती डालकर दीप प्रज्वलन में महती भूमिका निभाई। सीएम व डिप्टी सीएम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी को स्मृति चिह्न प्रदान किया। त्रेतायुग की अयोध्या सोमवार को कलियुग में भी अलौकिक दिखी। दीपोत्सव में सभी ने अपने आराध्य के प्रति श्रद्धा के दीप जलाए। यहाँ रामायणकालीन व राम-सीता व ऋषि मुनियों समेत 35 स्वागत द्वार बनाये गए। 10 राज्यों के कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। 16 झांकियां निकलीं। दीपोत्सव के 17 लाख दीपों के लिए 22 हजार वालंटियरों ने 35 हजार लीटर सरसों का तेल दीपों में डाला। 2500 टन फूलों से अयोध्या की सजावट की गई। 50 हजार पताकाएं लगाई गईं। यहाँ रूस, श्रीलंका, इंडोनेशिया, मलेशिया, थाईलैंड, फिजी, नेपाल व त्रिनिडाड व टोबैगो समेत 8 देशों की रामलीला का मंचन किया गया। 120 विदेशी कलाकारों की प्रतिभा को रामनगरी में मंच मिला। चौराहों पर रंगोली बनाकर समृद्धि की कामना की गई।

# डिफेंस समेत पांच क्षेत्रों में निवेश लाने पर होगा फोकस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

## ● 20 देशों में रोड शो करेगा प्रतिनिधिमंडल

**ग्लोबल** इन्वेस्टर्स समिट जीआईएस 2023 में प्रदेश सरकार आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि, फूड प्रोसेसिंग, डिफेंस और एयरोस्पेस क्षेत्र की निर्माण इकाइयों को यूपी में अधिक से अधिक स्थापित कराने पर फोकस करेगी। अगले साल 10 से 12 फरवरी तक लखनऊ के डिफेंस एक्सपो मैदान में होने वाली जीआईएस-2023 में योगी सरकार ने दस लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा है।

जीआईएस से पहले सरकार के मंत्री दीपावली के बाद रोड शो करने 20 देशों में जाएंगे वहां जाकर वहां के उद्यमियों से मुलाकात कर यूपी सरकार की संबंधित उद्योग की नीति के बारे में बताएंगे और निवेश के लिए आमंत्रित करेंगे। अमेरिका और कनाडा में होने वाले रोड शो में आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, एग्रो एंड फूड प्रोसेसिंग, डिफेंस, एयरोस्पेस, फार्मास्युटिकल, मेडिकल डिवाइस, ऊर्जा, वेंचर केपिटल, रिटेल आटोमोबाइल उपकरण उद्योग को यूपी लाने पर बात होगी। इंग्लैंड, नीदरलैंड और फ्रांस से ऊर्जा, इलेक्ट्रिक व्हीकल निर्माण, इन्फ्रास्ट्रक्चर, कृषि, फूड प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल, डिफेंस, इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, कृषि उपकरण, जल प्रबंधन, ग्रीन हाउस तकनीकी से संबंधित उद्योग को यूपी में लाने का लक्ष्य रखा है। वहीं ब्राजील और मेक्सिको से फूड प्रोसेसिंग, केमिकल, लॉजिस्टिक, रिटेल, प्लप और पानी, कूड़ा प्रबंधन, निर्माण और इन्फ्रास्ट्रक्चर पर बात होगी।

इजरायल से फार्मास्युटिकल, डिफेंस एंड एयरोस्पेस, कृषि तकनीकी, आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग व जल प्रबंधन और यूएई से नवीनीकृत ऊर्जा, अस्पताल एवं चिकित्सा शिक्षा, टेक्सटाइल, कृषि एवं फूड प्रोसेसिंग, फुटवियर उद्योग को यूपी में लाने के लिए आकर्षित किया जाएगा। इसी तरह जर्मनी, बेल्जियम, स्वीडन से इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, रिटेल, आटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक व्हीकल, डिफेंस और टेक्सटाइल उद्योग यूपी में स्थापित करने के लिए बात होगी। रूस से डिफेंस व एयरोस्पेस, ऊर्जा, आटोमोबाइल और वेंचर केपिटल उद्योग लाने का प्रयास किया जाएगा। थाइलैंड, सिंगापुर, आस्ट्रेलिया से पर्यटन, शिक्षा, टेक्सटाइल उद्योग लाने पर चर्चा होगी। मारीशस और दक्षिण अफ्रीका से भी इन्हीं उद्योगों को यूपी में लाने पर बात की जाएगी।

# निकाय चुनाव बाद बदले जाएंगे भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष

**लखनऊ।** भाजपा के अवध, काशी, गोरखपुर, ब्रज, पश्चिम और कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र को निकाय चुनाव के बाद नए अध्यक्ष मिल जाएंगे। पार्टी में सामाजिक समीकरण और क्षेत्रीय संतुलन के हिसाब से नए क्षेत्रीय अध्यक्षों की नियुक्त को लेकर मंथन चल रहा है। पार्टी के अवध क्षेत्र के अध्यक्ष शेष नारायण मिश्रा का निधन होने से अवध क्षेत्र में अध्यक्ष पद खाली है। वहीं काशी के क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश श्रीवास्तव, कानपुर-बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, ब्रज के क्षेत्रीय अध्यक्ष रजनीकांत माहेश्वरी लगातार दो बार क्षेत्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं इसलिए अब इन क्षेत्रों में भी नए अध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी। गोरखपुर के क्षेत्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सेंथवार को पार्टी ने एमएलसी बना दिया है। इसलिए पार्टी यहां भी किसी अन्य कार्यकर्ता को मौका देगी। हालांकि गोरखपुर का क्षेत्रीय अध्यक्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सहमति से ही तय होगा। पश्चिम के क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल जाट हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी भी पश्चिम के जाट नेता हैं। ऐसे में पार्टी पश्चिम में गुर्जर या सैनी समाज को मौका देना चाहती है। हालांकि पार्टी का एक गुट जाट वोट बैंक को साधने के लिए किसी नए जाट चेहरे को अध्यक्ष बनाने का पक्षधर है।

# कांग्रेस नेताओं ने देवा शरीफ दरगाह में चढ़ाई चादर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कांग्रेस** नेताओं ने रविवार को बाराबंकी स्थित देवा शरीफ दरगाह में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं यूपी कांग्रेस प्रभारी प्रियंका गांधी की ओर से चादर चढ़ाई। चादर पोशी करने आए उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि सूफी संत हाजी वारिस अली शाह ने मानवता के लिए सार्वभौमिक प्रेम के अपने संदेश से लोगों की कई पीढ़ियों के जीवन को प्रभावित किया। उन्होने कहा कि देवा शरीफ एक ऐतिहासिक हिन्दू मुस्लिम धार्मिक स्थल है और भारतीय कौमी एकता की वास्तविक पहचान का केंद्र हैं।

इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने कहा कि देवा शरीफ सूफी संत हाजी वारिस अली शाह की पवित्र जन्मस्थली हैए यहां पर सभी धर्म के लोग बराबर श्रद्धा रखते हैं। उन्होंने कहा कि क्योंकि सूफी संत हाजी वारिस अली शाह हर वर्ग का सम्मान करते थे और उनके त्योहारों में बराबर भागीदारी निभाते थे ।वह अपने हिंदू शिष्यों के साथ होली खेल कर सूफी परंपरा का इजहार करते थे। इसीलिए होली के अवसर पर देवा शरीफ में भव्य होली खेलने की परंपरा आज भी जारी है। इस मौके पर कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव, पूर्व विधायक सतीश अजमानी, उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग तनुज पुनिया, प्रदेश महासचिव सुशील पासी, प्रदेश सचिव फरहान वारसी, राहुल त्रिपाठी, पूर्व कोषाध्यक्ष नईम सिद्दीकी, बाराबंकी जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहसिन खान, शहर अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, दानिश आज़म वारसी, उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेस अख्तर मलिक, महासचिव आरटीआई कांग्रेस नितान्त सिंह नितिन, शहनवाज खान, आरिफ आब्दी, मो. शहजाद आलम, गौरी यादव शामिल थे।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने दीपावली पर दी बधाई

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी, पूर्व मंत्री एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने दीप मालाओं के पवित्र पर्व दीपावली के शुभ अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा हैं कि दीपोत्सव दीपावली के पावन अवसर पर मां लक्ष्मी और गणेश जी प्रदेशवासियों के जीवन में सुख समृद्धि प्रदान करें। कांग्रेस अध्यक्ष ने बधाई संदेश में प्रदेश के सभी मेहनतकश किसानों, महिलाओं और बच्चों, युवाओं, छात्रों को दीपावली की बधाई देने के साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की है। श्री खाबरी ने कहा कि अधर्म पर धर्म कीए और असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक के रूप में मनाया जाने वाला प्रकाश पुन्जों का यह दीपोत्सव पर्व हमें सदा सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इसके साथ ही याद दिलाता है कि आदिकाल से सदैव सत्य की ही विजय होती आयी है।

# पसमांदा मुसलमानों को रिझाने में जुटी भाजपा, विपक्ष ने बताया छलावा

**भाषा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** की सभी 80 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करने का लक्ष्य लेकर चल रही सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आगामी नगरीय निकाय चुनावों से पहले मुसलमानों के सबसे बड़े तबके यानी पसमांदा (पिछड़े) समाज को अपने पाले में लाने की कोशिशों में जुटी है। प्रदेश के हर नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्र में पसमांदा मुसलमानों के सम्मेलन कराने की योजना बना रही भाजपा का दावा है कि वह इस पिछड़े वर्ग का सामाजिक और आर्थिक उत्थान करने के बाद अब उनका राजनीतिक उत्थान भी करना चाहती है। हालांकि विपक्षी दलों ने भाजपा के इन प्रयासों को छलावा करार दिया है। भाजपा इन दिनों प्रदेश में पसमांदा मुसलमानों के सम्मेलन आयोजित करके उनके लिए अपनी सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों का जिक्र करने के साथ-साथ इन मुसलमानों का वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करने और उसे उसका वाजिब हक नहीं देने का आरोप लगाते हुए समाजवादी पार्टी (सपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और कांग्रेस को घेर रही है।

उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार के एकमात्र मुस्लिम मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश अंसारी खुद भी पसमांदा समाज से आते हैं। उन्होंने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, मुसलमानों का राजनीतिक सशक्तीकरण होना भी बहुत जरूरी है। केंद्र और राज्य सरकार ने मुसलमानों का अभी तक आर्थिक और सामाजिक सशक्तीकरण किया है। भाजपा अब मुसलमानों को भागीदारी देकर उनका राजनीतिक सशक्तीकरण करना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आम मुसलमान यह मानता है कि उसे सरकारी योजनाओं का बिना भेदभाव के लाभ मिल रहा है और जो पार्टी उसे लाभ दे रही है, उसके साथ खड़े होना उसकी नैतिक जिम्मेदारी है।

भाजपा सरकार पहली बार मुसलमानों को केंद्र में रखकर सक्रियता दिखा रही है। पार्टी निकट भविष्य में होने जा रहे प्रदेश के नगरीय निकायों के चुनाव में मुसलमानों को टिकट देने की तैयारी कर रही है। उत्तर प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने कहा, जहां हम कभी चुनाव नहीं जीते हैं और जहां भाजपा कभी चुनाव नहीं लड़ी है वहां इस बार जिताऊ मुसलमान भाजपा कार्यकर्ताओं को पार्टी का टिकट दिया जाएगा और उन्हें जितना सहयोग हो सकेगा वह किया जाएगा। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, हां, ऐसा लगभग पहली बार हो रहा है। इससे पहले गिने-चुने मुस्लिम उम्मीदवारों को ही भाजपा से टिकट मिलता था। इस बार ज्यादा संख्या में टिकट दिए जाएंगे।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि लखनऊमें पिछले दिनों पसमांदा मुसलमानों के सम्मेलन आयोजित कराए गए, जिनमें दोनों उप मुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसे ही और कार्यक्रम नगर निगमों, नगर पालिका और नगर पंचायत स्तर पर भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा, हमने योजना बनाई है कि पसमांदा मुसलमानों की अलग-अलग बिरादरियों के लोग अपने-अपने समाज के बीच जाकर सम्मेलन करेंगे और उनमें भाजपा के नेता भी हिस्सा लेंगे और वे पार्टी की विचारधारा और सरकार की योजनाओं को उन तक पहुंचाएंगे। अली ने दावा करते हुए कहा, भाजपा सरकार ने पसमांदा मुसलमानों के लिए काफी प्रयास किए हैं। सरकार ने साढ़े चार करोड़ मुसलमानों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया है, अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है, उर्दू अकादमी का अध्यक्ष बनाया गया है और सरकार के विभिन्न आयोगों और मोर्चा में पसमांदा मुसलमानों को 80 फीसदी हिस्सेदारी दी है। इस बीच, पसमांदा मुसलमानों को अपने पाले में लाने की भाजपा की कोशिश को विपक्ष ने छलावा करार दिया है। संभल से सपा सांसद शफीक उर रहमान बर्क ने सवाल किया कि भाजपा को मुसलमान अचानक क्यों अच्छे लगने लगे हैं। उन्होंने कहा कि सारा मामला 2024 के लोकसभा चुनाव का है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने पसमांदा मुसलमानों को अपने साथ जोड़ने की भाजपा की कोशिशों पर तंज करते हुए कहा, हिजाब और मुसलमानों से जुड़ी अन्य परंपराओं पर भाजपा सरकारों के रुख के बाद उन्हें वोट नहीं मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि भाजपा दावा कर रही है कि उसने पसमांदा मुसलमानों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया है लेकिन जमीनी हकीकत अलग है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने पसमांदा तबके से आने वाले कुरैशी समाज की रोजी-रोटी छीन ली। उन्होंने कहा कि इसके अलावा बुनकर समाज की दुर्दशा तो किसी से छिपी नहीं है। हालांकि ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के प्रदेश अध्यक्ष वसीम राइन ने खुद को धर्मनिरपेक्ष पार्टी कहने वाली सपा, बसपा और कांग्रेस पर पसमांदा मुसलमानों के साथ हमेशा धोखा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह वर्ग हर तरफ से परेशान है। उन्होंने पूछा, अगर उसे कहीं से (भाजपा) कुछ राहत मिल रही है तो क्या उसे वहां नहीं जाना चाहिए।

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मेले में 3938 लोगों को मिला परामर्श

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**जनपद** के सभी नगरीय व ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य मेले में ओपीडी की सेवाओं के साथ ही फाइलेरिया, दिमागी बुखार, टीबी, मलेरिया, डेंगू, एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और रेफर की सुविधाएँ प्रदान की गयीं। मेले के दौरान 3938 लोगों ने लिया चिकित्सकीय लाभ लिया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखनऊ डॉक्टर मनोज अग्रवाल ने बताया कि यदि लोगों को बुखार आए तो स्वयं कोई इलाज न करें। पास के स्वास्थ्य केंद्र पर जांच और इलाज कराएं। स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच और इलाज नि:शुल्क उपलब्ध है। सभी को कोविड का टीका लगवाने, कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के साथ मास्क लगाएं, 2 गज की शारीरिक दूरी का पालन करें और बार-बार अपने हाथ साबुन और पानी से धोते रहें। आरोग्य मेले में गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन सेवाएं, पूर्ण टीकाकरण, बच्चों में डायरिया व निमोनिया के रोकथाम, बचाव और उपचार की जानकारी और सुविधाएँ दी जा रही हैं। कुपोषित बच्चों की पहचान और उनके उपचार के लिए समुचित कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जनआरोग्य अभियान की जानकारी देने के साथ ही आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जा रहा है। आरोग्य मेले के नोडल अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि जनपद के स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित इस आरोग्य मेले का कुल 3938 लोगों ने लाभ उठाया, जिनमें 1513 पुरुष, 1748 महिलायें और 677 बच्चे शामिल हैं। इस दौरान आयुष्मान भारत योजना के 38 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। इसके साथ ही 65 लोगों ने कोविड एंटीजन टेस्ट कराया, सभी निगेटिव आए।

# अयोध्या की तर्ज पर सीतापुर में दीपोत्सव की तैयारी पूरी!

**● चक्रतीर्थ पर 51 हजार जलाए जाएंगे दीपक**

**●सीतापुर की 1599 ग्राम पंचायतों से मंगाए गए दीये**

**●सांसद, विधायक, डीएम, एडीएम, सीडीओ होंगे शामिल**

**●पंचायत राज विभाग ने कार्यक्रम की तैयारियों को किया पूरा**

संवाददाता। सीतापुर

**प्रधानमंत्री अयोध्या** में दीपोत्सव कार्यक्रम में भाग लेंगें तो सीतापुर की नैमिषारण्य में उसी की तर्ज पर दीपोत्सव की तैयारी को अन्तिम रूप दिया जा चुका है। यह 88 हजार ऋषियों की तपोभूमि नैमिषारण्य है जहां पर 51 हजार दीपक को जलाने का कार्यक्रम किया जाएगा। पंचायती राज विभाग की ओर से कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। करीब 6 बजे के बाद दीप जलाकर दीपोत्सव का कार्यक्रम किया जाएगा। 88 हजार ऋषियों की तपोभूमि नैमिषारण्य की पावन धरा और धरती के केंद्र बिंदु कहे जाने वाले चक्रतीर्थ पर यह आयोजन होने जा रहा है, चक्रतीर्थ से लेकर ललिता देवी मंदिर तक दीपों को जलाया जाएगा। डीएम अनुज सिंह ने इस कार्यक्रम की जिम्मेदारी पंचायती राज विभाग को दी है। जिले के अधिकारियों ने कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। सांय 6 बजे दीपोत्सव कार्यक्रम होगा साथ ही अष्टकोणीय आरत भी की जाएगी। जिसमें सांसद अशोक रावत, विधायक रामकृष्ण भार्गव, एडीएम राम भरत तिवारी, सीडीओ अक्षत वर्मा, डीपीआरओ मनोज कुमार, ब्लाक प्रमुख राम किंकर पांडेय, ब्लाख प्रमुख प्रतिनिधि गोंदलामऊ मुनीन्द्र अवस्थी आदि मौजूद रहेगे। इसके बाद सोमवार शाम मिश्रिख नगर पालिका की ओर से 2 हजार दीपक जलाए जाएंगे।

# डॉक्टर के व्यवहार से नाराज डेंगू के मरीजों ने किया हंगामा, धरने पर बैठे



**बरेली**। जिला अस्पताल में डॉक्टर के व्यवहार से नाराज मरीजों ने हंगामा किया और वार्ड के बाहर आकर धरने पर बैठ गए बताते हैं कि जिला अस्पताल में डेंगू वार्ड में 5 मरीज भर्ती हैं उनकी उनका इलाज कर रहे डॉक्टर ए एम अग्रवाल ने उनके साथ ठीक व्यवहार नहीं किया और ना ही कोई संतोषजनक उनकी जांच के बारे में जवाब दिया इस बात से नाराज होकर सभी मरीज इकट्ठे होकर हार्ड वार्ड के बाहर धरने पर बैठ गए और डॉक्टर के खिलाफआवाज उठाने लगे उन्होंने कहा कि डॉक्टर आते नहीं है आते हैं तो दुर्व्यवहार करते हैं सही जवाब नहीं देते हैं कितनी प्लेट गिरी है क्या इलाज चल रहा हम कब तक ठीक होंगे इस प्रकार कोई संतोषजनक जवाब नहीं देते इससे नाराज मरीजों ने आज बाहर आकर धरना प्रदर्शन किया और धरने पर बैठ गए पहुंचते ही निर्देशित किया कि भविष्य में डॉक्टर को निर्देशित किया कि मरीजों के प्रति विनम्र व्यवहार रखें उन्हें पूर्ण संतुष्ट करें सीएमओ डॉ बलबीर सिंह ने बताया कि इलाज ठीक चल रहा है इलाज में कोई कमी नहीं है जो नाराजगी है वह डॉक्टर के व्यवहार को लेकर डॉक्टर को दे दिया गया है कि भविष्य में इस प्रकार का कोई भी काम ना करें निधि पुत्री सुमेरी लाल बड़ा बाजार की रहने वाली है और 5 दिन से डेंगू वार्ड में भर्ती है उसका कहना है कि डॉक्टर राउंड पर आए और परिजनों ने पूछा तो हम से कहा बाहर चले जाओ बाहर निकाल देंगे डॉक्टर ने बड़ा दुर्व्यवहार किया इसी प्रकार एक नीरज देवी एडवोकेट पुत्री गोविंद सिंह रिछोला नवाबगंज की रहने वाली है उन्होंने बताया कि डॉक्टर ए एम अग्रवाल का व्यवहार बड़ा ही रूष्ट और असंतोषजनक था उन्होंने कोई ठोस जवाब नहीं दिया ना हमें कोई जांच के बारे में बताया ना हमारी प्लेटो के बारे में बताया हम डेंगू वार्ड में भर्ती हमारी कोई केयर नहीं हो रही है इस प्रकार अनेक मरीजों ने सीएमओ डॉ बलबीर सिंह ने डेंगू वार्ड के मरीजों को शांत किया और धरने पर बैठे मरीजो को वापस वार्ड में भेज दिया।

## क्विक न्यूज

### शहीद पुलिसकर्मियों को दी गयी श्रद्धाजंलि

**बरेली** । रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बरेली, पुलिस महानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली सहित अन्य उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा शहीद हुए पुलिस जवानों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी एवं शहीद हुए पुलिस जवानों की आत्मिक शांति के लिए गार्द द्वारा सलामी देते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। पुलिस स्मृति दिवस कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की याद में प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, पुलिस अधीक्षक यातायात, अपर राज्य रेडियो अधिकारी बरेली जोन, बरेली, उपसेनानायक 08वीं वाहिंनी पीएसी जनपद बरेली, समस्त क्षेत्राधिकारी जनपद बरेली व अन्य अधिकारी और कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।

### स्मैक बरामद, तीन गिरफ्तार

**बरेली** । पुलिस ने आज तीन स्मैक तस्करों को गिरफ्तार कर लिया उनके पास से बड़ी मात्रा में स्मैक बरामद हुई गिरफ्तार तस्करों को पुलिस ने जेल भेजा।बारादरी थाना क्षेत्र में पीलीभीत बाईपास स्थित बजरंग ढाबे के सामने आज दोपहर पुलिस ने मुखबिर की सूचना के बाद एसओजी टीम के साथ मिलकर फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव बहैरा निवासी मुकीम पुत्र तसव्वर खान बिथरी चौनपुर थाने के गांव सैदपुर निवासी कैसर खान पुत्र इस्लाम खान और यहीं के रहने वाले मोहम्मद सोहेल पुत्र ताहिर अली को गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार किए गए तस्करों के पास से कुल 250 ग्राम स्मैक बरामद हुई मुकीम के पास से 85 ग्राम कौसर खान के पास से 85 ग्राम और मोहम्मद सोहेल के पास से 80 ग्राम स्मैक बरामद की गई गिरफ्तार किए गए सभी तस्करों को जेल भेजा गया ।

### बुजुर्ग हुआ जहरखुरानी का शिकार

**बरेली**। बिहार से पंजाब जा रहा है एक बुजुर्ग ट्रेन में जहरखुरानी गिरोह का शिकार हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बिहार के कैमूर जिले के उदरा थाना क्षेत्र के गांव अनेठी निवासी 60 वर्षीय ठाकुर शर्मा को बीती रात इलाज के लिए बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल लाया गया जहां सुबह उसने गोश्त खाने पर ठाकुर ने बताया कि वह बिहार से पंजाब जाने के लिए कल दिन में ट्रेन पर सवार हुआ था उसे पंजाब के लुधियाना जिले में रहने वाले अपने बेटे जयप्रकाश के पास जाना था लेकिन बरेली पहुंचने से पहले ही जहर खुरानी गिरोह के बदमाश ने उसे नशीला पदार्थ के दिया जिससे वह बेहोश हो गया ट्रेन के बरेली रेलवे जंक्शन पर पहुंचते रेलवे पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भेजा गया जहरखुरानी गिरोह के बदमाश उसका कपड़ों से भरा बैग बने सामान लेकर फरार हो गए ।

### बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**बरेली**। घर के पास ही सड़क पार कर रही महिला को तेजी से आ रही मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आंवला थाना क्षेत्र के गांव मोतीपुरा निवासी 50 वर्षीय मालो देवी पत्नी जमुना प्रसाद कि कल शाम लगभग 7 बजे घर से कुछ ही दूरी पर सड़क पार करते समय बाइक की टक्कर से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के घर वालों ने बताया कि मालो देवी कल शाम को घर से बाहर निकली थी और सड़क पार अपने एक परिचित से मिलने के लिए जा रही थी इसी दौरान तेजी से आ रही मोटरसाइकिल ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने टक्कर मारने वाली मोटरसाइकिल को रोक लिया लेकिन उसे चला रहा है युवक वाहन छोड़कर फरार हो गया सूचना मिलते ही माला देवी के घर वाले मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी ।

### आवारा जानवरों के झुंड ने किसानों और राहगीरों को पटका, कई लोग गंभीर रूप से हुए घायल

**बरेली** । फतेहगंज पश्चिमी ब्लॉक क्षेत्र के गांव रहपुरा जागीर में आवारा पशुओं के झुंड ने दो ग्रामीणों पर हमला बोला, रहपुरा निवासी जयवीर सुबह खेत की धान की कटाई करने घर से निकले थे, अचानक उन पर जानवरों के झुंड ने हमला बोल दिया, जिससे उनके पैर में वह गंभीर चोटें आई हैं उन्हें तुरंत ही निजी अस्पताल में ले जाकर इलाज कराया गया, घायल जयवीर के पिता गंगाराम ने बताया जगह जगह गांव में आवारा पशुओं का झुंड लोगों को नहीं निकलने देता, अधिकतर लोग अपने अपने खेतों पर धान काटने जाते हैं और उन पर पशु हमला बोल देते हैं।

# करंट लगने से युवक की मौत

**बरेली**। रात के समय खेत पर जा रहा एक युवक रास्ते में लगे बिजली के पोल पर उतर रहे करंट की चपेट में आ गया उसकी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी । फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव करौंदा निवासी सोमबीर सिंह के 30 वर्षीय बेटे ओमेंद्र की बीती रात लगभग 10 बजे गांव के पास सड़क किनारे लगे बिजली के पोल पर उतर रहे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि ओमेंद्र कल रात खेत में जानवरों के लिए देखने गया था लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही वह करंट की चपेट में आ गया और जमीन पर गिर पड़ा पता चलते ही घर के लोग गांव वालों के साथ मौके पर पहुंचे और उसे पोल से अलग किया घरवाले उसे तुरंत इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले गए लेकिन उसकी रास्ते में मौत हो चुकी थी और अस्पताल पहुंचे डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी मृतक तीन बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम सरिता है

## टेंपो पलटने से घायल युवक की मौत

**बरेली**। सवारियों से भरा एक टेंपो बेकाबू होकर सड़क पर पलट गया उसमें बैठा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र के गांव सुंदरपुर निवासी 45 वर्षीय अनिल पुत्र प्यारेलाल की बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे कल शाम घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था मृतक के घर वालों ने बताया कि अनिल कल दिन में फरीदपुर निवासी अपने एक रिश्तेदार के घर गया था जहां से शाम को वह वापस घर लौट रहा था वह टैंपू में बैठा था उसके साथ कई अन्य लोग भी सवार थे ।

# सीतापुर पहुंचने पर हुआ डिप्टी एसपी बने महेश कुमार का स्वागत

संवाददाता। सीतापुर

**मछरेहटा ब्लाक** के राजेपारा गांव निवासी महेश कुमार का डिप्टी एसपी के पद पर चयन होने के बाद सीतापुर पहुंचने पर स्वागत किया गया। स्वागत समारोह समाजसेवी एमसी भार्गव ने अपने आवास पर किया। उन्होंने कहा कि महेश ने पूरे समाज का नाम रोशन किया है, ऐसे होनहारों की आज के समय में बहुत ही जरूरत है। महेश ने कहा कि लक्ष्य पर नजर रखने से सफलता मिलती है। उनके स्वागत के दौरान राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका निर्मला भार्गव, प्रिया भार्गव, जयकरन राजवंशी, प्रिंस भार्गव, आकांक्षा रावत, बलराम, विशेष कुमार, अतुल, सूरज आदि ने उनका स्वागत किया। महेश कुमार का चयन यूपीपीसीएस में डिप्टी एसपी के पद पर होने पर मिश्रिख नगर के लोगो ने बधाई दी। वह वर्ष 2018 से दिल्ली में रहकर दृष्टि कोचिंग के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे उनके चयन पर मिश्रिख नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है। अधिवक्ता गण सुधीर शुक्ल राना, रामकृष्ण तिवारी, नरेंद्र प्रताप सिंह, नारायण दत्त अवस्थी, व्यवसाई शिवेश वैश्य, पूर्व सभासद विजय राजवंशी, रवि पांडे, महेंद्र पांडे, बब्बू कश्यप, संजय कुमार, रामबाबू आदि लोगों ने मुंह मीठा करा कर तथा माल्यार्पण कर स्वागत किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## वीरेंद्र पुरी ने दीपावली पर्व पर निर्धन बच्चों को वितरित की मिठाई

संवाददाता। सीतापुर

**नर सेवा ना**रायण सेवा कथन को चरितार्थ करते हुए नगर की संस्था अराइज इंडिया पब्लिक स्कूल के संस्थापक प्रबंधक व भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र पुरी ने विगत 3 वर्षों से समीपवर्ती गांव के लगभग 3 सैकड़ा से अधिक अति निर्धन बच्चों को छोटी दीपावली के दिन अपनी संस्था में बुलाकर उन्हें खील बताशा मोमबत्ती पटाखे देकर व मिठाई खिलाकर समाज सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनके पुत्र व इस संस्थान के निदेशक डॉ. हर्ष पुरी व बहू अदिति द्वारा निरंतर समाज के कमजोर बच्चों को दीपावली के दिन पुरस्कार वितरित किया जाता है। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी राजीव सिंह, वरिष्ठ नागरिक रामलाल रस्तोगी, उमेश पुरी, मनमोहन गुप्ता, नगर अध्यक्ष रामे बाजपेई, हरीश रस्तोगी गोलू भैया, कात्यायनी रस्तोगी ,कृति रस्तोगी, हसीन अंसारी, वरिष्ठ पत्रकार कमलेश मेहरोत्रा, पंकज शुक्ला, अरुण सिंह आचार्य, निर्मल पांडे, मोहम्मद हाशिम अंसारी, दिनेश शुक्ला, अंकित अवस्थी, मनीष पाठक, महेंद्र मिश्रा, वीर सिंह, सतीश जयसवाल, अतुलित पुरी, मनोज, सुधीर, कमलेश सहित तीन सैकड़ा से अधिक ग्रामीण बच्चे व उनके अभिभावक मौजूद रहे।

## सम्मोहन का शिकार हुआ महिला, अंजान युवक को सौंपे जेवर व नगदी

संवाददाता। सीतापुर

**नगर सिधौली** में एक महिला सम्मोहन का शिकार हो गई। बताया जाता है कि नगर के मोहल्ला संतनगर पश्चिमी निवासी 58 वर्षीया शिवप्यारी रविवार दोपहर बाजार गई हुई थी। बताते है रास्ते में उन्हें एक अंजान युवक मिला और महिला से बताया कि उसकी मां की तबियत खराब है डा. तिवारी के यहां इलाज चल रहा है, बताते है कि शिवप्यारी से बात करते-करते युवक उनके साथ घर तक चला गया और महिला बातों में कुछ इस तरह सम्मोहित हुई कि घर में रखे जेवर और नगदी उस युवक को लाकर सौंप दी।

# पटाखा दुकानों में लगी आग मची भगदड़, कोई हताहत नहीं



**बेलरायां खीरी**। सिंगाही थाना क्षेत्र के बेलरायां कड़िया मार्ग के किनारे लगी पटाखा की दर्जनों दुकानों में एक पटाखा विक्रेता ने ग्राहक के आग्रह करने पर पटाखा जलाकर दिखाया। इससे पटाखे की दुकान में आग लग गई और देखते ही देखते पूरी पटाखा बाजार ज्वालामुखी में बदल गई। चीखों पुकार मच गई। लोग जान बचाकर भागे। कुछ रवाइस और पटाखे जलते हुए चीनी मिल की बाउंड्री के अंदर गिरे जिससे गन्ने की बैगास में आग लग गई। भगदड़ में कई लोग चोटिल हुए। पास में ही दिलदार का सर्विस स्टेशन था। दिलदार ने हिम्मत दिखाते हुए अपनी सर्विस स्टेशन को चालू कर आग पर काबू पाने की कोशिश की। सूचना पर पहुंची सिंगाही पुलिस व फायरब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इस संबंध में जब सिंगाही थाना प्रभारी दिनेश कुमार सिंह से बात की तो उन्होंने बताया कि पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया था सब ठीक था जांचोपरांत के बाद लापरवाही बरतने वाले पटाखा व्यापारी पर कार्यवाही होगी।

# आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में मनाई गई धन्वंतरि जयंती

**योग वेलनेस सेंटर नगर में मनाया आयुर्वेद दिवस धन्वंतरि जयंती**

**आयुर्वेद औषधि एवं साहित्य का किया गया वितरण**



**लखीमपुर खीरी**। भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे हर दिन हर घर आयुर्वेद अभियान के अंतर्गत क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ विजय प्रकाश के निर्देशन में आयुर्वेदिक अधिकारी कार्यालय बहादुर नगर में डॉ. विजय प्रकाश द्वारा भगवान धन्वंतरि जी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किया इस अवसर पर सभी जिलेवासियों को आयुर्वेद दिवस की बधाई दी। साथ ही समस्त आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में सप्तम आयुर्वेद दिवस एवं धन्वंतरि जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इसी क्रम में योग वेलनेस सेंटर नगर राइफल एसोसिएशन हॉल ऑफिसर्स कॉलोनी लखीमपुर में योग साधकों के साथ मनाया गया सप्तम आयुर्वेद दिवस एवं धन्वंतरि जयंती योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा द्वारा आयुर्वेदिक औषधि एवं जड़ी बूटी से संबंधित साहित्य का वितरण किया गया।

साथ ही प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. हरबंश कुमार के द्वारा आयुर्वेद की उत्तपत्ती एवं उपयोगिता व हर दिन हर घर आयुर्वेद विषय पर सभी को जागरूक करते हुए आयुर्वेद दिवस एवं धन्वंतरि जयंती की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ग्रामीण के साथ मारपीट का मामला दर्ज

**जंगबहादुरगंज-खीरी**। कस्बा के रहने बाले संदीप पासी को दबंग पिता पुत्र सहित चार लोगों ने पीट दिया पुलिस ने वीडियो के आधार पर मामला दर्ज किया है। पसगवां कोतवाली क्षेत्र के गांव सल्लिया निवासी एक युवक ने गांव के रहने वाले 4 लोगों के विरुद्ध अगवा कर जातिसूचक गाली गलौज कर जान से मार डालने की नियत को लेकर शिकायत की है जिसके बाद पुलिस ने वीडियो और सूचना के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। जंगबहादुरगंज-सल्लिया निवासी संदीप पासी पुत्र विजई का आरोप है कि प्रार्थी किराने की दुकान पर काम करता है। जिसे वही मोहल्ले के रहने बाले एस द्विवेदी पुत्र अनिल द्विवेदी, रास्ते से निकलने एवं दुकान से नौकरी छोड़ने को कहता रहता था। सोलह तारीख की देर शाम वह रास्ते से निकल ही रहा था तभी खुन्नस खाय अनिल द्विवेदी के पुत्र यश दुवेदी ने उसे जातिसूचक गालियां देते हुए अपने घर में खींच लिया और घर के सभी लोगो ने लात घूसों से मारते पीटते हुए जान से मार डालने की कोशिश की।

# राहुल तिवारी सनातन बने हिंदू जागरण मंच के प्रांत संयोजक

**लखीमपुर खीरी**। हिंदू जागरण मंच अवध प्रांत की कार्यकर्ता बैठक विश्व संवाद केंद्र लखनऊ में संपन्न हुई जिसमें हिंदू जागरण मंच के अखिल भारतीय सह संगठक कमलेश सिंह और क्षेत्रीय संगठन मंत्री शिवमूर्ति ने अवध प्रांत की नवीन कार्यकारिणी घोषित की जिसमें राहुल तिवारी सनातन एडवोकेट को प्रांत संयोजक एवं महिला सम्मान सुरक्षा के आयामों के कार्य के लिए दायित्व प्रदान किए गए। अवध प्रांत की इस बैठक में नवीन कार्यकारिणी व 10 जिलो में संयोजक और सह संयोजक घोषित किये गए। बताते चलें बैठक मे अखिल भारतीय सह संगठन के कमलेश, क्षेत्रीय संगठन मंत्री शिव मूर्ति, प्रांत प्रचारक कौशल, सह प्रांत प्रचारक मनोज के साथ-साथ प्रोफेसर विजय गुप्ता, विजय बहादुर ने राहुल तिवारी सनातन को हिंदू जागरण मंच के प्रांत संयोजक की जिम्मेदारी सौपते हुए उनको ढेर सारी शुभकामनाएं दी। नवागत प्रांत संयोजक बने राहुल सनातन ने



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने सन 1995 से संघ की शाखा से अपना सफर शुरू किया था। विभिन्नता दायित्वों को निभाते हुए कठोर परिश्रम, जिम्मेदारी और निष्ठा समर्पण करने के बाद आज उन्हें प्रांत संयोजक हिंदू जागरण मंच का दायित्व सौंपा गया है। संबोधन के अंत में श्री तिवारी ने बैठक में मौजूद सभी पदाधिकारियों व वरिष्ठगण का धन्यवाद प्रकट किया।

# पेज एक का शेष

## सोनिया के...

अध्यक्षता में अंतर-मंत्रालई समिति की स्थापना की थी, जिसके बाद ये एनजीओ जांच के घेरे में आए थे। इनके अलावा इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट भी जांच के दायरे में आया था। बहरहाल, अभी तक तीसरे संगठन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। वर्ष 2015 में भाजपा नेता सुब्रहमण्यम स्वामी ने शहरी विकास मंत्रालय में एक शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें बेहद कीमती जमीन के दुरुपयोग का आरोप आरजीएफ पर लगाया था। जिस प्लॉट पर आरजीएफ का कार्यालय है, यह जमीन वर्ष 1988 में कांग्रेस को अपना मुख्यालय स्थापित करने के लिए दी गई थी, परंतु सोनिया गांधी ने वर्ष 1991 में इस पर आरजीएफ का कार्यालय स्थापित कर लिया। आरजीएफ और आरजीसीटी को कई उद्योग घराने मोटी डोनेशन देते हैं। इन दोनों संगठनों को विदेश एवं भारत में स्थापित विदेशी दूतावासों से भी चंदा मिलता है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इस आरोप लगाया था कि आरजीएफ और आरजीसीटी को चीन, भगोड़े जाकिर नाइक एवं मेहुल चोकसी समेत अनेक दूतावासों से चंदा मिलता है।

## केरल के...

राज्यपाल का इस्तेमाल कर रही है जिससे कि संघ परिवार और आरएसएस के लोगों को विश्वविद्यालयों में कुलपति नियुक्त किया जा सके।' हम ऐसा नहीं करने देंगे। वे आरएसएस के कार्यकर्ता की तरह व्यवहार कर रहे हैं।

## देश को...

उसी को जीने का कार्य किए। वह अयोध्या के राजकुमार थे और जब पिता की आज्ञा से बन गए तो सभी वनवासियों को गले लगाया। माता शबरी के आश्रम गए और वानर भालू की एक सेना बना करके सोने की लंका पर विजय प्राप्त किया। लेकिन उन्होंने लंका पर आधिपत्य ना स्थापित करके अयोध्या लौट आए और कहां कि जन्मभूमि स्वर्ग से भी अच्छी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान श्री राम की प्रेरणा है सबका साथ सबका विकास और सब का सम्मान। उन्होंने कहा कि जब हमारी संस्कृति, सभ्यता और हमारे मूल्य जीवित रहेंगे, तभी हम विकास कर सकते हैं। कुछ वर्ष पहले प्रभु श्री राम के नाम से लोग कतराते थे। यही कारण है कि हमारी संस्कृति और हम बिछड़ते जा रहे थे। आज काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर, चार धाम का विकास, शृंगवेरपुर में प्रभु श्रीराम और निषादराज की मूर्ति पार्क का विकास यह हमारी संस्कृत मूल्यों को बढ़ाते हैं और जब हमारी संस्कृति आगे बढ़ेगी तो निश्चित ही हम विकसित राष्ट्र की तरफ आगे बढ़ेंगे।

## लाखों दीपों...

ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रतिनिधियों द्वारा कीर्तिमान रचने की घोषणा के साथ ही पूरी अयोध्या जय श्री राम के उद्घोष से गुंजायमान हो उठी। मंच संचालक ने जैसे ही यह जानकारी दी, समूची अयोध्या एक बार फिर जय सिया राम का गगनभेदी नारों से गूंज उठी। इससे पहले विगत वर्ष भी इसी स्थान पर दीप प्रज्ज्वजन का कीर्तिमान रचा गया था। अयोध्या में राम की पैड़ी पर 15.76 लाख दीप जलाए गए। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड की ओर से इसका प्रमाण पत्र सौंपा गया। मुख्यमंत्री ने इस सर्टिफिकेट को मंच पर अपने हाथों से उठाकर समूची अयोध्या का अभिवादन किया। दूसरे कार्यकाल के पहले दीपोत्सव में पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इसके साक्षी बने। उन्होंने इस अविस्मरणीय, अद्भुत उपलब्धि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हृदय से शुभकामनाएं दीं। 2017 में दीपोत्सव के सृजनकर्ता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस आयोजन के बाद समूचे देश के दिल में उतर गए। अयोध्या से अपनी गोरक्षपीठ के प्रगाढ़ रिश्तों को मूर्त रूप देते हुए मुख्यमंत्री ने इसे अनवरत जारी रखा। पहले कार्यकाल के बाद दूसरे कार्यकाल के पहले दीपोत्सव में भी जब यह आयोजन समृद्धतम रहा तो दीपों से दिव्य और भावनाओं से भव्य अयोध्या ने अपने योगी को फिर दिल में बैठा लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने भी उनकी लोकप्रियता की बात कही। 2017 में अयोध्या में 1.71 लाख, 2018 में 3.01 लाख, 2019 में 4.04 लाख, 2020 में 6.06 लाख व 2021 में 9.41 लाख दीप जलाए गए थे। इस बार 2022 15.76 लाख दीपों का रिकॉर्ड बना।

## दिल्ली में...

400 को 'बहुत खराब' और 401 से 500 को 'गंभीर' माना जाता है। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार आनंद विहार में एक्यूआई 376 पहुंच गया। आरकेपुरम में यह 305 रहा, जबकि द्वारका में 318 और डीयू इलाके में 323 पहुंच गया। प्रदूषण की खतरनाक स्थिति को देखते हुए दिल्ली सरकार ने आनंद विहार और आसपास के इलाके में निजी निर्माण गतिविधियों पर रोक लगा दी। दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में वायु प्रदूषण रविवार को खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। इनमें अशोक विहार में 282, आयानगर में 205, बवाना में 277, सीआरआरआई मथुरा रोड पर 275, द्वारका सेक्टर-8 में 266, आईटीओ 257, मेजर ध्यान चंद नेशनल स्टेडियम पर 276, मुंडका में 294, नरेला 267, नेहरू नगर 297, पटपड़गंज 278, पंजाबी बाग 280, शादीपुर 232, सिरीफोर्ट 276, विवेक विहार 290 और वजीराबाद में 288 अंक पर रहा। पूरे देश में दिवाली सोमवार को मनाई जाएगी।

## पराली न...

और साथ ही भूमि की उर्वरता भी प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि गुरबाणी के सिद्धांतों के मुताबिक पंजाब के लोग प्रकृति से सबसे ज्यादा प्यार करते हैं। बयान में उनके हवाले से कहा गया, जैसे-जैसे लोग पराली जलाने के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक हो रहे हैं, वे इस प्रवृत्ति को छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब राज्य के लोग इस प्रथा को पूरी तरह से छोड़ देंगे।

## चिनफिंग ने...

केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) का अध्यक्ष भी नामित किया गया। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के जनरल झांग यूशिया और हे वीदोंग को सीएमसी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। सीएमसी के अन्य सदस्यों में शीर्ष सैन्य अधिकारी ली शांगफू, लियू जेनली, मियाओ हुआ और झांग शेंगमिन शामिल हैं। वे नौसेना और रॉकेट फोर्स सहित सेना की विभिन्न शाखाओं का नेतृत्व करेंगे। पहले के कार्यकाल की तरह शी सीएमसी के एक मात्र असैन्य सदस्य हैं। केंद्रीय समिति ने 24 सदस्ईय राजनीतिक ब्यूरो को भी स्वीकृत किया, जिसने सात सदस्ईय स्थाई समिति का चयन किया। इस समिति के सदस्य शी समर्थक हैं। मीडिया से मुखातिब होने के लिए देश को चलाने वाली सबसे शक्तिशाली संस्था स्थाई समिति के सदस्य शी के पीछे चल कर ग्रेट हॉल में पहुंचे और इसका राष्ट्रीय मीडिया पर सीधा प्रसारण किया गया। शी ने कहा, मुझे सीपीसी केंद्रीय समिति के महासचिव के तौर पर फिर से चुना गया है। उन्होंने समिति के छह अन्य सदस्यों से सबका परिचय कराया, जिसमें से दो पूर्ववर्ती समिति में भी शामिल थे। समिति के छह अन्य सदस्यों में ली कियांग, झाओ लेजी, वांग हुनिंग, सिया क्वी, डिंग शुएशियांग और ली शी शामिल हैं। झाओ और वांग दोनों पूर्ववर्ती समिति के भी सदस्य थे। शंघाई सीपीसी के प्रमुख ली कियांग (63) को शी का करीबी सहयोगी माना जाता है और व्यापक रूप से ऐसा माना जा रहा है कि उन्हें मार्च में प्रधानमंत्री बनाए जाने की उम्मीद है। झाओ लेजी (65) ने 2017 से केंद्रीय अनुशासन निरीक्षण आयोग का संचालन किया है, जो भ्रष्टाचार और अन्य गड़बड़ी को रोकने के लिए पार्टी की बहुचर्चित संस्था है। हुनिंग (62) 2017 से पोलिब्यूरो की स्थाई समिति के सदस्य हैं।

## भारत ने...

ही पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम (0) और मोहम्मद रिजवान (चार) को आउट करके भारत को शानदार शुरूआत दिलाई। इसके बाद एशिया कप में जबर्दस्त प्रदर्शन करने वाले पंड्या ने 30 रन देकर तीन विकेट लिए। पाकिस्तान के लिए इफ्तिखार अहमद ने 51 रन बनाए और भारतीय गेंदबाजों के सामने बिल्कुल सहज दिखे। स्पिनर आर अश्विन और अक्षर पटेल जूझते नजर आए लिहाजा छठे गेंदबाज पंड्या ने चार ओवर डाले। शान मसूद ने 42 गेंद में 52 रन बनाए लेकिन वह सहज नहीं दिखे। इससे 364 दिन पहले बाबर और रिजवान ने भारतीय गेंदबाजी को धता बताते हुए टी20 मैच में पाकिस्तान को भारत के खिलाफ सबसे बड़ी जीत दिलाई थी। पिछले कुछ दिन से बारिश के कारण एमसीजी की पिच कवर के भीतर थी और इसमें अभी भी नमी है और ऐसे में तेज गेंदबाजों को पिच से काफी मदद मिल रही है। भुवनेश्वर कुमार और अर्शदीप ने इसका पूरा फायदा उठाया। दोनों ने 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी की। पहले ओवर में भुवनेश्वर ने पाकिस्तानी बल्लेबाजों को हाथ नहीं खोलने दिए। वहीं अर्शदीप ने दूसरे ओवर की पहली ही गेंद पर बाबर को पगबाधा आउट किया। रिजवान भी चार रन बनाकर अर्शदीप की शॉर्ट गेंद का शिकार हुए जिनका कैच फाइन लेग सीमा के पास भुवनेश्वर ने लपका।

# इसरो ने एक बार फिर रचा इतिहास

● वाणिज्यिक उपग्रह मिशन एलवीएम3-एम2 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण कर ब्रिटेन की कंपनी के 36 ब्रॉडबैंड संचार उपग्रहों को सफलतापूर्वक निर्धारित कक्षाओं में स्थापित कराया

**भाषा।** श्रीहरिकोटा, बेंगलुरु



**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के सबसे भारी रॉकेट एलवीएम3–एम2 ने रविवार अपने पहले वाणिज्यिक मिशन के तहत ब्रिटेन की कंपनी के 36 ब्रॉडबैंड संचार उपग्रहों को सफलतापूर्वक निर्धारित कक्षाओं में स्थापित कर दिया। इसरो ने इसे ऐतिहासिक मिशन करार दिया है। ब्रिटेन की कंपनी वनवेब लिमिटेड ने इस मिशन के लिए इसरो की वाणिज्यिक शाखा न्यू स्पेस इंडिया लि. (एनएसआईएल) के साथ करार किया था। वनवेब लि. अंतरिक्ष के क्षेत्र में काम करने वाला वैश्विक संचार नेटवर्क है, जो सरकारों और उद्योगों को इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध कराता है। वनवेब में भारती एंटरप्राइजेज एक प्रमुख निवेशक है। नेटवर्क एक्सेस एसोसिएटेड लि. (वनवेब) ने कहा कि इसरो और इसकी वाणिज्यिक शाखा एनएसआईएल के साथ उसकी साझेदारी ने 2023 तक भारत में दूर-दूर तक कनेक्टिविटी प्रदान करने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरिक्ष वैज्ञानिकों और अन्य हितधारकों को इस सफलता पर बधाई दी।

मुर्मू ने ट्वीट किया, इसरो, एनएसआईएल और इनस्पेस की टीम ने वैश्विक संपर्क बढ़ाने के उद्देश्य से एलवीएम3 के जरिए 36 उपग्रहों को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित करने की एक प्रभावशाली उपलब्धि हासिल की। देश को हमारे वैज्ञानिकों और उनके द्वारा राष्ट्र की स्वदेशी क्षमताओं के प्रदर्शन पर गर्व है। बधाईउ मोदी ने ट्वीट किया, 36 वनवेब उपग्रहों के साथ हमारे सबसे भारी प्रक्षेपण यान एलवीएम3 के सफल प्रक्षेपण पर एनएसआईएल, आईएन–स्पेस और इसरो को बधाई। एलवीएम3 आत्मनिर्भरता का उदाहरण है और वैश्विक वाणिज्यिक प्रक्षेपण सेवा बाजार में भारत की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त को मजबूत बनाता है। रविवार को मिली सफलता के साथ ही इसरो ने सात अगस्त की अपनी विफलता को पीछे छोड़ दिया, जब एजेंसी का पहला छोटा उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) टर्मिनल चरण में डेटा लॉस (सूचनाओं की हानि) का शिकार हो गया था और उससे संपर्क टूट गया था। रविवार तड़के, इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने घोषणा की कि अंतरिक्ष एजेंसी में कार्यरत वैज्ञानिकों के लिए दीपावली का त्योहार जल्दी शुरू हो गया है। इसरो ने ट्वीट किया, एलवीएम3 एम2वनवेब इंडिया–। मिशन सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। सभी 36 उपग्रहों को निर्धारित कक्षाओं में स्थापित कर दिया गया है।

इससे कुछ ही मिनट पहले सोमनाथ ने घोषणा की थी कि 16 उपग्रहों को वांछित कक्षाओं में स्थापित कर दिया गया है जबकि शेष को स्थापित करने में कुछ और समय लगेगा।

श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष यान से रात 12 बजकर सात मिनट पर रॉकेट के प्रक्षेपण के लगभग 75 मिनट बाद सभी 36 उपग्रह कक्षाओं में स्थापित हो गए। एलवीएम को 8,000 किलोग्राम तक के उपग्रहों को ले जाने की क्षमता वाले सबसे भारी उपग्रहों में से एक करार दिया गया है। सोमनाथ ने मिशन नियंत्रण केंद्र में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एलवीएम3 और इसके पहले वाणिज्यिक मिशन के पूरी सटीकता के साथ कक्षा में स्थापित होने के साथ ही सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में दीपावली का जश्न शुरू हो गया है। इससे पहले उन्होंने कहा था, अब रॉकेट कक्षा में प्रवेश कर चुका है, 36 उपग्रहों में से 16 उपग्रह पहले ही कक्षा में दाखिल हो चुके हैं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि यह उपग्रहों को अलग करने की एक धीमी प्रक्रिया है। इसरो के पूर्व प्रमुखों के. सिवन तथा ए. एस. किरण कुमार और भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक–अध्यक्ष सुनील मित्तल समेत अन्य लोगों ने मिशन नियंत्रण केंद्र से प्रक्षेपण देखा।

मिशन को ऐतिहासिक बताते हुए, अंतरिक्ष विभाग के सचिव सोमनाथ ने इसकी सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समर्थन को श्रेय दिया। इस ऐतिहासिक मिशन पर काम करने और आज इसे अंजाम तक पहुंचाने वाली पूरी टीम को बधाई। मैं एलवीएम3 का प्रक्षेपण कराने के लिए हम पर विश्वास करने को लेकर वनवेब टीम को भी धन्यवाद देना चाहता हूं। एनएसआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डी. राधाकृष्णन ने एलवीएम3 के मिशन के लिए इसरो टीम को बधाई देते हुए कहा, इस विशेष मिशन के तीन प्रमुख हितधारकों, एनएसआईएल, इसरो और वनवेब इंडिया ने पूरी दुनिया को दिखाया है कि किस तरह 3–4 महीने से कम समय में मिशन को अंजाम तक पहुंचाया जा सकता है। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने भी इसरो को बधाई दी है। हरिचंदन ने एक बयान में कहा, यह इसरो की संपूर्ण प्रक्षेपण यान टीम के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। 8,000 किलोग्राम तक के उपग्रहों को ले जाने की क्षमता वाले सबसे भारी यानों में शुमार एलवीएम3 ने अपने पहले वाणिज्यिक मिशन को पूरी सटीकता से अंजाम दिया। यह प्रक्षेपण एलवीएम3–एम2 के लिए ऐसा पहला प्रक्षेपण है जो भू–समकालिक स्थानांतरण कक्षा (जीटीओ) के विपरीत उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा (पृथ्वी से 1,200 किलोमीटर ऊपर) में स्थापित करता है। इसरो के वैज्ञानिकों ने जीएसएलवी–एमके–3 प्रक्षेपण यान का नाम बदलकर एलवीएम 3–एम 2 कर दिया था क्योंकि नवीनतम रॉकेट 4,000 किलोग्राम वर्ग के उपग्रहों को जीटीओ में और 8,000 किलोग्राम तक के पेलोड को एलईओ में भेजने में सक्षम है।

## वनवेब के 36 उपग्रह सफलतापूर्वक प्रक्षेपित, वैश्विक कवरेज की राह पर अग्रसर

**नई दिल्ली।** इसरो की वाणिज्यिक इकाई न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) ने उपग्रह संचार कंपनी वनवेब के 36 उपग्रहों को कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया है। लंदन स्थित कंपनी नेटवर्क एक्सिस एसोसिएटेड लिमिटेड (वन वेब) ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इसरो और एनएसआईएल का यह उपग्रह प्रक्षेपण भारत के अग्रणी अंतरिक्ष संगठन के सबसे बड़े वाणिज्यिक ऑर्डर में से एक और एलवीएम3 रॉकेट के जरिए हुआ पहला प्रक्षेपण अभियान है। बयान के मुताबिक, इसरो और एनएसआईएल ने श्रीहरिकोटा स्थित प्रक्षेपण केंद्र से 36 वेब वन उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण किया। वन वेब ने कहा कि यह इस साल का दूसरा और कुल 14वां प्रक्षेपण है। इसके साथ ही धरती की निचली कक्षा में 648 उपग्रहों का बेड़ा तैयार करने की वनवेब की योजना का 70 फीसदी यानी 462 उपग्रह का समूह पूरा हो जाएगा। यह बेड़ा दुनियाभर में उच्च गति वाली तेज कनेक्टिविटी देगा। कंपनी ने बयान में कहा कि अब चार प्रक्षेपण और करने पर वनवेब वर्ष 2023 तक सक्रिय वैश्विक कवरेज की राह पर अग्रसर होगा। लद्दाख से लेकर कन्याकुमारी और गुजरात से अरुणाचल प्रदेश तक वनवेब उद्यमों के साथ-साथ गांवों, नगर पालिकाओं, स्कूलों और यहां तक की देश के सुदूर कोनों तक सुरक्षित समाधान मुहैया करवाएगा। इसरो के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग में सचिव सोमनाथ एस ने इसे देश और भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए एक ऐतिहासिक घटना बताया। वन वेब की सबसे बड़ी निवेशक कंपनी भारती ग्लोबल है। वन वेब के कार्यकारी चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने कहा कि यह प्रक्षेपण कंपनी के लिए एक उल्लेखनीय पड़ाव है।

## पुरातत्वविदों ने ओडिशा के मंदिर में 170 साल पुराने काष्ठ अभिलेख का पता लगाया

**भुवनेश्वर।** पुरातत्वविदों ने ओडिशा के पुरी जिले में स्थित एक मंदिर में 170 साल पुराने एक दुर्लभ काष्ठ अभिलेख का पता लगाया है। इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरीटेज की तीन सदस्ईय एक टीम ने दया–रत्नचिरा नदी घाटी में स्थित देलांग क्षेत्र में पुरातात्विक अवशेष के सर्वेक्षण के दौरान इसका पता लगाया। गैर लाभकारी संगठन के परियोजना समन्वयक अनिल धीर ने बताया कि करीब 170 साल पुराना काष्ठ अभिलेख खुर्दगडा किले के पास स्थित हरीराजपुर गांव स्थित पश्चिम सोमनाथ मंदिर में पाया गया। यह स्थान भोई राजवंश की राजधानी था। टीम के दो अन्य सदस्य दीपक कुमार नायक और विक्रम नायक हैं। दीपक ने कहा, अभिलेख में लिखा हुआ है कि मंदिर का निर्माण रामचंद्र देव तृतीय के शासन के 44वें वर्ष में किया गया था। मंदिर उस स्थान के नजदीक स्थित है जहां उत्कल विवि के एक दल ने खुदाई कर कुछ वर्ष पहले दो नर कंकाल और पुरातात्विक सामग्री ढूंढी थी।

# शिंदे-फडणवीस सरकार ने पिछली एमवीए सरकार के छह निर्णय पलट दिए

**मुंबई।** महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे–भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गठबंधन सरकार ने आरे मेट्रो कार शेड के स्थानांतरण और राज्य में मामलों की जांच के वास्ते सीबीआई को आम मंजूरी समेत पिछली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार के कम से कम आधे दर्जन निर्णयों पर रोक लगा दी है या उन्हें पलट दिया है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के बारे में राज्य सरकार का हाल का निर्णय इस मायने में अहम है कि पिछली शिवसेना नीत एमवीए सरकार ने इस जांच एजेंसी को आम मंजूरी यह कहते हुए वापस ले ली थी कि राजनीतिक नफा–नुकसान के लिए इसका दुरूपयोग किया जा रहा है।

वर्तमान सरकार ने इस माह के प्रारंभ में सत्ता में 100 दिन पूरे किए हैं। शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के विरूद्ध एकनाथ शिंदे के बगावत करने तथा पार्टी के 55 में 44 विधायकों के साथ एक अलग धड़ा बना लेने के बाद एमवीए सरकार गिर गई थी और वर्तमान सरकार अस्तित्व में आई थी। शिंदे ने इस साल जून में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी और भाजपा के देवेंद्र फडणवीस उपमुख्यमंत्री बने थे। नवंबर, 2019 में सत्ता में आने के बाद शिवसेना, कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की एमवीए सरकार ने पिछली भाजपा –शिवसेना सरकार के कुछ खास नीतिगत निर्णय पलट दिए थे। भाजपा–शिवसेना सरकार के अगुवा देवेंद्र फडणवीस थे।

शिंदे सरकार ने उन चार नीतिगत निर्णयों को वापस लाने का फैसला किया जो 2014–2019 के दौरान फडणवीस सरकार द्वारा लिए गए थे लेकिन बाद में एमवीए सरकार ने इन्हें रद्द कर दिया था। इन निर्णयों में कृषि उपज विपणन समिति बाजारों में किसानों के मताधिकार की बहाली, आपातकाल के दौरान जेल में डाल दिए गए लोगों के लिए पेंशन पुन: शुरू करना, लोगों के बीच से ग्राम प्रमुख और निगम परिषद अध्यक्षों का निर्वाचन शामिल हैं। महाराष्ट्र कृषि उपज एवं विपणन (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1963 में केवल ग्राम पंचायत, कृषि साख सोसाइटी एवं बहुद्देश्ईय सोसाइटियों के सदस्यों को ही समिति के सदस्यों के चुनाव की अनुमति थी लेकिन अगस्त, 2017 में भाजपा –शिवसेना सरकार ने उस कानून में संशोधन कर किसानों को भी मताधिकार दिया था। उसे जनवरी, 2020 में एवीए सरकार ने रद्द कर दिया था। शिंदे सरकार ने उन राजनीतिक कार्यकर्ताओं की पेंशन भी बहाल की है जिन्हें आपातकाल में जेल में डाल दिया गया था। वर्ष 2017 में पहली बार फडणवीस सरकार ने यह फैसला किया था जिसे एमवीए सरकार ने 2020 में पलट दिया था और दावा किया था कि ज्यादातर लाभार्थी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता हैं।

## पंजाब के मोहाली में दुनिया का सबसे बड़ा दीया वैश्विक शांति, एकता की लौ का प्रतीक

**मोहाली ( पंजाब )।** वैश्विक शांति का संदेश देने के लिए पंजाब के मोहाली में दुनिया का सबसे बड़ा दीपक जलाया गया है। कार्यक्रम के आयोजकों ने दावा किया। आयोजको ने कहा कि विश्व रिकॉर्ड के साथ संपन्न हुए इस आयोजन के लिए 10,000 से अधिक लोगों ने तेल प्रदान किया। विश्व शांति, एकता, धर्मनिरपेक्षता और मानवतावाद का संदेश देने के लिए लगभग 1,000 किलोग्राम स्टील से निर्मित, 3.37 मीटर व्यास वाले दुनिया के सबसे बड़े दीपक को शनिवार शाम आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल (अवकाशप्राप्त) के जे सिंह ने प्रज्वलित किया।

भारतीय समाज के विविध ताने–बाने और विविधता का प्रतिनिधित्व करने वाले हीरो होम्स के 4,000 निवासियों सहित 10,000 से अधिक लोगों ने शांति के इस अनूठे प्रतीक के लिए 3,129 लीटर जैविक और दीया–उपयुक्त तेल जुटाया। अपने परिसर में इस कार्यक्रम का आयोजन करने वाले हीरो होम्स , हीरो एंटरप्राइज की रियल एस्टेट शाखा हीरो रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड की एक आवासीय इकाई है। हीरो रियल्टी के सीएमओ आशीष कौल ने कहा कि शांति के त्योहार के उपलक्ष्य में विशाल दीपक को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के अधिकारियों की उपस्थिति में प्रज्वलित किया गया। ये अधिकारी इस उपलब्धि को दर्ज करने के लिए मोहाली में हीरो होम्स की सोसाइटी में मौजूद थे। गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के अनुसार, यह दीया खाना पकाने वाले 3,000 लीटर तेल से जलाया गया और यह दुनिया का अब तक का सबसे बड़ा तेल दीपक है। लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने कहा, यह एक अपरंपरागत आयोजन है, जिसमें परंपरा के अनुसार दीपावली मनाने और एक महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश प्रसारित करने का दोहरा इरादा शामिल है। दुनिया के सबसे बड़े दीपक का विचार लाने वाले आशीष कौल ने कहा, मेरी जड़ें कश्मीर में हैं।

## हनीट्रैप में फंसे सरकारी कर्मचारी को अब भी विश्वास नही कि उसकी प्रेमिका पाक एजेंट थी

**जयपुर।** दिल्ली के सेना भवन में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रवि प्रकाश मीणा को विश्वास नहीं हो पा रहा है कि उसने जिस महिला से प्यार किया, वह पाकिस्तानी एजेंट थी। हनीट्रैप (मोहपाश) में फंसे 31 वर्षीय मीणा पर सेना से जुड़ी संवेदनशील एवं रणनीतिक जानकारी साझा करने का आरोप है और वह इस समय जेल में है। मीणा के मामले की जांच से जुड़े एक खुफिया अधिकारी ने यहां बताया कि मीणा फेसबुक के जरिए एक युवती का दोस्त बना और वह उसके प्यार में पागल था। राजस्थान में करौली जिले के सपोटारा के रहने वाले मीणा को अक्टूबर के पहले सप्ताह में पकड़ा गया था। वह 2017 के बाद से राज्य पुलिस द्वारा इस तरह के मामलों में गिरफ्तार ऐसा 35वां व्यक्ति है, जिसे इंटर–सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) समेत पाकिस्तानी एजेंट के हनीट्रैप में फंसकर संवेदनशील जानकारी साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

मीणा के मामले से जुड़े अधिकारी ने कहा, पाकिस्तानी एजेंट ने खुद को पश्चिम बंगाल में तैनात भारतीय सेना अधिकारी अंजलि तिवारी के रूप में पेश किया। मीणा को गिरफ्तारी के बाद भी और सबूतों को देखकर भी विश्वास नहीं हो रहा था कि वह महिला एक पाकिस्तानी एजेंट थी। राजस्थान के पुलिस महानिदेशक (खुफिया) उमेश मिश्रा ने आठ अक्टूबर को मीणा की गिरफ्तारी के बाद बताया था कि मीणा महिला के साथ सेना संबंधी गोपनीय और रणनीतिक जानकारी साझा कर रहा था।

मिश्रा ने बताया था कि महिला एजेंट ने मीणा को अपने मोहपाश में फंसाकर और धनराशि का प्रलोभन देकर सामरिक महत्व के तहत वर्गीकृत दस्तावेज मांगे थे और आरोपी ने ए दस्तावेज सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तानी एजेंट को मुहैया कराए और बदले में उसके बैंक खाते में धन राशि डाली गई। राजस्थान पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, इस तरह के मामलों में 2017 के बाद से अब तक आम नागरिकों और सुरक्षा कर्मियों सहित 35 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें से 2017 में छह, 2019 में पांच, 2020 में पांच, 2021 में आठ और इस साल अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया। मिश्रा ने बताया, पहले मामलों में लोग पैसे के बदले गोपनीय और रणनीतिक जानकारी प्रदान करते थे, लेकिन अब यह देखा जा रहा है कि लोगों को फंसाया जा रहा है, भावनात्मक रूप से ब्लैकमेल किया जा रहा है और फिर पैसे के बदले में जानकारी मांगी जा रही है। पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए 35 लोगों के खिलाफ 2017 से अब तक कुल 26 मामले दर्ज किए गए हैं। इन गिरफ्तार लोगों में 10 सुरक्षाकर्मी और 25 नागरिक हैं।

एक खुफिया अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि पहले हनीट्रैप करके और फिर पैसे देकर संवेदनशील जानकारी हासिल करने का चलन 2019 से पाकिस्तानी एजेंट का पसंदीदा तरीका बन गया है। इस साल की शुरुआत में, जोधपुर में सेना की एक इकाई में तैनात उत्तराखंड के मूल निवासी 24 वर्षीय प्रदीप कुमार को रिया नाम की एक महिला पाकिस्तानी एजेंट ने हनीट्रैप में फंसाया था। इस मामले से जुड़े एक अन्य खुफिया अधिकारी ने बताया कि कुमार को मई में गिरफ्तार किया गया था और महिला एजेंट ने उसे बताया था कि वह बेंगलुरु के सैन्य अस्पताल में तैनात एक लेफ्टिनेंट कर्नल है। वह रिया से शादी करना चाहता था। उसने वीडियो कॉल के जरिए कुमार को अपने परिवार से मिलवाया था और उसने उसकी बहन से बात की थी। महिला एजेंट ने कुमार को काम पर उसकी दिनचर्या के बारे में बताया था और सहकर्मियों के साथ लड़ाई और बहस आदि की भी चर्चा की थी। कुमार ने उसके साथ सहानुभूति रखते हुए उसे ड्राफ्ट और दस्तावेज तैयार करने में मदद करनी शुरू की। बाद में कुमार ने उसे दस्तावेजों और सैन्य इकाइयों की तस्वीरें भेजना शुरू कर दिया। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, अपनी गिरफ्तारी के चार दिन के बाद भी और अपराध के बारे में जानकारी दिए जाने के बाद भी कुमार को विश्वास नहीं हो रहा था कि वह जिस महिला से प्यार करता है, वह उसके साथ ऐसा कर सकती है। कुमार के मामले में एजेंट ने उस सैन्य इकाई के उसके 10 दोस्तों से भी बातचीत की, जिसमें वह तैनात था, लेकिन उसे कोई जानकारी नहीं मिली। सभी मामलों में काम करने का तरीका समान है। उन्होंने कहा कि एजेंट या तो मिस्ड कॉल देते हैं और फिर व्यक्ति द्वारा फोन किए जाने के बाद बातचीत करते हैं या सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क करते हैं।

# हिंदी पर दक्षिण भारत में छिड़ी बहस, पर केरल के गांव में सैकड़ों लोग सीख रहे भाषा

**कोझिकोड ( केरल )।** केरल के एक छोटे से गांव में 72 साल की जानकी अम्मा इस उम्र में भी पूरी लगन के साथ हिंदी सीख रही हैं। वह 100 प्रतिशत हिंदी साक्षरता हासिल करने के लिए पंचायत की ओर से किए जा रहे प्रयासों के तहत उन्हें दिए गए छोटे–छोटे वाक्य पढ़ती हैं और फिर उन्हें बार–बार दोहराती हैं। एक ओर जहां केरल और तमिलनाडु हिंदी थोपने के प्रयासों का विरोध कर रहे हैं और सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को लेकर तीखी बहस देखने को मिल रही है, तो दूसरी ओर जानकी अम्मा एक ठंडी अंधेरी रात सड़क पे जा रहा है वाक्य पढ़–पढ़कर हिंदीभाषियों का दिल जीत रही हैं। अम्मा का शिक्षक उन्हें जो पढ़ाता है, वह उसे बार–बार दोहराती हैं।

इस गांव में बड़ी संख्या में प्रवासी श्रमिक रहते हैं। ऐसे में उनसे संवाद की जरूरत को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है। कांग्रेस–शासित चेल्लनूर ग्राम पंचायत के अधिकारियों ने कहा कि इसका उद्देश्य अगले साल गणतंत्र दिवस तक चेलन्नूर को पूर्ण हिंदी साक्षर पंचायत घोषित करना है। अधिकारियों की प्राथमिकता ग्राम पंचायत में मानव संसाधन का उपयोग करते हुए अपने सीमित धन के साथ एक अनूठी परियोजना को लागू करना था। लेकिन, जिस व्यावहारिक कारण से उन्होंने हिंदी साक्षरता कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया, वह पंचायत में प्रवासी श्रमिकों की भारी उपस्थिति होना है। देश के उच्च शिक्षा संस्थानों में हिंदी को शिक्षा का माध्यम बनाने की संसद की एक समिति की सिफारिशों से राजनीतिक विवाद छिड़ा है और केरल व तमिलनाडु जैसे राज्यों ने प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है, लेकिन चेलन्नूर ग्राम पंचायत ने खुद को पूरी तरह से हिंदी साक्षर बनाने के प्रयास शुरू कर दिए थे। जानकी अम्मा (72) की बेटी व स्वयंसेवी आत्मिनी ने कहा कि जानकी कभी–कभी उपरोक्त वाक्य को दोहराती थीं। वह शायद जीवन के इस दौर में कुछ नया सीखने के उत्साह के कारण ऐसा करती हैं।

जानकी अम्मा की तरह सैकड़ों ग्रामीण उम्र, लिंग और शैक्षिक बाधाओं से दूर कुछ समय से ग्राम पंचायत में हिंदी सीख रहे हैं, जहां उत्तरी राज्यों के प्रवासी श्रमिकों की बड़ी तादाद है। कार्यक्रम में लोग इसलिए हिस्सा ले रहे हैं क्योंकि इससे उन्हें बुनियादी हिंदी सीखने और प्रवासी श्रमिकों के साथ संवाद करने में मदद मिलेगी, जो अब उनके सामाजिक जीवन का अभिन्न अंग बन गए हैं। हमारी परियोजना और हिंदी के संबंध में हालिया विवाद के बीच कोई संबंध नहीं है। परियोजना की अवधारणा और अन्य बुनियादी कार्य पिछले साल शुरू हुए थे। शुरुआत से पहले, उन लोगों की पहचान करने के लिए एक सर्वेक्षण किया गया था जो हिंदी में पारंगत नहीं हैं और जो भाषा सीखने में रुचि रखते हैं।



अखनूर में भारतीय आर्मी के जवान धनतेरस पर्व के अवसर पर एलओसी बार्डर पर मोमबत्ती जलाते हुए।

# मध्य प्रद्रेश में 2023 का विस चुनाव अकेले लड़ने पर विचार कर रहा है आदिवासी संगठन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव में महज एक साल रह जाने के बावजूद एक आदिवासी संगठन ने अपने बैनर तले यह चुनाव लड़ने की योजना की घोषणा की है और अगली सरकार के गठन में अपनी भूमिका निभाने के लिए कुल 230 में से 80 सीटें जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जय आदिवासी युवा संगठन (जयस) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित मध्यप्रदेश में 2024 के लोकसभा चुनाव में भी अपने उम्मीदवार उतारने की योजना बनाई है।

मध्यप्रदेश की राजनीति में शुरू से ही कांग्रेस और भाजपा का वर्चस्व रहा है और जयस अभी तक मध्यप्रदेश में एक बड़ी राजनीतिक–सामाजिक ताकत नहीं रही है। फिर भी जयस को अनुसूचित जनजातियों (एसटी) के लिए आरक्षित विधानसभा सीटों के साथ–साथ उन सीटों पर भी अपने पक्ष में वोटों को लामबंद कर लेने का भरोसा है जहां आदिवासियों की अच्छी खासी तादाद है। जयस के राष्ट्रीय संरक्षक और धार जिले के मनावर (एसटी) से कांग्रेस विधायक डॉ. हीरालाल अलावा ने पीटीआई–भाषा से कहा कि उनका संगठन जयस युवाओं को मध्यप्रदेश विधानसभा और लोकसभा में सदस्य (विधायक/सांसद) के रूप में भेजना चाहता है। उन्होंने कहा, प्रदेश में कुल 230 विधानसभा सीटों में 47 सीटें अनुसूचित जनजाति (एससी) वर्ग के लिए और 35 सीटें अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के लिए आरक्षित हैं।

अलावा ने कहा, इन निर्वाचन क्षेत्रों से अधिक से अधिक युवा नेताओं को विधानसभा में भेजने के लिए जयस ने मध्यप्रदेश में नवंबर 2023 के विधानसभा चुनावों में अपने बैनर तले उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, सामान्य वर्ग की 35 सीटों पर आदिवासी मतदाताओं की संख्या 50,000 से एक लाख के बीच है और वे इन निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव परिणाम में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। अलावा ने कहा कि जयस मध्यप्रदेश विधानसभा की कुल 230 सीटों में से 80 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर चल रहा है ताकि वह किंगमेकर की भूमिका निभा पाए और यह तय कर पाए कि अगली सरकार किसकी बनेगी। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि उनका संगठन कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगा।

एमबीबीएस और एमडी की डिग्री प्राप्त आदिवासी नेता ने कहा कि जयस उम्मीदवार निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ेंगे, लेकिन संगठन के बैनर तले। अलावा ने कहा, 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भी जयस अपना उम्मीदवार उतारेगी क्योंकि मध्यप्रदेश में अनुसूचित जनजातियों के लिए छह और अनुसूचित जाति के लिए चार सीटें आरक्षित हैं।

## व्यक्ति ने 40 टन वजन ले जाने वाले ट्रेलर बनाया, ईंधन की भी होगी कम खपत

**औरंगाबाद।** मराठवाड़ा के 23 वर्षीय एक युवक ने ईंधन की कम खपत वाले एक ऐसे ट्रेलर का निर्माण किया है जो ट्रैक्टर से जोड़ देने पर 40 टन वजन तक सामान ले जा सकता है। आमतौर पर ट्रैक्टरों से जुड़े ट्रेलरों में दो पहिए होते हैं और वे 25 टन वजन ले जा सकते हैं। लेकिन अक्षय चव्हाण ने चार पहिए वाले ट्रेलर का निर्माण किया है जो ट्रैक्टर की ऊर्जा का उपयोग कर 40 टन तक वजन ढो सकता है। डोंगांव के निवासी चव्हाण ने पीटीआई–भाषा को बताया कि ट्रैक्टर चालक के रूप में काम करते हुए उसके मन में ऐसा ट्रेलर (प्रतिकृति) बनाने का विचार आया, जो कम ईंधन की खपत करता हो और अधिक वजन ले जा सके। महज 12 वीं कक्षा तक पढ़ाई करने वाले अक्षय चव्हाण ने इस ट्रेलर को बनाने में दो साल काम किया और इसके लिए उसने पांच लाख रुपए का कर्ज भी लिया था। महाराष्ट्र सरकार ने जालना जिले में स्टार्टअप यात्रा कार्यक्रम के दौरान उसे 25 हजार रुपए देकर सम्मानित किया था। उसने कहा, ट्रेलर को ट्रैक्टर से जोड़कर माल ढोने के उपयोग में लाया जाता है। और यह वजन को ढोने में मदद करता है। ट्रेलर के ब्रेक ट्रैक्टर के ब्रेक से जुड़े होते हैं। एक साधारण ट्रेलर में यह विशेषता नहीं होती है। चव्हाण ने कहा कि यह अधिक वजन ढो सकता है। ज्यादातर ट्रैक्टर चालक 25 टन वजन ढोने के लिए दो चक्कर लगाते या दो ट्रॉलियों का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन इस नए ट्रेलर में 40 टन वजन ले ढोया जा सकता है। इससे ईंधन की खपत भी कम होती है।

# महिला को थप्पड़ मारते कर्नाटक के मंत्री का वीडियो वायरल

**भाषा।** चामराजनगर (कर्नाटक)

**कर्नाटक** के आवास एवं अवसंरचना मंत्री वी. सोमन्ना ने एक महिला को कथित तौर पर थप्पड़ मारने के बाद अपने इस व्यवहार के लिए रविवार को माफी मांगी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। यह घटना उस समय की है जब मंत्री इस जिले के हंगला गांव में संपत्ति दस्तावेज वितरण समारोह में हिस्सा ले रहे थे। संपत्ति के स्वामित्व के कागजात भूमिहीन लोगों को सौंपे गए जो आवासीय उद्देश्यों के लिए सरकारी भूमि पर कब्जा किए हुए थे। शनिवार को आयोजित समारोह के दौरान, केम्पम्मा नाम की एक महिला ने चामराजनगर जिला प्रभारी मंत्री सोमन्ना के पास पहुंची और कथित तौर पर उनसे एक भूखंड आवंटित करने की गुहार लगाई। अनियंत्रित भीड़ से धक्का लगने के बाद मंत्री नाराज हो गए और कथित तौर पर उसे थप्पड़ मार दिया।

उन्होंने चामराजनगर में संवाददाताओं से कहा, यह घटना कोई घटना नहीं है। मैं पिछले 40 साल से राजनीति में हूं। यह समाज के दलित और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आयोजित एक कार्यक्रम था। हालांकि मैंने बिल्कुल भी गलत व्यवहार नहीं किया, लेकिन अगर किसी को बुरा लगा है तो मैं माफी मांगता हूं और खेद व्यक्त करता हूं।

मंत्री के अनुसार, केम्पम्मा बार–बार मंच पर आ रही थी और वह उसे ऐसा न करने के लिए कहने के लिए मजबूर हो रहे थे। सोमन्ना ने कहा कि हालांकि उन्होंने उससे कहा कि जब वह मंच से उतरेंगे तो वह 10 मिनट में उसकी समस्या का समाधान कर देंगे, लेकिन वह नहीं मानी। मंत्री ने कहा, मैं उसे अपने हाथ से इशारा करते हुए उसे एक तरफ खड़ा करने की कोशिश कर रहा था। इसके अलावा और कोई इरादा नहीं था। महिलाओं के लिए मेरे मन में बहुत सम्मान है। मैं भी आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आता हूं। मंत्री ने कहा कि उन्होंने रविवार को केम्पम्मा को एक हक्कू पत्र (स्वामित्व पत्र) जारी किया। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता सिद्धरमैया ने सोमन्ना पर निशाना साधते हुए कहा कि यह घटना उनकी संस्कृति दर्शाती है। एक महिला सरकार को अपना दर्द बता रही थी, लेकिन उसे कठोर शब्दों के साथ जवाब दिया गया। सत्ता में बैठे लोगों को धैर्य रखना चाहिए। सोमन्ना मंत्री बनने के लायक नहीं हैं। अगर आपके पास लोगों की शिकायतों को दूर करने के लिए धैर्य नहीं है तो आपको इस्तीफा दे देना चाहिए। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि भाजपा के मंत्रियों के सिर पर अहंकार सवार हो गया है। कांग्रेस महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश ने कहा, राहुल गांधी ने 30 सितंबर को उसी गुंडलूपेट से भारत जोड़ो यात्रा के कर्नाटक चरण की शुरुआत की थी, उसमें और इस घटना में कितना फर्क है। इस व्यक्ति को तुरंत बर्खास्त किया जाना चाहिए। रमेश केरल के वायनाड से सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र कर रहे थे, जो पिछले महीने गुंडलूपेट से कर्नाटक में दाखिल हुई थी, जहां यह घटना शनिवार को हुई। सोमन्ना के कार्यालय ने बाद में एक वीडियो साझा किया, जिसमें महिला ने कहा कि उसे थप्पड़ नहीं मारा गया, बल्कि केवल मंत्री ने दिलासा दिया। महिला ने वीडियो में कहा, मैंने जमीन देने की गुहार के साथ उनके चरणों में सिर झुकाया और मंत्री ने मुझे दिलासा दिया कि वह मेरी मदद करेंगे, लेकिन (मीडिया में) यह प्रचारित किया गया कि उन्होंने (मंत्री ने) मुझे थप्पड़ मारा।

# सुनक ने की उम्मीदवारी की घोषणा

**भाषा।** लंदन



**भारतीय** मूल के पूर्व ब्रिटिश वित्त मंत्री ऋषि सुनक ने रविवार को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के रूप में लिज ट्रस की जगह नए नेता के चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारी की औपचारिक घोषणा कर दी और अर्थव्यवस्था में सुधार की प्रतिबद्धता जताई।

बयालीस वर्षीय सुनक संसद में कम से कम 128 टोरी सदस्यों के समर्थन के साथ कंजरवेटिव पार्टी के नेता की दौड़ में सबसे आगे माने जा रहे हैं। उधर, पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के समर्थकों का दावा है कि जॉनसन को कंजरवेटिव पार्टी के नेता की दौड़ में जरूरी आवश्यक 100 सांसदों का समर्थन हासिल है।

जॉनसन ने अपनी उम्मीदवारी का औपचारिक ऐलान अभी नहीं किया है, लेकिन माना जा रहा है कि कंजरवेटिव पार्टी के नेता और प्रधानमंत्री पद के लिए चुनाव त्रिकोणीय हो सकता है, जिसमें सुनक, जॉनसन और पेनी मॉरडॉन्ट शामिल हो सकते हैं। सुनक ने ट्वीट किया, ब्रिटेन एक महान देश है, लेकिन हमारे सामने बड़ा आर्थिक संकट है। इसलिए मैं कंजरवेटिव पार्टी के नेता और आपके अगले प्रधानमंत्री के लिए दौड़ में शामिल हो रहा हूं। मैं अपनी अर्थव्यवस्था को दुरुस्त करना चाहता हूं, अपनी पार्टी को एकजुट करना चाहता हूं और अपने देश के लिए काम करना चाहता हूं। उन्होंने इसके साथ अपने दृष्टिकोण वक्तव्य में कैबिनेट में वित्त मंत्री के रूप में अपने कामकाज का लेखाजोखा प्रस्तुत किया है।

सुनक ने ट्वीट किया, हमारे सामने और बड़ी चुनौतियां हैं। लेकिन यदि हम सही चुनाव करते हैं तो अवसर असाधारण हैं। मेरा काम करने का ट्रैक रिकॉर्ड रहा है, हमारे सामने जो सबसे बड़ी समस्याएं हैं, उनसे निपटने की स्पष्ट योजना है और मैं 2019 के घोषणापत्र में किए गए वादों पर काम करूंगा।

उन्होंने कहा, मेरे नेतृत्व वाली सरकार में हर स्तर पर ईमानदारी, पेशेवर कार्यशैली और जवाबदेही रहेगी और मैं काम पूरे करने के लिए हर वक्त कड़ी मेहनत करूंगा। मैं आपसे हमारी समस्याओं को समाप्त करने में मदद के लिए अवसर देने का आग्रह कर रहा हूं। इस बहु-अपेक्षित घोषणा से पहले सुनक और जॉनसन के बीच तथाकथित सत्ता-बंटवारे की वार्ता की खबरें आई थीं।

पूर्व उप प्रधानमंत्री और सुनक के समर्थक डोमिनिक राब ने बीबीसी से कहा, उन्होंने (सुनक और जॉनसन ने) एकजुटता की जरूरत को लेकर बहुत अच्छी बातचीत की है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी के अंदर सुनक के लिए समर्थन आधार बढ़ रहा है। उम्मीदवारी का ऐलान करने के लिए नेताओं के पास सोमवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर दो बजे तक का समय है और सफल उम्मीदवारी के लिए कंजरवेटिव पार्टी के कम से कम 100 सांसदों का समर्थन जरूरी है। अगर किसी उम्मीदवार को उससे पहले 156 सांसदों से ज्यादा प्रतिनिधियों का समर्थन मिल जाता है तो स्वत: ही मुकाबला दो प्रत्याशियों के बीच रह जाएगा, क्योंकि हाउस ऑफ कॉमन्स में टोरी सांसदों की संख्या 357 है। प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने कंजरवेटिव पार्टी में अपने खिलाफ खुले विद्रोह के बाद बृहस्पतिवार को इस्तीफे की घोषणा की थी।



साइबेरिया के रिहाईशी इलाके में रशिया लड़ाकू विमान गिरने के बाद वहां अफरा तफरी मच गई इस दुर्घटना में कुछ लोगों की जान चल गई



इटली की निवर्तमान प्रीमियर मारियो ड्रैगी नए प्रीमियर जियोर्जिया मेलोनी से एक कार्यक्रम के दौरान हाथ मिलाते हुए

## रूसी लड़ाकू विमान साइबेरिया में एक इमारत पर गिरा, दो पायलटों की मौत

**एपी।** मास्को

**रूस** के साइबेरियाई क्षेत्र के शहर इरकुत्स्क में रविवार को एक रूसी लड़ाकू विमान एक रिहायशी इमारत से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके कारण उसमें सवार दोनों पायलटों की मौत हो गई। एक सप्ताह के भीतर यह दूसरी घटना है जब इस क्षेत्र में कोई लड़ाकू विमान किसी रिहायशी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। इरकुत्स्क के गवर्नर इगोर कोबजेव ने कहा कि विमान दो मंजिला एक रिहायशी इमारत पर गिरा, जिसमें दो परिवार रहते हैं।

इस दुर्घटना के कारण इमारत में रहने वाले किसी व्यक्ति के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है। रूस के आपातकालीन मंत्रालय की स्थानीय शाखा ने कहा कि सुखोई-30 लड़ाकू विमान एक प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे आग लग गई। रूसी सोशल नेटवर्क पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में लड़ाकू विमान को लगभग लंबवत गिरते हुए देखा जा सकता है। दुर्घटना के एक अन्य वीडियो में आग की लपटों से घिरी इमारत और आग बुझाने के लिए तैनात दमकलकर्मियों को देखा जा सकता है। इससे कुछ दिन पहले एस्क में एक रिहायशी इमारत के पास रूसी युद्धक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई थी और 19 अन्य लोग घायल हो गए थे। छह लाख से अधिक आबादी वाला इरकुत्स्क शहर रूस का एक बड़ा औद्योगिक केंद्र है, जहां सुखोई-30 लड़ाकू विमानों का निर्माण किया जाता है। सुखोई-30 दो इंजनों वाला एक सुपरसोनिक लड़ाकू विमान है, जिसका इस्तेमाल रूसी वायु सेना करती रही है। भारत और कई अन्य देशों की वायु सेना में भी यह विमान शामिल है।

## सूडान मे आदिवासियो के बीच संघर्ष मे 220 लोगो की मौत

**काहिरा।** सूडान के दक्षिण में आदिवासियों के बीच दो दिनों के संघर्ष के बाद कम से कम 220 लोग मारे गए है। यह जानकारी एक वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी ने रविवार को दी। यह हाल के वर्षों में सबसे घातक आदिवासी संघर्षों में से एक है। इस अशांति ने नागरिक संघर्ष और राजनीतिक अराजकता में फंसे एक अफ्रीकी देश के संकट को और बढ़ा दिया है। यह संघर्ष देश के ब्लू नाइल प्रांत में हौसा जनजाति और बर्टा लोगों के बीच हुआ। ब्लू नाइल के स्वास्थ्य मंत्रालय के महानिदेशक फत अर्हमान बखेत के अनुसार, इथियोपिया की सीमा पर वाड अल-माही शहर में बुधवार और बृहस्पतिवार को तनाव बढ़ गया। शनिवार की रात तक कम से कम 220 लोगों की मौत हुई थी और यह संख्या बहुत अधिक हो सकती है क्योंकि चिकित्सा दल संघर्ष के केंद्र तक नहीं पहुंच पाए हैं।

## न्यूयॉर्क शहर में दिवाली पर स्कूलों में रहेगा अवकाश

**भाषा।** लॉस एंजिलिस

**अभिनेत्री**-निर्माता प्रियंका चोपड़ा जोनास का कहना है कि दिवाली के मौके पर न्यूयॉर्क शहर में स्कूलों में सार्वजनिक अवकाश घोषित होने की खबर से उनकी आंखों में खुशी के आंसू हैं। बृहस्पतिवार को न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स ने घोषणा की कि 2023 से दिवाली पर शहर में स्कूलों में सार्वजनिक अवकाश होगा।

लॉस एंजिलिस के बाहरी इलाके में रहने वालीं अभिनेत्री ने शनिवार रात इंस्टाग्राम स्टोरीज में लिखा, इतने सालों के बादउ क्वींस, न्यूयार्क में रह चुकी मेरे अंदर की किशोरी की आंखों में खुशी के आंसू हैं। चालीस-वर्षीय अभिनेत्री ने न्यूयॉर्क में विदेश विभाग के लिए चुनी गई पहली दक्षिण एशियाई-अमेरिकी महिला जेनिफर राजकुमार का एक वीडियो भी पोस्ट किया। न्यूयॉर्क शहर में हिंदू समुदाय द्वारा दिवाली के दिन स्कूलों में सार्वजनिक अवकाश की लंबे समय से मांग की जा रही थी। इस संबंध में एक बार कानून पारित हो जाने के बाद, अगले साल से दिवाली के दिन न्यूयॉर्क शहर में स्कूलों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। एडम्स ने बृहस्पतिवार को इस कार्यक्रम में कहा था कि न्यूयॉर्क शहर के पब्लिक विद्यालयों में दिवाली की छुट्टी घोषित करके हम उन अनगिनत लोगों को एक महत्वपूर्ण संदेश देना चाहते हैं जो इस उत्सव को मनाते हैं। राजकुमार ने कहा था कि उन्हें यह कहते हुए गर्व हो रहा है हमारा समय आ गया है। हिंदू, बौद्ध, सिख और जैन धर्मों के दो लाख से अधिक न्यूयॉर्क वासियों को मान्यता देने का समय आ गया है, जो रोशनी का त्योहार दिवाली मनाते हैं। इस सप्ताह, राजकुमार ने एक विधेयक पेश किया जो स्कूल कैलेंडर में दिवाली अवकाश का प्रावधान करता है।

## देश में 384 ढांचागत परियोजनाओं की लागत 4.52 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

**भाषा।** नई दिल्ली

**एक** रिपोर्ट के मुताबिक 150 करोड़ रुपए से अधिक निवेश वाली 384 ढांचागत परियोजनाओं की लागत 4.52 लाख करोड़ रुपए तक बढ़ चुकी है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि 150 करोड़ रुपए से अधिक निवेश प्रस्ताव वाली 1,529 परियोजनाओं में से 384 परियोजनाएं अपनी निर्धारित लागत से अधिक हो चुकी हैं। इनके अलावा 662 परियोजनाएं देरी से भी चल रही हैं। मंत्रालय ने सितंबर 2022 के लिए जारी अपनी रिपोर्ट में कहा, "कुल 1,529 परियोजनाओं के क्रियान्वयन पर कुल 21,25,851.67 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान था। लेकिन अब इन परियोजनाओं के पूरा होने पर कुल खर्च 25,78,197.18 करोड़ रुपए रहने की संभावना है। यह दर्शाता है कि इन परियोजनाओं की लागत 4,52,345.51 करोड़ रुपए बढ़ चुकी है जो मूल लागत का 21.28 प्रतिशत अधिक है"। यह रिपोर्ट कहती है कि इन ढांचागत परियोजनाओं पर सितंबर 2022 तक कुल 13,78,142.29 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके थे जो कि कुल अनुमानित लागत का 53.45 प्रतिशत है। देर से चल रही परियोजनाओं की संख्या 662 रही है। एक से 12 महीने की देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या 133 है जबकि 129 परियोजनाएं पांच साल से अधिक देरी से चल रही हैं। इन परियोजनाओं की औसत देरी 42.08 महीने दर्ज की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, ढांचागत परियोजनाओं में होने वाले विलंब की प्रमुख वजह में भूमि अधिग्रहण में होने वाली देरी, वन एवं पर्यावरणीय मंजूरी और ढांचागत समर्थन का अभाव शामिल है। इसके अलावा महामारी के दौरान कोरोनावायरस संक्रमण पर काबू पाने के लिए लगाए गए लॉकडाउन की भी इस देरी में अहम भूमिका रही है।

## देश का काजू निर्यात सितंबर में घटा

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में गहराती प्रतिस्पर्धा की वजह से लगातार 11 महीने से घट रहा देश का काजू निर्यात सितंबर 2022 में 38 प्रतिशत घटकर 2.271 करोड़ डॉलर रह गया है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक काजू के निर्यात में पिछले वर्ष नवंबर से गिरावट आ रही है। अप्रैल में निर्यात में 34 प्रतिशत, मई में 30 प्रतिशत, जून में 6 प्रतिशत, जुलाई में 26.62 फीसद की गिरावट आई और अगस्त में काजू का निर्यात 31.5 प्रतिशत घट गया। कर्नाटक के काजू विनिर्माता संगठन के उपाध्यक्ष तुकाराम प्रभु ने कहा कि विशेष कृषि एवं ग्राम उद्योग योजना के तहत मिलने वाले निर्यात प्रोत्साहन के बंद होने का भी असर पड़ा है। प्रभु ने कहा, निर्यात को बढ़ावा देने के लिए अभी कोई प्रोत्साहन नहीं मिल रहा है हालांकि वैश्विक बाजार में अच्छी मांग है, हमारे यहां का काजू वियतनाम के काजू से कहीं अधिक अच्छा है। केरल के काजू निर्यातकों का कहना है कि घरेलू दाम निर्यात के दामों के मुकाबले 15 फीसदी अधिक है।

## डॉ. रेड्डीज, सिप्ला, अरबिंदो ने अमेरिकी बाजार से अपने कुछ उत्पाद वापस लिए

**भाषा।** नई दिल्ली

**डॉ.** रेड्डीज लैबोरेट्रीज, सिप्ला और अरबिंदो फार्मा जैसी प्रमुख दवा कंपनियों ने कई समस्याओं को लेकर अमेरिकी बाजार से अपने विभिन्न उत्पादों को वापस मंगाने का फैसला किया है। अमेरिका के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) की प्रवर्तन रिपोर्ट के अनुसार, डॉ रेड्डीज लैबोरेट्रीज की अमेरिकी इकाई ने विटामिन के की कमी दूर करने वाली फाइटोनोडियोन की 2,838 शीशियों को वापस बुलाया है।

यूएसएफडीए के अनुसार, डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज असफल स्थिरता विनिर्देशों के कारण अपने उत्पादों को वापस बुला रही है। यूएसएफडीए ने बताया कि इसके अलावा सिप्ला की अमेरिकी इकाई आर्फरमोटेरॉल टारट्रेट इन्हेलेशन सोल्यूशन के 9,041 कार्टन को वापस बुला रही है। इसका उपयोग हृदयरोग के लक्षणों को नियंत्रित करने में मदद के लिए किया जाता है। इस लॉट का उत्पादन सिप्ला ने अपने मध्य प्रदेश स्थित संयंत्र में किया है। यूएसएफडीए के अनुसार, हैदराबाद स्थित अरबिंदो फार्मा की इकाई ऑरोमेडिक्स फार्मा एलएलसी ट्रानेक्सैमिक एसिड इंजेक्शन की 88,080 शीशियों को वापस ले रही है। इसका इस्तेमाल रोगियों में दंत प्रक्रियाओं जैसी विभिन्न स्थितियों के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव को नियंत्रित करने या रोकने के लिए किया जाता है। यूएसएफडीए के अनुसार, डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज असफल स्थिरता विनिर्देशों के कारण अपने उत्पादों को वापस बुला रही है। यूएसएफडीए ने बताया कि इसके अलावा सिप्ला की अमेरिकी इकाई आर्फरमोटेरॉल टारट्रेट इन्हेलेशन सोल्यूशन के 9,041 कार्टन को वापस बुला रही है।

## एफपीआई ने इस महीने अब तक की 6,000 करोड़ रुपए की निकासी

**भाषा।** नई दिल्ली

**विदेशी** निवेशकों ने इस महीने में अब तक भारतीय शेयर बाजारों से करीब 6,000 करोड़ रुपए की निकासी की है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत में आ रही गिरावट से इस निकासी को बल मिला। इसके साथ ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने वर्ष 2022 के कैलेंडर साल में अब तक कुल 1.75 लाख करोड़ रुपए की निकासी कर ली है। कोटक सिक्योरिटीज में इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा कि आने वाले समय में भी एफपीआई की गतिविधियों के उतार-चढ़ाव से भरपूर रहने की ही स्थिति दिख रही है। उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक जोखिम बने रहने, मुद्रास्फीति के ऊंचे स्तर और बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि की उम्मीद से एफपीआई की निकासी का सिलसिला जारी रह सकता है।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, एफपीआई के निकट अवधि में ज्यादा बिक्री करने की संभावना नहीं है लेकिन डॉलर में कमजोरी आने के बाद ही वे खरीदार की स्थिति में लौटेंगे। इस तरह एफपीआई का रुख अमेरिकी मुद्रास्फीति के रुझान और फेडरल रिजर्व के मौद्रिक नजरिए पर निर्भर करेगा। डिपॉजिटरी आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने अक्टूबर में अब तक 5,992 करोड़ रुपए की निकासी भारतीय बाजार से कर ली है। यह जरूर है कि पिछले कुछ दिनों में उनकी निकासी की मात्रा में थोड़ी गिरावट आई है। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि एफपीआई की बिकवाली के बावजूद घरेलू संस्थागत निवेशकों और खुदरा निवेशकों के खरीदार बने रहने से शेयर बाजारों को मजबूती मिल रही है। विजयकुमार ने कहा, अगर एफपीआई पहले बेचे गए शेयर को ही आज के समय में खरीदना चाहेंगे तो उन्हें उसकी बढ़ी हुई कीमत चुकानी होगी। यह अहसास नकारात्मक माहौल में भी एफपीआई की बिकवाली को रोकने का काम कर रहा है। सितंबर में एफपीआई ने भारतीय बाजारों से करीब 7,600 करोड़ रुपए की निकासी की थी। डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत गिरने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के सख्त रुख से एफपीआई के बीच बिकवाली का जोर रहा था। अपसाइड एआई की सह-संस्थापक कनिका अग्रवाल ने कहा, भारत से संबंधित किसी जोखिम के बजाय डॉलर को मिल रही मजबूती विदेशी निवेशकों की इस निकासी की मुख्य वजह रही है। बीते सप्ताह डॉलर के मुकाबले रुपया 83 रुपए से भी नीचे पहुंच गया जो कि इसका अब तक का सबसे निचला स्तर है। एफपीआई ने खास तौर पर वित्त, एफएमसीजी और आईटी क्षेत्रों में बिकवाली की है। इक्विटी बाजारों के अलावा विदेशी निवेशकों ने ऋण बाजार से भी अक्बूटर में 1,950 करोड़ रुपए की निकासी की है।

## कर संग्रह में बढ़ोतरी के पीछे नोटबंदी का फैसला: एमपीसी सदस्य

**भाषा।** नई दिल्ली

**रिजर्व** बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने कर संग्रह में आई तेजी का श्रेय नोटबंदी को देते हुए कहा है कि यह देश में एक व्यापक आधार पर कम कर लगाने की आदर्श स्थिति की तरफ ले जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आठ नवंबर, 2016 को 500 और 1,000 रुपए के तत्कालीन नोटों को चलन से बाहर करने का ऐलान करते हुए कहा था कि इस अप्रत्याशित कदम से काला धन पर लगाम लगाने के साथ ही डिजिटल भुगतान को बढ़ावा मिलेगा। एमपीसी की सदस्य आशिमा गोयल ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में यह स्वीकार किया कि नोटबंदी के सख्त कदम की कुछ अल्पकालिक लागत चुकानी पड़ी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दीर्घावधि में इसके कुछ लाभ भी होंगे। डिजिटलीकरण की दर में वृद्धि, अर्थव्यवस्था को औपचारिक बनाने और कर चोरी की घटनाओं में कमी जैसे लाभ प्रमुख हैं। कर विभाग ने गत नौ अक्टूबर को कहा था कि चालू वित्त वर्ष में कंपनियों एवं व्यक्तिगत आय पर कर का कुल संग्रह करीब 24 प्रतिशत बढ़कर 8.98 लाख करोड़ रुपए हो चुका है। एमपीसी की सदस्य आशिमा गोयल ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में यह स्वीकार किया कि नोटबंदी के सख्त कदम की कुछ अल्पकालिक लागत चुकानी पड़ी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दीर्घावधि में इसके कुछ लाभ भी होंगे। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह लगातार सातवें महीने 1.40 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है। सितंबर में जीएसटी संग्रह एक साल पहले की तुलना में 26 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.47 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

रिजर्व बैंक की तरफ से एक डिजिटल मुद्रा लाने की योजना के बारे में पूछे जाने पर गोयल ने कहा कि इससे नकदी के इस्तेमाल में कमी और मौजूदा भुगतान प्रणाली को अतिरिक्त समर्थन देने का मकसद पूरा हो सकेगा। उन्होंने कहा, "सीबीडीसी से डिजिटल युग में निश्चित रूप से नई जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा। यह मुद्रा सुदूर इलाकों तक पहुंच आसान बनाने के साथ ही वित्तीय समावेशन को भी गति देगी और उससे जुड़ी लागत में कमी आएगी"। रिजर्व बैंक ने हाल ही में कहा है कि वह अपनी डिजिटल मुद्रा को पायलट स्तर पर पेश करने की तैयारी में है।

## पाक का चीन से कर्ज चुकाने की समयसीमा बढ़ाने का अनुरोध

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने चीन से 6.3 अरब डॉलर का कर्ज चुकाने की समयसीमा बढ़ाने का अनुरोध अनुरोध किया है। इसकी समयसीमा अगले आठ महीने में पूरी होने वाली है।एक मीडिया रिपोर्ट में रविवार को यह जानकारी दी गई। पाकिस्तान दरअसल अपने ऋण एवं बाहरी व्यापार से जुड़े दायित्वों को पूरा करने के लिए चालू वित्त वर्ष में 34 अरब डॉलर जुटाना चाहता है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने कहा कि 2022-23 के लिए द्विपक्षीय कर्ज चुकाने के लिए चीन से नया कर्ज लेने के प्रस्ताव पर भी विचार किया जा रहा है। इसमें बताया गया कि पाकिस्तान में चीन के राजदूत नोंग रोंग और वित्त मंत्री मोहम्मद इसाक डार के बीच शनिवार को हुई बैठक में करीब 6.3 अरब डॉलर के वाणिज्यिक कर्ज की अदायगी की समयसीमा और पुनर्वित्त के मुद्दे पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि अब से लेकर अगले वर्ष जून तक चीन से लिए 3.3 अरब डॉलर के वाणिज्यिक ऋण और तीन अरब डॉलर के सुरक्षित जमा ऋण की अवधि परिपक्व हो रही है। इसके अलावा 90 करोड़ डॉलर से अधिक का चीन के साथ द्विपक्षीय कर्ज भी चालू वित्त वर्ष में बकाया रहने वाला है।

## आंध्र प्रदेश, पंजाब समेत कई राज्य आरबीआई की अल्पकालिक नकदी सुविधा का बार-बार उपयोग कर रहे

**भाषा।** मुंबई

**देश** के तीन पूर्वोत्तर राज्यों समेत आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान और पंजाब बाजार से उधार लेने के बजाय भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की विशेष अल्पकालिक नकदी सुविधा का बार-बार उपयोग कर रहे हैं। यह दर्शाता है कि ए राज्य नकदी असंतुलन की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। आरबीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, मणिपुर, मिजोरम और नगालैंड ए तीन पूर्वोत्तर राज्य बार-बार इन सुविधाओं का उपयोग कर रहे हैं। रिजर्व बैंक दरअसल राज्यों को उनकी नकदी की जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष आहरण सुविधा (एसडीएफ, 5 कार्य दिवसों के लिए), तरीके और साधन अग्रिम (डब्ल्यूएमए, 5 कार्य दिवसों के लिए) और ओवर ड्राफ्ट (ओडी, 14 कार्य दिवसों के लिए) सुविधाएं जैसी तीन अल्पकालिक नकदी सुविधा प्रदान करता है। राज्यों द्वारा इन सुविधाओं का उपयोग करने का एक मुख्य कारण बाजार से उधार की तुलना में सस्ता मूल्य निर्धारण है। अगस्त तक इन राज्यों ने 3.2 से 4.2 प्रतिशत की औसत दर पर एसडीएफ सुविधा का लाभ उठाया है, जबकि राज्य बांडों की कीमत 7.8 प्रतिशत या उससे अधिक है। हाल में आरबीआई के एक अध्ययन ने वित्तीय प्रबंधन के संदर्भ में 10 "कमजोर राज्यों" की पहचान की है। इनमें आंध्र प्रदेश, बिहार, हरियाणा, झारखंड, केरल, मध्य प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल है। बैंक ऑफ बड़ौदा में अर्थशास्त्री सोनल बधान के अनुसार, इन सुविधाओं का बार-बार उपयोग इन राज्यों के गहरे नकदी असंतुलन के साथ-साथ राजकोषीय अनुशासन की कमी को दर्शाता है। इसका मतलब है कि वे जितना कमा रहे हैं उससे अधिक खर्च कर रहे हैं। यह वित्त की समग्र स्थिति का एक प्रारंभिक संकेतक है। आरबीआई स्पष्ट रूप से कहता है कि राज्यों के लिए ए तीन प्रावधान "उनकी प्राप्तियों और भुगतानों के नकदी प्रवाह में अस्थाई बेमेल से निपटने में मदद करने के लिए हैं।

### बेस्ट एग्रोलाइफ का शुद्ध लाभ बढ़ा

**नई दिल्ली।** कृषि रसायन कंपनी बेस्ट एग्रोलाइफ लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ पांच गुना से अधिक होकर 129.81 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 25.18 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था। कंपनी की कुल आय भी 30 सितंबर को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में दोगुना से अधिक होकर 701.17 करोड़ रुपए हो गई। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 324.71 करोड़ रुपए थी। बेस्ट एग्रोलाइफ के प्रबंध निदेशक विमल अलावधी ने कहा कि नए पेश किए गए उत्पादों की बिक्री अच्छी रही है।

### फ्यूचर रिटेल के लिए रुचि पत्र दाखिल करने की समयसीमा अब तीन नवंबर हुई

**नई दिल्ली।** कर्ज में डूबी फ्यूचर रिटेल लिमिटेड (एफआरएल) के लिए रूचि पत्र जमा करने की समयसीमा करीब दो हफ्ते बढ़ाकर तीन नवंबर कर दी गई है। पहले संभावित समाधान आवेदकों (पीआरए) के लिए रूचि पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 20 नवंबर 2022 थी। रूचि पत्र आमंत्रित करने वाली नई सूचना में बताया गया कि संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची 20 नवंबर 2022 को प्रकाशित की जाएगी।

# मां अन्नपूर्णा के दर्शन के साथ प्रसाद के रूप में मिलेगा सिक्का

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर प्रांगण में कनाडा से करीब 108 साल बाद वापस लाई गई मां अन्नपूर्णा की मूर्ति यहां श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण और श्रद्धा का केंद्र बनी हुई है। इस वर्ष पहली बार भक्तों को मां अन्नपूर्णा के दर्शन के साथ रविवार को प्रसाद के रूप में लावा और सिक्का वितरित किया जाएगा। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील वर्मा ने बताया कि मां अन्नपूर्णा का दर्शन धनतेरस के दिन 23 तारीख की सुबह से शुरू होगा और 4 दिनों तक किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि मंदिर के द्वार परंपरागत समय से खुलेंगे और बंद होंगे व निर्धारित समय पर आरती होगी। वर्मा ने बताया कि दक्षिण भारत के श्रद्धालु द्वारा दान में दिए गए चांदी से मां अन्नपूर्णा मंदिर की दीवार को रजत मंडित कराया गया है।

**पंचकोसी परिक्रमा से मिलता लोगों को रोजगार:** चित्रकूट। दीपावली अमावस्या मेला में पंचकोसी परिक्रमा भी आकर्षण का केंद्र है। हजारों तीर्थयात्री इस दुर्गम परिक्रमा को प्रतिवर्ष करते आ रहे हैं। जंगल मे मंगल नजर आता है और दर्जनों ग्रामीणों को रोजगार मिलता है। रविवार को बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि पंचकोसी परिक्रमा गणेशबाग से सिद्धपुर गांव होते हुए बांकेसिद्ध पहुंचती है। इसके बाद हवाई पट्टी के किनारे से पम्पासुर कोटितीर्थ होते हुए हनुमानधारा से रामघाट पहुंचती है। दशकों से दीपावली में पंचकोसी परिक्रमा जारी है। इस बार भी हजारों की तादाद में तीर्थयात्रियों ने पंचकोसी परिक्रमा की। यह परिक्रमा पहाड़ों की चढ़ाई से शुरू होकर पहाड़ों से ही गुजरती है। गणेशबाग से बाकेसिद्ध के बीच दर्जनों ई-रिक्शा और वाहन चलते नजर आए। बाकेसिद्ध आश्रम पहाड़ के नीचे जंगल में भोग प्रसाद से लेकर टिकिया, चाट, पकौड़ी की दर्जनों दुकानें सजी रहीं। यह दुकानें सिद्धपुर के ग्रामीण लगाते आए हैं। गांव के प्रधान रामकिंकर उर्फ भगतजी ने रास्ते की साफ-सफाई कराई थी। सिद्धपुर के ग्रामीण श्रद्धालुओं को रात्रि विश्राम की व्यवस्था करते हैं। अजीत सिंह ने पर्यटन विभाग से बाकेसिद्ध का सुंदरीकरण कराएं जाने की मांग की है। यहां के लगभग तीन सौ मीटर अधूरे मार्ग का डामरीकरण और आश्रम की बगिया में टीनशेड आदि लगवाने की मांग की है।

**एमएल कांवेंट स्कूल में छात्रों के सांस्कृतिक कार्यक्रम में बांधा समां:** जालौन (उरई)। एमएल कांवेंट स्कूल में दीपावली के पर्व पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। नगर के एमएल कांवेंट स्कूल में बच्चों के बीच दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के डायरेक्टर गौरव गुप्ता ने कहा कि हमेश असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत होती है। इसलिए हमेशा सत्य को अपना साथी बनाएं। भगवान श्रीराम ने भी सत्य का मार्ग अपनाया और तमाम बुराइयों को हराते हुए जीत हासिल की। दीपावली का पर्व भी हमें यही संदेश देता है। इस दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बच्चों ने रामायण के विभिन्न खंडों का प्रदर्शन कर लोगों का मनमोह लिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य जयंत घोषाल, अभिनव, सुकेश, महिमा, आयुषी आदि मौजूद रहे।



वाराणसी में रविवार को दिवाली त्यौहार की पूर्व संध्या पर काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए लगी भक्तों की कतार

## आगरा में बस और ऑटो के बीच टक्कर तीन लोगों की मौत

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में एक सरकारी बस और ऑटो की टक्कर में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि रेलवे कॉलोनी ईदगाह के रहने वाले बृजपाल सिंह रविवार की सुबह अपनी पत्नी शीला देवी (35) और बेटी विजय लक्ष्मी (13) और बेटे जयदीप(11) के साथ ऑटो में सवार होकर अपने गांव भोगांव के लिए निकले थे। उन्होंने बताया कि इसी दौरान जीवनी मंडी-वाटर वर्क्स मार्ग पर सामने की तरफ से आती एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने ऑटो को बुरी तरह रौंद दिया। उन्होंने बताया कि इस हादसे में ऑटो सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान शीला देवी और विजय लक्ष्मी की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि एक अन्य घटना में आगरा के थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के शंभू नगर इलाके में चार साल के बच्चे गोल्डी की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई। पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस मामलों की जांच कर रही है।

## हर दिन हर घर आयुर्वेद

**बरेली** । धन्वंतरि जयन्ती एवं सातवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस-2022 के अवसर पर एस आर एम राजकीय आयुर्वेदिक एवं चिकित्सालय, बरेली में सर्वप्रथम धन्वंतरि भगवान का पूजन कर हर्षोल्लास से राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का आयोजन किया गया। आयुष मंत्रालय भारत सकार नई दिल्ली, भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग नई दिल्ली एवं आयुष मंत्रालय उप्र सरकार द्वारा निर्धारित विषय 'हर दिन हर घर आयुर्वेद'' हेतु अपर मुख्य सचिव एवं निदेशक आयुर्वेद उप्र के आदेश के अनुपालन में निर्धारित प्रोटोकाल का पालन करते हुए प्राचार्य एवं अधीक्षक प्रो डी के मौर्य के निर्देशन में संस्था के शिक्षकों एवं चिकित्सकों द्वारा दिनांक 26 सितम्बर से 22 अक्टूबर तक प्रत्येक दिन ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में चिकित्सा सहायता शिविर , जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

# बस हादसा:बलरामपुर लाए गए सात शव

### मध्यप्रदेश में हुई सड़क दुर्घटना में मरने वालों में 10 लोग इसी जनपद के थे

**बलरामपुर।** मध्यप्रदेश के रीवा जिले में एक बस और ट्रेलर के टकराने से बस में सवार 15 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें 10 लोग उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले के रहने वाले थे। मृतकों में से सात शव बलरामपुर लाए जा चुके हैं जबकि तीन और शवों को लाने की प्रक्रिया चल रही है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश के रीवा जिले में एक बस और ट्रेलर की टक्कर में बस में सवार 15 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 40 अन्य घायल हो गए थे। बलरामपुर के अपर जिलाधिकारी (एडीएम) राम अभिलाष ने रविवार को बताया कि मध्यप्रदेश में हुए हादसे में बलरामपुर जिले के 10 लोगों की मौत हो गई और नौ लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज रीवा में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ए सभी लोग हैदराबाद से डबल डेकर बस से बलरामपुर आ रहे थे। एडीएम ने बताया कि हादसे में बलरामपुर जिले के मरने वालों की पहचान दीनानाथ, जावेद, रामकरण मौर्य, अजुर्न वर्मा, जुल्फिकार कटैया, राजू अंसारी, मोहम्मद करीम, करम अली, समसुद्दीन गायडीह तथा अजय कुमार के रूप में की गई है।

उन्होंने बताया कि मरने वालों में से सात के शव बलरामपुर आ चुके हैं लेकिन शमसुद्दीन, अजय कुमार एवं रामकरण मौर्य के शवों का पोस्टमार्टम बाद में किया गया, जिनके आज देर रात तक बलरामपुर पहुंचने की सम्भावना है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से प्रयागराज के एक अपर जिलाधिकारी को नोडल अधिकारी बनाकर वहां राहत और बचाव कार्य के लिए भेजा गया है।अधिकारी ने बताया कि मृतकों व घायलों में ज्यादातर मजदूर हैं जो हैदराबाद में रहकर मजदूरी करते थे, और दीपावली की छुट्टी में अपने घरों को लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि मृतकों व घायलों को जो भी सरकारी मदद होगी दिलाई जाएगी। हादसे के शिकार लोगों को मध्यप्रदेश सरकार से भी सहायता दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को हुए इस हादसे पर पर गहरा दुख प्रकट किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मरने वालों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए एवं गंभीर रूप से प्रत्एक घायल को 50,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय ने ट्वीट कर कहा, उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मध्यप्रदेश के जनपद रीवा में सड़क हादसे में लोगों की हुई मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। सिलसिलेवार ट्वीट में कहा गया कि मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री से वार्ता कर घायलों का समुचित उपचार कराने और मृतकों के पार्थिव शरीरों को उत्तर प्रदेश तक पहुंचाने का अनुरोध किया है।

एक अन्य ट्वीट में कहा गया, मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दो लाख रुपए एवं गंभीर रूप से घायलों को 50,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

## जुए के फड़ पर पुलिस ने मारा छापा, सात जुआरी गिरफ्तार

**कोंच**(जालौन)। नगर के नईबस्ती इलाके में शनिवार रात जुए के फड़ पर एसओजी का छापा खासा सुर्खियों में रहा। सुर्खियों में इसलिए भी कि जिले के पुलिस कप्तान ने एसओजी को जुआ पकड़ने पर लगाया, वहीं जुआरी जब एसओजी के साथ मजाहमत पर उतर आए तो फिर पुलिस ने जुआरियों की जमकर खबर ली। बहरहाल, पकड़े गए 7 जुआरियों के खिलाफ बड़ी धाराएं लगाकर जेल भेज दिया गया है।दीवाली के मौके पर जुआ खेल रहे जुआरियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने के लिए पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन में एसओजी टीम ने नगर के नईबस्ती इलाके में एक घर के अंदर सजे जुए के एक बड़े फड़ पर छापा मारकर 7 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में मुखबिर की सूचना बिल्कुल सटीक साबित हुई जिसपर शनिवारध्रविवार की आधी रात में जवाहर नगर स्थित एक घर के अंदर जुए के बड़े फड़ पर जब छापा मारा गया तो जुआरियों ने पुलिस के साथ मजाहमत कर दी जिससे पुलिस बौखला गई और फिर उसने जुआरियों की जमकर खबर ली। इस दौरान जुआ खेलते हुए 7 जुआरियों को रंगे हाथों दबोच लिया गया। पुलिस ने मालफड़ व जामातलाशी में 67 हजार रुपए बरामद दिखाए हैं। गिरफ्तार जुआरियों में कई इज्जतदार लोग बताए गए हैं। पुलिस ने उक्त सभी जुआरियों को धारा 3/4 जुआ अधिनियम में जेल भेज दिया है। कोतवाली से लेकर डॉक्टरी होने के दौरान सीएचसी में लोगों की अच्छी खासी भीड़ भी देखने को मिली।

## 101 झुग्गियों में बाँटी गई खुशियां



**लखनऊ।** दिवाली यानी दीपों का त्योहार हैए खुशियों का त्यौहारए खुशियां बांटने का त्योंहारए इसे हर कोई बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाता हैए लेकिन इस समाज में एक तबका ऐसा भी है जो इन खुशियों से महरूम रहता हैए ऐसा नहीं की इनके लिए दीपावली या होली खास नहीं है लेकिन बढ़ती महंगाई और पारिवारिक कमाई इनके त्योहार के आड़े आ जाती हैए ऐसे में जरूरतमंद बच्चों के चेहरे पर छोटी सी मुस्कान देने के लिए कुछ लोग निकल कर सामने आते है। इसी मंशा के साथ इंडिया शाइन फाउंडेशन ने झुग्गी झोपडियों व फुटपाथ पर जीवन बसर कर रहे लोगों और स्लम एरिया से जुड़े बच्चों के साथ खुशियां बांटी। 101 झुग्गी झोपडियों में इंडिया शाइन फाउंडेशन द्वारा श्हर घर रोशनी कैम्पैन के तहत दीपए तेल और बच्चों को मिठाईए फुलझडियां बाँटी गईं।

# मठ में धूमधाम से मनाई गई भगवान धन्वंतरि की जयंती

### संकट मोचन आश्रम के स्थापना दिवस पर हुआ विशाल भण्डारे का आयोजन

**शिवगढ़र,** रायबरेली। शिवगढ़ क्षेत्र के मठ गोसाईं मजरे दहिगवां स्थित संकटमोचन आश्रम एवं श्याम जन कल्याण समिति परिसर में गत वर्षो की भांति धूमधाम से भगवान धन्वंतरि जयंती एवं आश्रम का स्थापना दिवस मनाया गया। भगवान धन्वंतरि जयंती के पावन अवसर पर प्रात: 4 से 6 बजे तक सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन एवं सुबह 10 बजे से 2 बजे तक प्राकृतिक चिकित्सा पर गोष्ठी व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन किया गया। हवन पूजन बाल ब्रह्मचारी अश्वनी कुमार जी महाराज एवं उनके शिष्यों द्वारा कराया गया। हवन पूजन के पश्चात विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें पूण्य की लालसा से दूरदराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने आश्रम में परिक्रमा कर संकट मोचन आश्रम में माथा टेक कर प्रसाद छककर मनोकामनाएं मांगी। आश्रम की स्थापना दिवस एवं भगवान धन्वंतरि



की जयंती के पावन अवसर पर हर वर्ष की तरह इस बार भी आधा दर्जन से अधिक दम्पतियों ने अपनी संतानों का मुण्डन कराया। आश्रम में मुण्डन कराने आए दम्पतियों ने बताया कि शादी के कई वर्षों बाद तक जब उन्हें सन्तान की प्राप्ति नहीं हुई और कई जगह इलाज करा कर थक हार चुके तो लोगों से जानकारी मिलने के बाद उन्होंने यहां आश्रम में आकर अपना इलाज शुरू किया। आश्रम के वैद्य गुरु एसएल शास्त्री द्वारा दी गई चमत्कारी दवाओं से आज उनकी गोद में बचपन खिलखिला रहा है। श्याम जन कल्याण समिति के सचिव एवं नाड़ी विशेषज्ञए आयुर्वेदाचार्यए ऋवेदाचार्य वैद्य गुरु एसएलएलशास्त्री ने कार्यक्रम में आए बाल ब्रह्मचारी अश्वनी जी महाराज का माल्यार्पण करते हुए उन्हें अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर दुर्गेश शुक्लाए राजकुमार गुप्ताए वैद्य कृष्ण कुमारए वैद्य राजकुमार ए अशोक कुमार मौर्या सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। दोपहर 2 बजे से शुरू हुआ भण्डारा देर रात तक खबर लिखे जाने तक चलता रहा।

# टेबिल टेनिस चौम्पियनशिप में 25 जिलों के लगभग 325 प्रतिभागी भाग लेंगे

**बरेली** । 89वीं स्टेग यू0पी0 स्टेट टेबिल टेनिस चौम्पियनशिप -2022 का आयोजन स्व श्री भर्ति जी की स्मृति में श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नालॉजी. बरेली में डिस्ट्रिक टेबिल टेनिस के तत्वाधान एवं यू0पी0 टेबिल टेनिस एसोसिएशन के निर्देशानुसार दिनांक 28 से 23 अक्टूबर 2022 तक होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन दिनांक 28 अक्टूबर 2022 को सुबह 09:30 बजे एस0आर0एम0एस0 ट्रस्ट चेयरमैन श्री देव मूर्ति द्वारा किया जायेगा।एस आर एम एस रिद्धमा में आयोजितएक प्रेस वार्ता में यू पी टी टी ए के सचिव डा0 दिपेन्द्र कमथान ने बताया कि इस चौम्पियनशिप में उत्तर प्रदेश के 25 जिलो के लगभग 325 प्रतिभागी भाग लेगे। यह प्रतियोगिता 12 वर्गों में खेली जायेगी। जिसमें पुरूष एवं महिला , यूथ बालक एवं यूथ बालिका ,जूनियर बालक एवं जूनियर बालिका , सब जूनियर बालक एवं सब जूनियर बालिका , कैडिट बालक एवं कैडिट बालिका , होप्स बालक एवं बालिका यह प्रतियोगिता सभी वर्गों में एकल कार्यक्रम में सम्पन्न होगी। प्रतियोगिता का फाइनल मैच 30 अक्टूबर 2022 को अपराहन 01रू30 बजे सम्पन्न होगा। उन्होने कहा कि प्रतियोगता को कराने के लिए श्री अमित सिंह (इन्टरनेशनल रेफरी) इस चौम्पियनशिप के चीफ रेफरी होगे एवं इस प्रतियोगिता के डिप्टी रेफरी आकाश यादव (इन्टरनेशनल रेफरी) होगे, इसके अतिरिक्त 16 टेबल रेफरी भी होगें जो कि इस चौम्पियनशिप के निर्णय में अपना योगदान देगें। चौम्पियनशिप के सह-प्रायोजक स्टेग मेरठ द्वारा खेल सामग्री टेबल और बॉल उपलब्ध कराई जा रही है। चौम्पियनशिप में स्टेग 3 स्टार प्रिमियम बाल एवं स्टेग 1000 डी.एक्स. टी.टी. टेबिल का प्रयोग किया जायेगा जो अर्न्तराष्ट्रीय मानको के अनुसार है। इस चौम्पियनशिप में सभी वर्गों के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए श्री राम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट की ओर से रूपये 50,000ध-, यू0पी0टी0टी0 एसोशियेशन की ओर से रूपये 30,000ध-, स्टेग इन्टरनेशनल मेरठ की ओर से रूपये 20,000ध- की नगद धनराशि से सम्मानित किया जायेगा। श्री राम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट द्वारा उत्तर प्रदेश के टी.टी. के सभी रैंकिंग खिलाड़ियों को यात्रा भत्ता के साथ रहने और खाने की भी पूरी सुविधायें दी जायेंगी।

## अग्निशमन अधिकारी ने परखीं पटाखा दुकानों की सुरक्षा

**चित्रकूट।** एसपी अतुल शर्मा के निर्देश पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा सीआईसी कर्वी परिसर में लगी पटाखा की दुकानों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। दीपावली पर्व को दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देशन में मुख्य अग्निशमन अधिकारी यतीन्द्रनाथ उमराव एवं उनकी टीम द्वारा सीआईसी ग्राउण्ड में लगी पटाखा की दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया। चेकिंग के दौरान अग्नि शमन अधिकारी द्वारा सभी दुकानदारों के लाइसेंस, पानी की व्यवस्था, अग्निशमन उपकरण एवं दुकानों की गेपिंग की जांच की गई। इसके अलावा अग्निशमन टीम द्वारा दुकानदारों को अग्निशमन उपकरण के प्रयोग के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी एवं चलाकर बताया गया।इसके साथ ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा दुकानदारों को बिजली के तारों को व्यवस्थित करने एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।



फतेहपुर जिले में रामवा स्टेशन के पास मालगाड़ी के पटरी से उतरने के बाद घटनास्थल पर छानबीन करती पुलिस

# अब हर घर आयुर्वेद अभियान का आगाज

**बांदा।** जनपद में उत्तर सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा आयुर्वेद पद्धति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हर दिन हर घर आयुर्वेद अभियान चलाया जा रहा है सप्तम आयुर्वेद दिवस 23 अक्टूबर धनवंतरी जयंती के अंतर्गत राजकीय महिला महाविद्यालय बांदा में वेद सम्मेलन तथा घरेलू मसालों एवं औषधि पौधे के साथ होम्योपैथी तथा यूनानी दवाओं आदि की प्रदर्शनी तथा रंगोली प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया कार्यक्रम में उपस्थित बंधुओं द्वारा विभिन्न बीमारियों और रोगों पर औषधि पौधों की उपयोगिता और उनके निदान के बारे में बताया गया कार्यक्रम मैं मुख्य अतिथि के रुप में अनुराग पटेल जिलाधिकारी, उमाशंकर पटेल जल योद्धा प्राचार्य अधीक्षक



राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज चिकित्सालय अतर्रा बांदा डॉ दीपाली गुप्ता प्राचार्य राजकीय महिला महाविद्यालय बांदा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय बांदा एवं वेद श्री द्वारिका प्रसाद उपस्थित रहे सभी वैद्य को चिकित्सा के माध्यम से परोपकार करने की प्रेरणा दी अंत में जिलाधिकारी बांदा द्वारा सभी उपस्थित वेदों को तुलसी पुष्प व स्मृति चिन्ह से सम्मानित कर आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अर्चना भारतीय आयुष चिकित्सालय द्वारा किया गया कार्यक्रम का आयोजन डॉ वीरेंद्र बहादुर सिंह क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी बांदा एवं डॉ जितेंद्र कुमार चिकित्सा अधिकारी राजकीय चिकित्सालय कार्यक्रम प्रभारी के निर्देश पर संपन्न हुआ था जिला अधिकारी बांदा ने बताया कि मैं स्वयं प्रोस्टेट से पीड़ित हूं पीजीआई से लेकर एम्स में एलोपैथिक में सभी डॉक्टरों ने मुझे सलाह दिया कि आप का ऑपरेशन होगा लेकिन मैंने ऑपरेशन को तवज्जो नहीं दिया और मैंने आयुर्वेद में दवा लेने लगा और आज भी मैं फिट हूं इस पूरे कोरोना काल में कोरोना नहीं हुआ क्योंकि मैं लगातार गर्म पानी हर सीजन में पीता हूं मैं लगातार 5 साल से गर्म पानी ही पीता हूं मेरी गाड़ी में मेरे घर पर खोलता हुआ पानी ही रहता है जिसको मैं लगातार पीता हूं अभी मैं कोल्ड ड्रिंक नहीं पीता कभी मैं ठंडा पानी नहीं पीता इसलिए मुझे कोरोना वायरस नहीं पकड़ पाया यह सिर्फ आयुर्वेद का ही कमाल है जिला अधिकारी अनुराग पटेल जी ने बताया कि मेरी पत्नी को भी सीवियर रियुमैटाइड आर्थराटीस की समस्या है लेकिन आयुर्वेद से आज भी वह एकदम फिट हैं इस बात को लेकर पीजीआई और एमस की डॉक्टर जो जवाब दे चुके हो कि इसका कोई इलाज नहीं है आज मुझे देखकर वह आश्चर्य में पड़ गई हैं।

# सिर्फ विराट नहीं, भारत के लिए खेली गई सर्वश्रेष्ठ पारी

भाषा। मेलबर्न

**भारतीय** कप्तान रोहित शर्मा ने टी20 विश्व कप में पाकिस्तान पर जीत के बाद रविवार को यहां विराट कोहली की 82 रन (नाबाद) की पारी को इस प्रारूप में देश के लिए खेली गई सर्वश्रेष्ठ पारी करार दिया। कोहली लंबे समय तक लय में नहीं थे लेकिन ब्रेक से वापसी के बाद एशिया कप से उनके बल्ले से लगातार रन निकल रहे है। भारतीय कप्तान को कभी भी कोहली की बल्लेबाजी पर संदेह नहीं था। रोहित ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, हाँ, मुझे लगता है कि यह उनकी सर्वश्रेष्ठ टी20 पारी है। हम जिस तरह की परिस्थितियों में थे उससे निकल कर जीत दर्ज करने से मुझे लगता है कि यह कोहली ही नहीं बल्कि भारत के लिए खेली गई सर्वश्रेष्ठ पारियों (टी20) में से एक होनी चाहिए। मैच के 13वें ओवर में हमें 100 के करीब रनों की जरूरत थी। हम मैच में काफी पीछे चल रहे थे और जरूरी रन गति लगातार बढ़ रहा था। उन परिस्थितियों से बाहर निकल कर इस लक्ष्य का पीछा करना विराट ने शानदार बल्लेबाजी की। जाहिर है कि हार्दिक ने भी अपनी भूमिका अच्छे से निभाई। कोहली और हार्दिक दोनों को टी20 क्रिकेट में कई करीबी मैचों में भारत और अपनी आईपीएल टीमों को जीत दिलाई है। कप्तान ने हार्दिक के प्रयास की भी तारीफ की। मेरा मानना है कि दोनों ने कमाल की बल्लेबाजी की। ए ऐसे खिलाड़ी है जो लंबे समय से टीम के लिए दबाव में खेलते रहे है। उन्हें पता था कि उस तरह की स्थिति को कैसे संभालना है,और उन्होंने उस स्थिति से बहुत अच्छे तरीके से निपटा। रोहित ने इस मौके पर कहा कि कोहली की फॉर्म कभी खराब नहीं थी वह 30-40 रन की पारी को बड़े स्कोर में नहीं बदल पा रहे थे। उनके प्रशंसकों को इतनी उम्मीदें रहती है कि वह इसके बारे में बात करने लगते है। विराट के बारे में ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं लगता कि वह फॉर्म या किसी चीज से जूझ रहे थे। वह लगातार अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे। उनसे हमेशा बहुत अधिक उम्मीदें रहती है। वह लगातार 30 - 40 रन बना रहे थे लेकिन फिर भी लोग उनके बारे में बातें कर रहे थे। हारिस रउफ के 19वें ओवर में लगातार दो छक्के लगाकर कोहली ने मैच का रूख काफी हद तक हमारी तरफ कर दिया था। उन्होंने कोहली और हार्दिक की 113 रन की साझेदारी की तारीफ करते हुए कहा, मैंने इस प्रारूप में जितनी भी साझेदारियां देखी है यह उनमें से सर्वश्रेष्ठ है। इस दौरान कोहली अद्भुत रहे। रउफ की गेंदों पर लगातार दो छक्कों को मैं मैच का रूख पलटने वाला नहीं कहूंगा लेकिन यहां से मैच हमारी पकड़ में आ गया।



## कोहली ने अपने कौशल का उत्कृष्ट नमूना पेश किया: बाबर

**मेलबर्न।** अक्सर बाबर आजम की तुलना विराट कोहली से की जाती है और इसमें कोई संदेह नही कि दोनों ही क्रिकेट जगत के अग्रणी बल्लेबाज है। लेकिन रविवार को पाकिस्तानी कप्तान भी कोहली से खौफ खा गए, जिन्होने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर भारत को टी20 विश्व कप में यादगार जीत दिलाई। कोहली की पारी ने ही दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया। बाबर ने पाकिस्तान की हार के बाद कहा, हमारे गेदबाजो ने पहले 10 ओवरो मे बेजोड़ प्रदर्शन किया। विराट और हार्दिक ने जिस तरह से मैच का अंत किया श्रेय उन्हें जाता है। विराट कोहली ने आज अपने कौशल का उत्कृष्ट नमूना पेश किया। यह करीबी मुकाबला था और दर्शकों ने इसका भरपूर आनंद लिया। पाकिस्तानी कप्तान ने कहा, पाकिस्तान बनाम भारत मैच मे हमेशा अतिरिक्त दबाव होता है और आप जितनी जल्दी इस से बाहर निकलते है उतना बेहतर होता है। इसलिए तो वह बड़ा खिलाड़ी है। उस पर दबाव था लेकिन उसने इससे उबर कर पारी को संवारा। उन्होने जिस तरह से साझेदारी निभाई वह मैच का टर्निंग प्वाइंट रहा। इस पारी से उनका काफी आत्मविश्वास बढ़ेगा और आप जब इस तरह के मैचों मे जीत दर्ज करते है तो बहुत अच्छा लगता है। बाएं हाथ के स्पिनर मोहम्मद नवाज को 20वां ओवर देने के बारे में बाबर ने कहा, जब कोहली और पंड्या साझेदारी निभा रहे थे तो हमे विकेट की तलाश थी और मुझे लगा ऐसे मे दबाव बनाने के लिए अपने मुख्य गेदबाज को गेंद सौपनी चाहिए। लेकिन हमारी यह रणनीति नही चल पाई जैसा कि हमने सोचा था। नवाज इससे सबक लेगा और जब वह अगली बार इस तरह की परिस्थिति का सामना करेगा तो उसे पता होगा उसे क्या करना है।

### स्कोरबोर्ड

**पाकिस्तान पारी:** रिजवान का भुवनेश्वर बो अर्शदीप 04,आजम पगबाधा अर्शदीप 00,मसूद नाबाद 52,इफ्तिखार पगबाधा शमी 51,शादाब का सूर्यकुमार बो हार्दिक 05,अली का सूर्यकुमार बो हार्दिक 02, नवाज का कार्तिक बो हार्दिक 09,आसिफ का कार्तिक बो अर्शदीप 02,शाह अफरीदी का एवं बो भुवनेश्वर 16,रउफ नाबाद 06,**अतिरिक्त:** (बाई: 02, लेग बाई: 04, वाइड: 06) 12,**कुल योग:** (20 ओवर में आठ विकेट पर) 159 रन,**विकेट पतन:** 1-1, 2-15, 3-91, 4-96, 5-98, 6-115, 7-120, 8-151 , **गेंदबाजी:** भुवनेश्वर4-0-22-1,अर्शदीप 4-0-32-3,शमी 4-0-25-1, हार्दिक 4-0-30-3,अश्विन 3-0-23-0,अक्षर 1-0-21-0

**भारत पारी:** राहुल बो नसीम 04,रोहित का इफ्तिखार बो राउफ 04,कोहलीनाबाद 82,यादव का रिजवान बो राउफ 15, पटेल रन आउट (बाबर। रिजवान) 02,पंड्या का बाबर बो नवाज 40, कार्तिक स्टं. रिजवान बो नवाज 01,अश्विन नाबाद 01,अतिरिक्त: (लेग बाई: 01 , वाइड:06, नोबॉल: 01, बाई: 03) 11,कुल योग: (20 ओवर में छह विकेट पर) 160 रन,**विकेट पतन:** 1-7, 2-10, 3-16, 4-31, 5-144, 6-158,**गेंदबाजी:** शाहीन 4-0-34-0,नसीम 4-0-23-1,हारिस 4-0-36-2,शादाब 4-0-21-0,नवाज 4-0-42-2

# इस एहसाह को बयां करने के लिए शब्द कम पड़ रहे है: कोहली

भाषा। मेलबर्न

**पाकिस्तान** के खिलाफ टी20 विश्व कप के शुरूआती मैच में 53 गेंद में छह चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 82 रन की आतिशी पारी खेलकर भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाने वाले विराट कोहली ने इसे खेल के सबसे छोटे प्रारूप की अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी करार देते हुए कहा कि इस एहसास को बयां करने के लिए उनके पास शब्दों की कमी है। जीत के लिए 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने सातवें ओवर में 31 रन के स्कोर पर उसके चार बल्लेबाज पवेलियन में थे। के एल राहुल और रोहित शर्मा क्रमश: चार चार रन बनाकर जबकि सूर्यकुमार यादव 15 और अक्षर पटेल दो रन बनाकर आउट हो गए थे। कोहली ने इसके बाद हार्दिक पंड्या (37 गेंद में 40 रन) के साथ शतकीय साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी कराई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार हासिल करने के बाद कोहली ने कहा, यह अद्भुत माहौल है। आज के एहसास को बयां करने के लिए मेरे पास शायद शब्द नहीं है। कोहली से जब पूछा गया कि उन्होंने रन गति को तेज करने के बारे में कब सोचा था तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि शाहीन (अफरीदी) जब पवेलियन छोर से



गेंदबाजी के लिए आया तो मैंने हार्दिक से कहा कि हमें इस ओवर में अधिक रन बनाने होंगे। (मोहम्मद) नवाज का एक ओवर बाकी था, ऐसे मैंने कहा कि अगर मैं हारिस (रउफ) के खिलाफ रन बना सका तो उन पर दबाव बनेगा। भारत के इस पूर्व कप्तान ने क्रीज पर हार्दिक के साथ को शानदार करार देते हुए कहा, हार्दिक ने मुझे भरोसा रखने के लिए कहा था। उसने कहा था कि अगर हम आखिर तक रहे तो मैच जीतेंगे। (मोहम्मद) नवाज का एक ओवर बाकी है और उस में रन बन सकते हैं। लंबे समय तक लय से दूर रहने के कारण आलोचना का सामना करने वाले कोहली ने भावुक होकर कहा, यह बहुत ही विशेष पल है। मैं पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मोहाली में खेली गई अपनी पारी को इस प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ मानता था लेकिन अब शायद मैं कहूंगा कि यह मेरी सबसे बेहतरीन पारी है। किंग कोहली ने कहा, उस मैच में मैंने 52 (51) गेंद में 82 रन (नाबाद) की पारी खेली थी और आज 53 गेंद में 82 रन (नाबाद) बनाए। कोहली ने यहां 2016 टी20 विश्व कप का जिक्र किया जिसमें उनकी पारी से भारत ने जीत के लिए 161 रन के लक्ष्य को चार विकेट गंवाकर हासिल किया था। उन्होंने भावुक होकर प्रशंसकों का शुक्रिया करते हुए कहा, मैं यहां पर मौजूद सभी दर्शकों का धन्यवाद कहना चाहूंगा। मैं जब संघर्ष कर रहा था तब यही वह लोग थे जो मेरे साथ थे। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भी इसे कोहली की सर्वश्रेष्ठ पारी करार दिया। विराट को सलाम। यह भारत के लिए उनके द्वारा खेली गई सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक है। इस पारी की तारीफ करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं है। हम हमेशा यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि हम मैच में बने रहे। हम इसके बारे में लगातार बात कर रहे हैं। स्थिति चाहे जो भी हो, आपको विश्वास होना चाहिए कि आप आगे बढ़ सकते हैं, और उस साझेदारी ने हमारे लिए खेल बदल दिया। पिच पर गेंदबाजों के लिए बहुत मदद थी। हमारे गेंदबाजों ने उसका अच्छा इस्तेमाल किया। पाकिस्तान के मध्यक्रम ने बढ़िया बल्लेबाजी की और हमें पता था कि यह लक्ष्य आसान नहीं होगा।

## अमनदीप दूसरे स्थान पर, महिला इंडियन ओपन में शानदार प्रदर्शन

**गुरुग्राम।** भारतीय गोल्फर अमनदीप द्राल ने चार लाख डॉलर इनामी राशी वाले महिला इंडियन ओपन में रविवार को अपने अभियान को संयुक्त दूसरे स्थान के साथ खत्म किया। अमनदीप के अलावा अदिति अशोक, गौरिका बिश्नोई और वाणी कपूर शीर्ष दस खिलाड़ियो मे जगह बनाने मे सफल रही। अमनदीप रविवार को खिताब के दौड़ में बनी हुई थी लेकिन ओलिविया कोवन ने चार अंडर 68 का शानदार कार्ड खेलकर खिताब जीता। जर्मनी की इस 26 साल की खिलाड़ी का एलईटी (लेडीज यूरोपीय टूर) पर यह पहला खिताब है। उनका कुल स्कोर 13 अंडर 275 रहा। अमनदीप ने चौथे दौर मे 72 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर 10 अंडर का रहा। उन्होंने दूसरा स्थान कारौलिन हेडवाल (71) के साथ साझा किया। अनुभवी अदिति (71) सात अंडर 281 के स्कोर के साथ चौथे जबकि गौरिका (73) चार अंडर 284 के स्कोर के साथ संयुक्त छठे स्थान पर रही।

## जानता था कि स्पिन बड़ी भूमिका निभाएगी : शनाका

**होबार्ट।** श्रीलंकाई कप्तान दासुन शनाका ने रविवार को टी20 विश्व कप मैच में आयरलैड मिली नौ विकेट की जीत का श्रेय स्पिनरों को देते हुए कहा कि डेथ ओवरो मे स्पिन विकल्प रखना कारगर रहा। श्रीलंका की महीश तीक्षणा (19 रन देकर दो विकेट) और वानिंदु हसारंगा (25 रन देकर दो विकेट) की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया जिससे आयरलैड की टीम आठ विकेट पर 128 रन ही बना सकी। शनाका ने मैच के बाद कहा, जिस तरह से हम मैच खेले, उससे बहुत खुश हूं। हम जानते थे कि स्पिन बड़ी भूमिका निभाएगा, इसलिए हमने अंत की ओर काफी स्पिन गेदबाजी कराई। कुसाल मेंडिस ने 43 गेद मे 68 रन की नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली जिससे श्रीलंका ने आसानी से जीत दर्ज की।

## कमिंस की जगह रिचर्डसन को खेलना चाहिए : डाउल

**सिडनी।** क्रिकेटर से कमेंटेटर बने साइमन डाउल का मानना है कि टी20 विश्व कप मे पैट कमिंस की जगह केन रिचर्डसन को आस्ट्रेलियाई टीम मे चुना जाना चाहिए जो विविधता प्रदान करते है। कमिंस और मिशेल स्टार्क दोनों न्यूजीलैड के खिलाफ पहले मैच मे बेअसर रहे। आस्ट्रेलिया को पहले ही मैच मे 89 रन से पराजय झेलनी पड़ी। डाउल ने डिजिटल डेली से कहा , मुझे लगता है कि आस्ट्रेलियाई टीम चिंतित होगी।

## आयरलैंड के आल राउंडर डॉकरेल कोविड पॉजिटिव होने के बावजूद खेले

**होबार्ट।** आयरलैड के आल राउंडर जार्ज डॉकरेल रविवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ टी20 विश्व कप सुपर 12 मैच से पहले संभावित पॉजिटिव पाए गए। यह टूर्नामेंट का पहला पॉजिटिव मामला है। लेकिन कोविड-19 पॉजिटिव आने के बावजूद डॉकरेल श्रीलंका के खिलाफ मैदान पर उतरे और उन्होंने 16 गेंद में 14 रन बनाए। क्रिकेट आयरलैड ने पुष्टि की कि डॉकरेल को संभावित पॉजिटिव पाया गया है। साथ ही बोर्ड ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और राष्ट्रीय अधिकारियों के दिशानिर्देशों के अनुसार ही उन्हें रखा जा रहा है। मौजूदा नियमों के अनुसार पॉजिटिव आने के बावजूद खिलाड़ी को यहां खेले जा रहे टी20 विश्व कप या अपने साथियों के साथ ट्रेनिंग करने से नही रोका जा सकता है।

# श्रीलंका ने आयरलैंड को नौ विकेट से हराया



भाषा। होबार्ट

**श्रीलंका ने** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कुसाल मेंडिस के नाबाद अर्धशतक की मदद से रविवार को यहां टी20 विश्व कप सुपर 12 मैच में आयरलैंड पर नौ विकेट की जीत दर्ज की। आयरलैंड के टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। श्रीलंकाई गेंदबाजों ने लगातार अंतराल पर विकेट झटके जिससे आयरलैंड की टीम कोई बड़ी साझेदारी नहीं कर सकी और आठ विकेट पर 128 रन ही बना सकी। श्रीलंकाई गेंदबाजों में महीश तीक्षणा ने 19 रन देकर और वानिंदु हसारंगा ने 25 रन देकर दो दो विकेट हासिल किए। लाहिरू कुमारा, धनंजय डि सिल्वा, चामिका करूणारत्ने, बिनुरा फर्नांडो ने एक एक विकेट झटके। आयरलैंड के लिए हैरी टेक्टर 42 गेंद में 45 रन (दो चौके, एक छक्का) बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि पॉल स्टरलिंग ने 25 गेंद में 34 रन (चार चौके और दो छक्के) का योगदान दिया। इस छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका को कोई दबाव महसूस नहीं हुआ। क्वालीफाइंग राउंड के पहले मैच में कमजोर नामीबिया से हारने वाली टीम ने पांच ओवर रहते एक विकेट पर 133 रन बनाकर जीत हासिल की। कुसाल मेंडिस ने 43 गेंद में नाबाद 63 रन बनाए जबकि चरिथ असालंका ने 22 गेंद में नाबाद 31 रन का योगदान किया। धनंजय डिसिल्वा ने भी 25 गेंद में 31 रन की पारी खेली। आयरलैंड की टीम लगातार सातवां विश्व कप खेल रही है लेकिन यह दूसरी बार है जब वह टूर्नामेंट के फाइनल राउंड तक पहुंची है। इससे पहले वह इंग्लैंड में 2009 चरण में सुपर आठ तक पहुंचे थे। मेंडिस और डिसिल्वा ने श्रीलंका को तेज शुरूआत कराई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 50 गेंद में 63 रन की भागीदारी निभाई। डिसिल्वा लेग स्पिनर गेरेथ डेलानी की गेंद पर बल्ला छुआकर स्टंप के पीछे लोकरान टकर को कैच दे बैठे। मेंडिस और असालंका ने फिर टीम को आराम से जीत तक पहुंचाया। इससे पहले आयरलैंड के कप्तान एंडी बालबर्नी का विकेट शुरू में गंवा दिया जिन्हें लाहिरू कुमारा ने बोल्ड किया। लोकरान टकर (10 रन) भी इसी तरीके से आउट हुए। आयरलैंड को सुपर 12 चरण तक पहुंचाने में 66 रन बनाकर अहम भूमिका निभाने वाले स्टरलिंग ने आक्रामक शैली में खेलना शुरू किया लेकिन भानुका राजपक्षे ने डीप एक्स्ट्रा कवर में शानदार कैच लपका। कर्टिस कैम्फर महज चार गेंद ही टिक सके जिससे आयरलैंड का स्कोर चार विकेट पर 60 रन हो गया। टेक्टर और जॉर्ज डॉकरेल ने पांचवें विकेट के लिए 41 गेंद में 47 रन बनाए जिससे आयरलैंड का स्कोर 100 रन के पार पहुंच गया। कोविड-19 पॉजिटव आने के बावजूद डॉकरेल (16 गेंद में 14 रन) की पारी जल्द ही समाप्त हो गई। गेरेथ डेलाना (09) और मार्क एडेयर 19वें ओवर में तीन गेंद के अंदर आउट हो गए जिन्हें हसारंगा ने आउट किया।

### स्कोरबोर्ड

**आयरलैंड :** स्टरलिंग का राजपक्षे बो धनंजय डिसिल्वा 34, बालबर्नी बो लाहिरू कुमारा 01,टकर बो तीक्षण 10,टेक्टर को शनाका बो फर्नांडो 45, कैम्फर का असालंका बो करूणारत्ने 02, डॉकरेल बो तीक्षणा 14,डेलानी का करूणारत्ने बो हसारंगा 09,एडेयर का करूणारत्ने बो हसारंगा 00,सिमी सिंह नाबाद 07,मैकार्थी नाबाद 02,**अतिरिक्त** : 04 रन,**कुल** : 20 ओवर मे आठ विकेट पर 128 रन,**विकेट पतन** : 2-1, 26-2, 55-3, 60-4, 107-5, 117-6, 117-7, 118-8,**गेंदबाजी** : फर्नांडो 4-0-27-1,कुमारा 2-0-12-1,तीक्षणा 4-0-19-2,करूणारत्ने 4-0-29-1,हसारंगा 4-0-25-2,डिसिल्वा 2-0-13-1

**श्रीलंका पारी :** ,मेंडिस नाबाद 68, डिसिल्वा का टकर बो डेलानी 31,असालंका नाबाद 31,**अतिरिक्त** : 03,**कुल** : 15 ओवर मे एक विकेट पर 133 रन ,**विकेट पतन** :1-63,**गेंदबाजी** : लिटिल 4-0-45-0,एडेयर 2-0-16-0,मैकार्थी 2-0-16-0, डेलानी 4-0-28-1,कैम्फर1-0-8-0, सिंह 2-0-20-0

# भारत-पाक के क्रिकेट प्रेमियों ने एमसीजी पर जमाया रंग

**मेलबर्न।** भारत और पाकिस्तान के मैच के दौरान अगर आपने जोहानिसबर्ग, मीरपुर, कोलंबो, कोलकाता, बर्मिंघम, एडिलेड, लंदन और मैनचेस्टर में जन गण मन सुना है, तो आप इस बात को मानेंगे कि रविवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में माहौल कुछ अलग तरह का था। मैदान में मौजूद 90,293 लोगों में कम से कम 60,000 भारतीय थे और जय हो जय हो ने ऐसा माहौल बनाया जैसा पहले कभी नहीं देखा गया। ऐसे माहौल में कोई भी भावुक हो सकता है फिर चाहे वह भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ही क्यों न हो जिनके चेहरे पर भावनाओं का उबाल साफ दिख रहा था। कोलकाता के रहने वाले समिरन चौधरी ने कहा, मैं बैंकॉक में अपना पहला रेस्टोरेंट खोलने जा रहा हूं तथा यात्रा से जुड़ी दिक्कतों के कारण काफी दबाव था। मेरा वीजा एक बार रद्द कर दिया गया था और मैंने फिर से आवेदन किया और दूसरी बात मुझे वीजा मिल गया। मैंने मैच के दिन यहां पहुंचने के लिए एक तरफ का हवाई टिकट एक लाख रुपए में खरीदा। उनके मित्र दीपांजन घोष को ऐसा कोई तनाव नहीं था क्योंकि वह पिछले 12 वर्षों से मेलबर्न में ही रहते हैं। उन्होंने कहा, एमसीजी पर भारत का किसी भी प्रारूप में मैच हो मैंने कभी उसे नहीं छोड़ा। मैंने एशेज की मैच भी देखे लेकिन ऐसा माहौल कभी नहीं देखा। पाकिस्तान के दो समर्थक अब्बास और अजान सिडनी से यहां आए थे और वह पाकिस्तान के प्रतएक मैच में उपस्थित रहना चाहते हैं। असल में सुबह से ही मेलबर्न शहर भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले के रंग में रंगा था। मशहूर फेडरेशन स्क्वायर के पास भारत और पाकिस्तान के प्रशंसक साथ में नाच रहे थे। शोर निश्चित डेसीबल के आंकड़े को पार कर रहा था लेकिन इसकी किसी को चिंता नहीं थी। एक सरदार जी ने जोर से नारा लगाया गणपति बप्पा मोरिया और उनके साथ बाकी भारतीयों ने भी स्वर में स्वर मिलाया। ब्रिटेन से आए कुछ दर्शकों ने साधुओं जैसे कपड़े पहन रखे थे। एक उत्साही भारतीय पत्रकार ने एक बुजुर्ग व्यक्ति से पूछा, बाबाजी क्या आप भारतीय टीम को आशीर्वाद देंगे। दर्शकों के बीच सबसे अच्छी बात यह रही कि उन्होंने किसी तरह का आक्रामक रवैया नहीं दिखाया और खेल के हर पल आनंद लिया।



## पिता को याद कर के भावुक हो गए हार्दिक

भाषा। मेलबर्न

**ऑलराउंडर** हार्दिक पंड्या रविवार को उस समय भावुक हो गए जब उन्होंने अपने स्वर्गीय पिता को याद किया और कहा कि किस तरह से वह अपने बेटे का सपना पूरा करने के लिए दूसरे शहर आ गए थे। पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप के पहले मैच में भारतीय जीत के नायक विराट कोहली रहे जिन्होंने नाबाद 82 रन की पारी खेली लेकिन वह हार्दिक थे जिन्होंने उनका पूरा साथ दिया। हार्दिक ने 40 रन बनाए और कोहली के साथ शतकीय साझेदारी निभाई। हार्दिक ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मैं केवल अपने पिताजी के बारे में सोच रहा था। मैं अपने पिता के लिए नहीं रोया था। मैं अपने बेटे को प्यार करता हूं लेकिन मैं जानता हूं क्या मैं वह कर पाऊंगा जो मेरे पिताजी ने मेरे लिए किया था। वह अपने साढ़े छह साल के बच्चे का सपना पूरा करने के लिए दूसरे शहर आ गए थे। उन्हें नहीं पता था कि जहां आज मैं हूं वहां पहुंच पाऊंगा। इसलिए यह पारी उनके लिए है। मैं हमेशा उनका आभारी रहूंगा। यदि उन्होंने मुझे मौका नहीं दिया होता तो मैं आज यहां खड़ा नहीं होता। उन्होंने बहुत बलिदान दिए। वह अपने बच्चों की खातिर दूसरे शहर में बस गए। मैं तब छह साल का था और और वह दूसरे शहर में बस गए और वहीं उन्होंने व्यवसाय किया। यह बहुत बड़ी बात है।

## मालविका और कौशल को सीनियर बैडमिंटन का खिताब

भाषा। पुणे

**शीर्ष वरीयता** प्राप्त मालविका बंसोड़ ने रविवार को यहां वीवी नाटू मेमोरियल अखिल भारतीय सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता जबकि गैर वरीयता प्राप्त कौशल धर्ममेर ने पुरुषों का खिताब अपने नाम किया। बंसोड़ ने पहला गेम गंवाने के बाद एक घंटे तीन मिनट तक चले रोमांचक फाइनल में अदिता राव को 13-21, 21-17, 22-20 से शिकस्त दी। कौशल ने पुरुष एकल के फाइनल में रोहन गुरबानी को 21-10, 21-16 से हराया। इस बीच खुशी गुप्ता ने महिला युगल और मिश्रित युगल में चैंपियन बनकर दो खिताब अपने नाम किए। खुशी और सिद्धार्थ एलंगो ने अरविंद सुरेश और पवित्रा नवीन की जोड़ी को 21-19, 21-15 से हराकर मिश्रित युगल का खिताब जीता। खुशी और प्रिया देवी कोन्जेंगबाम ने महिला युगल के फाइनल में शिखा गौतम और पूर्विशा राम को 21-16, 17-21, 21-12 से हराया। पुरुष युगल के फाइनल मेंहरिहरन अम्सकरुनन और रुबन कुमार ने विप्लव कुवाले और विराज कुवाले को 21-18, 21-16 से पराजित किया।

# खिलाड़ियों ने दीप व फूलों से सजाई रंगोली



**लखनऊ।** केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शनिवार रात यानि 22 अक्टूबर को खिलाड़ियों ने दिए व फूलों से रंगोली सजाई। इस मौके पर विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों ने अपने.अपने प्रैक्टिस एरिना को सजाया और खेल किट की पूजा करते हुए दीपावली की खुशियां मनाई। इस दौरान एथलेटिक्सए टेनिसए कि केट, ताइक्कांडो, हॉकी के खिलाड़ियों व अन्य ने जिम्नेजियम में में सजावट की जबकि पूरे स्टेडियम में दिए व मोमबत्ती की जगमगाहट हो गयी। इस सजावट में लगभग 5000 दिए का इस्तेमाल किया गया। इस दौरान सजावट करने वाले विभिन्न खेलो के खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डाण्आनन्देश्वर पाण्डेय सहित क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी ने सम्मानित किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश टेनिस संघ के सचिव पुनीत अग्रवाल, लखनऊ एथलेटिक्स संघ के सचिव बीआर वरुण, स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया के निदेशक आनंद किशोर पाण्डेय, अंतर्राष्ट्रीय मैराथन धावक शिव कुमार यादव व अन्य मौजूद थे।



### छोटी दीपावली पर जगमगाया हैंडबॉल कोर्ट

**लखनऊ।** केडी सिंह बाबू स्टेडियम का हैंडबॉल कोर्ट छोटी दीपावली पर एकदम रोशन हो गया। हैंडबॉल खिलाड़ियों ने आज अपने कोर्ट को दियो, रंगोली और मोमबत्ती से सजाया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा.आनन्देश्वर पाण्डेय कोषाध्यक्ष भारतीय ओलंपिक संघ, महासचिव उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ व उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ व विशिष्ट अतिथि विनय कुमार सिंह कोषाध्यक्ष हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया सहित अनुराग मिश्रा अन्नू अध्यक्ष लखनऊ जिला हैंडबॉल संघ व डा.सुमंत पाण्डेय आयोजन सचिव, लखनऊ जिला हैंडबॉल संघ ने खिलाड़ियों को दियो की रौशनी की तरह अपने खेल की जगमगाहट बिखेरने के लिए शुभकामनाएं दी। इस प्रोग्राम का संचालन हैंडबॉल कोच मो.तौहीद ने किया जिनकी अगुवाई में हैंडबॉल प्लेयर्स ने कोर्ट सजाया। इस अवसर पर सलमान चौधरी, आकाश सिंह, सुधीर कुमार, मोहम्मद जाकिर, नंदलाल, प्रकाश सिंह, संजय पाण्डेय, मोहम्मद असद, राकेश भट्ट, गजेंद्र मिश्रा, दिलीप नाग, आलोक मिश्रा व अन्य मौजूद थे।

## पाक के खिलाफ जीत में कोहली की ऐतिहासिक पारी का मुरीद हुआ खेल जगत

भाषा। नई दिल्ली

**मास्टर** ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर की अगुवाई में खेल जगत ने पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप में भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली की नाबाद 82 रनों की ऐतिहासिक पारी की तारीफ की। मेलबर्न क्रिकेट मैदान में 90,000 से अधिक दर्शकों के सामने कोहली ने विपरीत परिस्थितियों में 53 गेंदों में नाबाद 82 रन की खेल कर रविवार को भारत को चार विकेट की यादगार जीत दिलाई। तेंदुलकर और भारतीय टीम के पूर्व कप्तान एवं बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कोहली की पारी को अद्भुत करार दिया। तेंदुलकर ने ट्वीट किया: विराट कोहली, निस्संदेह यह आपके जीवन की सर्वश्रेष्ठ पारी थी। आपको खेलते हुए देखना सुखद था, 19वें ओवर में रऊफ़ के खिलाफ लॉन्ग ऑन पर बैकफुट पर छक्का शानदार था। इसे जारी रखें। गांगुली ने ईडन गार्डेंस में पत्रकारों से कहा : वह एक महान खिलाड़ी हैं। वह शतक से चूक गया लेकिन उसने शानदार पारी खेली है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मार्क वॉ ने कहा: मुझे नहीं लगता कि एमसीजी में हमने जो देखा है, उससे बेहतर टी20 मैच देखा होगा। दोनों टीमों ने कमाल का प्रदर्शन किया।

## गांगुली ने नाम वापस लिया, उनके बड़े भाई स्नेहाशीष का कैब अध्यक्ष चुना जाना तय

**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली रविवार को बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) के अध्यक्ष पद की दौड़ से हट गए जिससे उनके बड़े भाई स्नेहाशीष गांगुली का 31 अक्टूबर को वार्षिक आम बैठक में शीर्ष पद पर निर्विरोध चुने जाने का रास्ता साफ हो गया। गांगुली ने नामांकन के आखिरी दिन अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र नहीं भरा। उन्होंने ईडन गार्डेंस पर पत्रकारों से कहा, मैंने कहा था कि मैं तभी अपनी दावेदारी पेश करूंगा जब चुनाव होंगे। चुनाव नहीं हो रहे हैं और इसलिए सभी को निर्विरोध चुना जाएगा। बीसीसीआई का अध्यक्ष नहीं चुने जाने के बाद गांगुली ने एक सप्ताह पहले घोषणा की थी कि वह कैब प्रमुख के रूप में वापसी करने के लिए चुनाव लड़ेंगे। गांगुली ने कहा, अगर मैं चुनाव लड़ता तो फिर दो या उससे अधिक लोगों को कोई पद नहीं मिलता इसलिए मैं हट गया। मैं निर्विरोध चुना जाता लेकिन मुझे लगा कि यह सही नहीं है। वे (कैब पदाधिकारी) अगले तीन साल तक काम करेंगें और हम उसके बाद देखेंगे।



## जोहोर कप में दक्षिण अफ्रीका से हारी भारतीय जूनियर टीम

**जोहोर (मलेशिया)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को 10वें सुल्तान जोहोर कप हॉकी टूर्नामेंट के अपने दूसरे मैच में अच्छी शुरुआत के बावजूद रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका से 4-5 से हार का सामना करना पड़ा। भारत ने पहले दो क्वार्टर में ही 3-1 से बढ़त हासिल कर ली थी लेकिन इसके बाद वह लय बरकरार नहीं रख पाए। दूसरी तरफ दक्षिण अफ्रीका ने तीसरे और चौथे क्वार्टर में दो-दो गोल करके शानदार वापसी की। भारत के लिए शारदा नंद तिवारी ने दो (नौवें और दसवें मिनट) जबकि कप्तान उत्तम सिंह (17वें) और सुदीप चिरमाको (45 वें) ने एक एक गोल किया। दक्षिण अफ्रीका के लिए मार्विन सिमंस (सातवें), फवाज कादर (34वें), सेंजवेसिहले न्गुबाने (35वें) और कैमरून ले फॉरेस्टियर (49वें और 57वें) ने गोल किए। भारत अपना तीसरा मैच 25 अक्टूबर को जापान से खेलेगा।